खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :38°C
न्यूनतम : 24°C

हल्द्वानी, शुक्रवार 22 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 265 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 4 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी के कर्मचारियों-पेंशनरों को राहत, डीए 2 प्रतिशत बढ़ा पेज 2



हार्दिक पंड्या पर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना खेल टाइम्स



इबोला का डर: नजर रखें और सतर्क रहें सम्पादकीय



पाकिस्तान के जरिये अमेरिका का नया युद्ध विराम प्रस्ताव पेज 12

# कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स अकाउंट ब्लॉक

शाह आज़म राना

**नई दिल्ली।** छह दिन पहले बनी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के इंस्टाग्राम पर गुरुवार शाम 5 बजे तक 1.5 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं। यह देश की किसी भी पॉलिटिकल पार्टी से ज्यादा है।

इंस्टाग्राम पर कांग्रेस के 1.33 करोड़, भाजपा के 87 लाख, 'आप' के 19 लाख और सीपीआई (एम) के 2.35 लाख फॉलोअर्स हैं। सीजेआई सूर्यकांत के कॉकरोच वाले बयान के विरोध में बनी इस पार्टी के एक्स पर भी 1.93 लाख

COCKROACH JANTA PARTY

- **CJP ने नया अकाउंट बनाया**
- **इंस्टाग्राम पर 6 दिन में 1.5 करोड़ फॉलोअर्स**

से ज्यादा फॉलोअर्स हो चुके थे। हालांकि, एक्स अकाउंट गुरुवार करीब 12 बजे ब्लॉक हो गया। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि जैसी आशंका थी, वैसा ही हुआ। सीजेपी का एक्स अकाउंट भारत में बैन कर दिया गया है। एक्स के मुताबिक उसने भारत में स्थानीय नियमों, कोर्ट के आदेश या कानूनी शिकायत के आधार पर कार्रवाई की है। इसके बाद संगठन ने नया अकाउंट बना लिया। 15 मई को सीजेआई सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कुछ बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से की थी। इसके एक दिन बाद सीजेपी पार्टी बनाई गई थी।

# पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड हमजा मारा गया

**इस्लामाबाद।** पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड हमजा बुरहान की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अज्ञात बंदूकधारियों ने हत्या कर दी है। यह घटना मुजफ्फराबाद में हुई, जहां उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई गईं।

गोलियों से छलनी आतंकी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वह 2017 में यह कहकर पाकिस्तान गया था कि वह उच्च शिक्षा के लिए जा रहा है, लेकिन बाद में वह आतंकी संगठन अल-बद्र में शामिल हो गया और जल्दी ही कमांडर बन गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुजफ्फराबाद के एआईएसएस कॉलेज के बाहर हमजा की कार सड़क पर जाम में फंसी हुई थी, तभी हमलावरों ने उस पर कई गोलियां चलाईं,



- **पीओके के मुजफ्फराबाद में अज्ञात हमलावरों ने गोलिया बरसाईं**
- **गोलियों से छलनी आतंकी ने मौके पर ही दम तोड़ा**

जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर बाइक से आए थे और उन्होंने बुर्का पहन रखा था। अल-बद्र में शामिल होने के बाद वह कश्मीर लौटा। उस पर दक्षिण कश्मीर में युवाओं को कट्टरपंथ की ओर ले जाने और उन्हें आतंकी संगठनों में शामिल करने का आरोप था। उसका नेटवर्क मुख्य रूप से दक्षिण कश्मीर में सक्रिय था। हमजा बुरहान को केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में आतंकवादी घोषित किया था। रिपोर्ट्स की मानें, तो पाकिस्तान में हमजा अपनी पहचान छिपाने के लिए एक स्कूल में प्रिंसिपल के तौर पर काम कर रहा था। अपने लोगों के बीच वह डाक्टर के नाम से प्रसिद्ध था। हमजा ने कश्मीर में रहने के दौरान उसने पुलवामा से शोपियां तक अपना नेटवर्क फैलाया। उसकी मौत को पाकिस्तान स्थित आतंकी नेटवर्क के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वह उन प्रमुख लोगों में से था, जो जम्मू-कश्मीर में सक्रिय पाकिस्तान- आधारित आतंकी संगठनों के लिए काम करते थे। हमजा मारे गए आतंकियों अबू दुजाना, अबू कासिम, बुरहान वानी और जाकिर मूसा का करीबी सहयोगी था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुरहान का असली नाम अर्जुमंद गुलजार डार है। हमजा बुरहान पुलवामा के रत्नीपोरा का रहने वाला था। 2017 में पाकिस्तान जाकर हमजा आतंकवादी संगठन अल बद्र में शामिल हो गया। अल बद्र को भारत में एक आतंकी संगठन के तौर पर लिस्ट किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कैलाश मानसरोवर के लिए एक हजार यात्रियों का चयन

**नई दिल्ली।** पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए इस वर्ष एक हजार यात्रियों का चयन किया गया है। यह यात्रा जून में शुरू होकर अगस्त में संपन्न होगी। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 के यात्रियों के चयन के लिए कम्प्यूटरीकृत ड्रा किया। इस ड्रा में निष्पक्ष और कंप्यूटर-आधारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से एक हजार यात्रियों का चयन किया गया। चुने हुए यात्री लिपुलेख और नाथू ला दर्रे से होते हुए 20 बैचों में यात्रा करेंगे, जिनमें से प्रत्येक बैच में 50 यात्री होंगे। दोनों मार्ग अब मोटर चालन के लिए पूरी तरह से उपयुक्त हो गए हैं और इनमें बहुत कम ट्रैकिंग मार्ग शामिल है।

### ई-सिगरेट तस्करी पर कार्रवाई, 120 करोड़ रुपये का माल जब्त

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की एजेंसी राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में ई-सिगरेट की तस्करी करने वाले गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 120 करोड़ रुपये मूल्य की 3,00,000 ई-सिगरेट अथवा वेप्स जब्त की है। वित्त मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार डीआरआई ने प्रतिबंधित निकोटीन उत्पादों के अवैध आयात के विरुद्ध पिछले कुछ दिनों में इन राज्यों के कुछ बंदरगाहों, हवाई अड्डों और आईसीडी (सूचना नियंत्रण केंद्र) में चलाए गए अपने अभियान में व्यापक स्तर पर ई-सिगरेट (वेप) तस्करी के एक गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है।

### अभिषेक के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से हाईकोर्ट का इन्कार

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इन्कार कर दिया। यह मामला पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ टिप्पणी करने से जुड़ा है। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने याचिका को खारिज करते हुए श्री बनर्जी की कथित तौर पर की गई टिप्पणियों की गैर-जिम्मेदाराना प्रकृति पर सवाल उठाए।

# उप्र, मप्र व हरियाणा में मिस्र व सऊदी अरब जितनी गर्मी

## नौतपा से 4 दिन पहले ही 48 डिग्री पहुंचा पारा, यूपी में गर्मी से 8 छात्राएं बेहोश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 25 मई से नौतपा शुरू हो रहा है, लेकिन उससे पहले ही तापमान 48 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। यह आंकड़ा उत्तर प्रदेश के बांदा में रिकॉर्ड हुआ। तापमान के लिहाज से 20 मई को बांदा दुनिया का तीसरा सबसे गर्म शहर रहा। बांदा से ज्यादा तापमान केवल मिस्र के असवान में 49.4 डिग्री सेल्सियस और सऊदी अरब के अराफात में 48.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

दुनियाभर में सबसे ज्यादा तापमान वाले टॉप-5 शहरों में खजुराहो 47.4 डिग्री सेल्सियस के साथ चौथे नंबर पर रहा। इधर, बलरामपुर में भीषण गर्मी के कारण कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पढ़ाई के दौरान 8 छात्राएं बेहोश हो गईं। सभी को उल्टी, सिरदर्द और बेहोशी जैसी शिकायतें -शेष पृष्ठ दो पर



**बांदा से ज्यादा तापमान मिस्र के असवान में 49.4 डिग्री और सऊदी के अराफात में 48.4 डिग्री सेल्सियस रहा**

### दिल्ली में मई की सबसे गर्म रात, टूटा 15 साल का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मई महीने की अब तक की सबसे गर्म रात दर्ज की गई, जब न्यूनतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।यह पिछले लगभग 15 वर्षों में सबसे अधिक न्यूनतम तापमान है। इससे पहले 26 मई 2012 को न्यूनतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार सफदरजंग और लोधी रोड सहित कई स्टेशनों पर रात में गर्म मौसम की स्थिति रही। गर्म रात तब घोषित की जाती है, जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहता है और न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस अधिक होता है।

# बंगाल के सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना हुआ अनिवार्य

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** सरकार ने राज्य के अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के तहत आने वाले सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य कर दिया है। यह आदेश 19 मई को जारी किया गया।

जानकारी गुरुवार को सामने आई। सरकार के आदेश के मुताबिक, यह नियम सरकारी माडल मदरसों, सरकारी सहायता प्राप्त और बिना सहायता प्राप्त मदरसों पर तुरंत लागू होगा। नए आदेश के बाद अब क्लास शुरू होने से पहले सुबह की प्रार्थना सभा (असेंबली) में वंदे मातरम गाना जरूरी होगा। इससे पहले मदरसों में सुबह की प्रार्थना के दौरान राष्ट्रगान जन गण मन और कवि गुलाम मुस्तफा की अनंत असीम प्रेममय तुमी (बांग्ला गीत) गाया जाता था। अब सभी मदरसों को इस आदेश को लागू करने के बाद इसकी रिपोर्ट भी विभाग को सौंपनी होगी। 12 दिनों में बंगाल सरकार के 12 बड़े फैसले लिए हैं, जिनमें बीएसएफ को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन सौंपना- भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा मजबूत करने और बाड़ (फेंसिंग) लगाने के लिए बीएसएफ को 600 एकड़ जमीन 45 दिनों के भीतर दी जाएगी, जिससे सीमा से जुड़ा पुराना विवाद खत्म होगा। बंगाल में सीसीए की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, सीसीए के तहत आने वाले 7 समुदायों और 31 दिसम्बर 2024 तक भारत आए लोगों को नागरिकता कानून का लाभ मिलेगा। पुलिस उन्हें हिरासत में नहीं ले सकेगी।

- **राज्य में सीसीए लागू, BSF को फेंसिंग के लिए जमीन दी, 12 दिन में सरकार के 12 बड़े फैसले**

### आरजी कर केस: कलकत्ता हाईकोर्ट का सीबीआई को दोबारा जांच का आदेश

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने आरजीकर रेप-मर्डर केस को दबाने के आरोपों की जांच का आदेश दिया है। कोर्ट ने सीबीआई की 3 सदस्यीय एसआईटी बनाने का आदेश दिया। जिसकी अगुवाई सीबीआई के पूर्वी क्षेत्र के जॉइंट डायरेक्टर करेंगे। एसआईटी को 25 जून तक रिपोर्ट देनी होगी। हाईकोर्ट ने सीबीआई को उस रात के पूरे घटनाक्रम की दोबारा जांच करने को कहा है। साथ ही कोर्ट ने सीबीआई को जरूरत पड़ने पर किसी से भी पूछताछ करने की अनुमति दी है। कोर्ट ने यह आदेश पीड़ित के माता पिता की तरफ से लगाई याचिका पर दिया। पिछले साल 17 मार्च को पैरेंट्स ने सीबीआई पर केस की सही जांच नहीं करने और मामले को दबाने का आरोप लगाया था। सुप्रीम कोर्ट ने पेरेंट्स को कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की परमिशन दी थी। आरजी कर हॉस्पिटल में 8-9 अगस्त 2024 की रात ट्रेनी डाक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह डाक्टर की लाश सेमिनार हॉल में मिली थी। 20 जनवरी 2025 को सेशंस कोर्ट ने आरोपी संजय राय को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

# एयर इंडिया के विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया

**नई दिल्ली।** बंगलूरु हवाई अड्डे पर उतरते समय गुरुवार को एयर इंडिया के एक विमान में टेलस्ट्राइक की घटना हुई। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से आ रहा विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और चालक दल और यात्री सामान्य रूप से विमान से उतर गए।

दरअसल, टेकऑफ या लैंडिंग के दौरान जब विमान का पिछला हिस्सा रनवे के संपर्क में आता है, तब टेलस्ट्राइक की घटना होती है। टेलस्ट्राइक के बाद सभी विमानों की संरचनात्मक समस्याओं के लिए जांच की जाती है। इस विमान में कुल 181 यात्री सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि टेलस्ट्राइक की घटना के बाद एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2651, जो एक नैरो-बॉडी एयरबस ए321 है, उसको निरीक्षण के लिए रोक दिया गया है।

- **चालक दल सहित सभी यात्री सामान्य रूप से विमान से उतरे**

### नीट पेपर लीक केस में लातूर से डाक्टर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक में सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से एक डाक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि डा. मनोज शिरुरे ने बेटे के लिए आरसीसी कोचिंग के संचालक और आरोपी शिवराज मोटेगांवकर उर्फ 'एम सर' से गेस पेपर खरीदे थे। सीबीआई ने बुधवार को पुणे में पूछताछ के बाद अरेस्ट कर लिया। जानकारी गुरुवार को सामने आई है। इस मामले में किसी पेरेंट्स की यह पहली गिरफ्तारी है। नीट पेपर लीक में यह 11वीं गिरफ्तारी है।

# नैनीताल: भवाली के पास कार 200 मीटर खाई में गिरी

## दंपति व दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत, कार के परखच्चे उड़े

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भवाली में गुरुवार को एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की काफी भीड़ लग गई। सभी लोगों ने मृतकों को खाई से बाहर निकालने में हर संभव मदद की।

गुरुवार को भवाली सेनिटोरियम के रातीघाट बाईपास में यूपी नंबर की एक कार ढैला गांव के समीप अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में मूल रूप से खटीमा निवासी पति-पत्नी और उनके दो बच्चों समेत यूपी के लखनऊ निवासी चालक शामिल था। जानकारी के मुताबिक इलेक्ट्रिक महिंद्रा कार (यूपी-32-क्यूक्यू 1874) ढैला गांव से कुछ दूर पहले अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। वाहन में सवार पांच लोगों की मौके पर ही -शेष पृष्ठ दो पर



- **राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर जताया दुख**

# मंत्री पद की शपथ लेते हुए विधायक बोले 'राहुल गांधी जिंदाबाद'

चेन्नई, वार्ता

**तमिलनाडु में** विजय सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में गुरुवार को फिर विवाद हो गया। कांग्रेसी विधायक राजेश कुमार ने शपथ के दौरान 'कामराज अमर रहें', 'राजीव गांधी अमर रहें' और 'जननायक राहुल गांधी जिंदाबाद' कहा। इस पर गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने टोक दिया। गवर्नर ने कहा कि ये आपकी शपथ का हिस्सा नहीं है।

वहीं, दूसरा विवाद तमिल गीत बजाने को लेकर भी हुआ। समारोह में तमिलनाडु का राज्य गीत 'तमिल थाई वाल्थु' सबसे आखिर में बजाया गया। पिछली सरकारों में ये हमेशा पहले बजाया जाता था। तमिलनाडु में सीएम विजय की कैबिनेट का विस्तार हुआ, जिसमें 23 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें दो कांग्रेस के विधायक भी शामिल हैं। किलियूर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक दल के नेता एस. राजेश कुमार ने मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने 'कामराज अमर रहें', 'भारत रत्न राजीव गांधी अमर रहें' और 'जननायक राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाए। इस पर राज्यपाल ने मुस्कुराते हुए कहा कि 'यह आपकी शपथ का हिस्सा नहीं है।' राजेश कुमार भी मुस्कुराए और इसके बाद शपथ दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने चले गए। तमिलनाडु में परंपरा के मुताबिक सरकारी कार्यक्रमों में 'तमिल थाई वाल्थु' पहले बजाया जाता रहा है। अब क्रम बदल गया है। शपथ समारोह की शुरुआत में सबसे पहले राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' और फिर राष्ट्रगान 'जन गण मन' बजाया गया। सबसे आखिर में तमिलनाडु का राज्य गीत 'तमिल थाई वल्थु' बजाया गया।



- **तमिलनाडु में मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान कांग्रेसी विधायक राजेश कुमार को राज्यपाल ने बीच में ही टोका**

# सियासी फैसले की आलोचना करना उल्लंघन नहीं: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

न्यायमूर्ति सुब्रह्मण्यम प्रसाद की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। अदालत ने कहा कि राजनीतिक फैसलों की आलोचना व्यक्तिगत अधिकारों का उल्लंघन नहीं है। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में मानहानि का मुकदमा दर्ज किया जा सकता है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी बदलना एक सार्वजनिक फैसला है। अदालत ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से बने वीडियो पर भी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि यदि इन वीडियो पर आपत्ति है, तो विशेष याचिका दाखिल करें। व्यापक रोक लगाने की मांग नहीं की जा सकती।

- **सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के बाद कोर्ट पहुंचे थे राघव चड्ढा**

### संक्षिप्त समाचार

#### प्रधानमंत्री मोदी ने राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने आज एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। श्री राजीव गांधी 1984 से 1989 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। 21 मई, 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में एक चुनावी अभियान के दौरान लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) द्वारा किए गए एक आत्मघाती हमले में उनकी मौत हो गई थी। इस अवसर पर विभिन्न दलों के नेताओं ने भी श्री राजीव गांधी को याद किया और देश के विकास तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं में उनके योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

#### सोनिया, खड़गे, राहुल, प्रियंका ने राजीव को किया नमन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कई नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को यहां उनके समाधि स्थल वीर भूमि जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। खड़गे ने कहा कि भारत रत्न राजीव गांधी ने दूरदृष्टि, साहस और भारत के भविष्य में गहरी आस्था के साथ देश को 21वीं सदी की ओर अग्रसर करने की मजबूत नींव रखी। उनके कार्यकाल में मतदान की आयु 18 वर्ष करना, पंचायती राज के माध्यम से स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाना, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति की शुरुआत, कंप्यूटरीकरण को बढ़ावा दिया।

## यूपी के कर्मचारियों के लिए योगी सरकार ने दी खुशखबरी
# कर्मियों व पेंशनर्स का महंगाई भत्ता बढ़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ एक जनवरी 2026 से लागू होगा बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत इजाफा करने की घोषणा की है। वित्त विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी दीपक कुमार ने गुरुवार को इसको लेकर आदेश जारी किया। वैश्विक संकट की वजह से पेट्रोल-डीजल और दूध के दामों में बढ़ोतरी हुई है।

योगी सरकार के फैसले का लाभ राज्य के लाखों कर्मचारियों और पेंशनर्स को होगा। आदेश के मुताबिक बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता 1 जनवरी 2026 से लागू होगा। इस संदर्भ में जारी शासनादेश में कहा गया है कि 1 जनवरी 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक की बकाया धनराशि सीधे संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के भविष्य निधि (जीपीएफ) खाते में जमा की जाएगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अवशेष राशि जमा करने से पहले उस पर देय आयकर और सरचार्ज की कटौती की जाएगी। यह प्रक्रिया वित्त विभाग के 21 मार्च 2023 के शासनादेश में निर्धारित सीमा के तहत पूरी की जाएगी। शासनादेश के अनुसार जीपीएफ खाते में जमा बकाया राशि 1 मई 2027 तक खाते में ही रहेगी और कर्मचारी इसे उससे पहले नहीं निकाल सकेंगे। हालांकि जिन मामलों में भविष्य निधि नियमों के तहत अंतिम प्रत्याहरण (फाइनल विदड्राल) की अनुमति होगी, वहां यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। सरकार ने यह भी कहा है कि जो अधिकारी या कर्मचारी भविष्य निधि खाते के सदस्य नहीं हैं, उनकी अवशेष धनराशि पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) में जमा कराई जाएगी या फिर नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (एनएससी) के रूप में दी जाएगी। यदि किसी राशि के बराबर एनएससी उपलब्ध नहीं हो सकेगा, तो उस हिस्से का भुगतान नकद किया जाएगा। शासनादेश में कहा गया है कि राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से आच्छादित अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अलग व्यवस्था की गई है।

### जीबीसी 5.0 से आएंगे सात लाख करोड़ हर जिले में निवेश का खाका तैयार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जीबीसी 5.0 के माध्यम से सात लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जनपद में निवेश सुनिश्चित किया जाए और जिलों की प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। जीबीसी 5.0 का लाभ प्रदेश के सभी जिलों को मिलना चाहिए। जनपदों की प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देना जरूरी है।

# मौसम की अग्नि परीक्षा अभी रहेगी जारी, पूरब में रेड अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ गर्मी के तल्ख तेवरों से सामान्य जन जीवन बुरी तरह प्रभावित, पशु पक्षी भी हो रहे बेहाल

**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी और ताप लहरी का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश के लोगों को राहत मिलने के फिलहाल कोई आसार नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहेगा।

पूर्वांचल के लिए मौसम विभाग ने गुरुवार को विशेष तौर पर रेड अलर्ट जारी कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने और सुबह 11 बजे से शाम पांच तक जरुरी काम से ही घर या दफ्तर से बाहर निकलने की सलाह दी है। गर्मी के तल्ख तेवरों ने सामान्य जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। गर्मी से पशु पक्षी भी बेहाल हैं। दिन चढ़ने के साथ पक्षी पेड़ की घनी शाखाओं में दुबक रहे हैं वहीं सड़कों पर सुबह से शाम तक पसरा सन्नाटा गर्मी के प्रचंड रुप की तस्कीद कर रहा है। लू से बचने के लिए लोग घर से बाहर निकलते ही गीले गमछे और तौलिए का इस्तेमाल कर रहे है। इसके अलावा ठंडे शीतल पेय जैसे लस्सी, छाछ, आम का पना, बेल का शरबत, गन्ने का रस और कई प्रकार के कोल्ड ड्रिक्स की मांग तेजी से बढ़ी है। हर सौ कदम पर लोगों को इन पेय पदार्थों की जरुरत महसूस हो रही है। प्राणि उद्यान और अन्य संरक्षित वन्यजीव क्षेत्रों में जानवरों को गर्मी से बचाने के विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। कहीं कूलर तो कहीं पानी की बौछार कर वन्य जीवों को राहत प्रदान की जा रही है। गर्मी के प्रकोप को देखते हुए कई जिलों में नगर निकायों ने सड़कों पर पानी की बौछार करने, पेयजल की टंकियों को ट्रैक्टर ट्राली भेजने के प्रबंध किए हैं। नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ समेत कई इलाको में प्रतिष्ठित कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को वर्क फाम होम की इजाजत दी है। गर्मी के कारण विद्युत मांग में करीब डेढ़ गुने का इजाफा होने से बिजली विभाग हतप्रभ है। एयर कंडीशनर के बेतहाशा इस्तेमाल ने इस समस्या को और विकराल बना दिया है। ट्रांसफार्मरों की ओवर हीटिग से बचाने के लिए अधि. संख्य इलाकों में सुबह से शाम तक अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। मौसम विभाग ने समूचे उत्तर प्रदेश में रात में भी तापमान बढ़ने और लू चलने के आसार व्यक्त किए गए है। बुधवार को बांदा लगातार चौथे दिन देश का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधि. कतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। प्रदेश के अधिसंख्य जिलों में पारा आमतौर पर सामान्य से चार डिग्री अधिक दर्ज किया गया। प्रयागराज में अधिकतम तापमान 46.4, हमीरपुर में 46.2 डिग्री, झांसी 45.9 डिग्री, आगरा में 45.3 डिग्री और उरई में 45.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसके अलावा राजधानी लखनऊ 43.2 डिग्री तापमान में तपी जबकि कानपुर में दिन का तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम के तल्ख तेवरों को देखते हुए राज्य के अधिसंख्य इलाकों में कक्षा 12 तक की कक्षाएं स्थगित कर दी गई है। पूर्वानुमान के अनुसार अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना है।

# भाषणों से अपना असली चेहरा दिखा रहे राहुल: गोयल

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गद्दार कहे जाने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया है और कहा है कि वह अपने शब्दों और भाषणों के ज़रिए बार-बार अपना असली स्वभाव और चरित्र दिखा रहे हैं।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज मैं आपके सामने एक बहुत ही महत्वपूर्ण कूटनीतिक यात्रा को उजागर करने के लिए उपस्थित हूं, जिसे श्री मोदी ने आज पूरा किया है। पांच दिनों में पांच देशों की यात्रा के दौरान जिस तरह से भारत ने अपनी छाप छोड़ी, जिस गर्मजोशी के साथ प्रधानमंत्री का उन सभी पांच राष्ट्रों में विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान स्वागत किया गया, भारतीय प्रवासियों द्वारा उन्हें जो सम्मान दिया गया और भारत को मिले तीन अंतर्राष्ट्रीय सम्मान, जिनमें दो देशों और खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा प्रधानमंत्री को सम्मानित किया गया, वह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है।यह केवल कूटनीतिक और राजनीतिक मंच पर की गई एक अंतर्राष्ट्रीय यात्रा मात्र नहीं थी। इस दौरान उन्होंने श्री गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ पूरी दुनिया भारत और प्रधानमंत्री की ओर बहुत भरोसे के साथ देखती है।

# यूपी में नौ आईपीएस अफसरों के तबादले
## चार एडीजी रैंक के अधिकारियों को डीजी बनाया

**लखनऊ, वार्ता**




■ जय नरायन सिंह बने डीजी ईओडब्लू
■ आलोक सिंह पीएसी के नए डीजी

उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के नौ वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले कर दिए। शासन ने 1994 बैच के तीन वरिष्ठ डीजी रैंक के अधिक. ारियों समेत एडीजी स्तर के अधिकारियों को नई तैनाती दी है।

जय नरायन सिंह पुलिस महानिदेशक/एडीजी, यूपी पॉवर कॉरपोरेशन लि. से हटाकर पुलिस महानिदेशक, आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन लखनऊ बनाया गया। ध्रुव कान्त ठाकुर डीजी नागरिक सुरक्षा व विशेष सुरक्षा बल के अतिरिक्त प्रभार से हटाकर पुलिस महानिद. ेशक, होमगार्ड, लखनऊ बनाया गया। साथ में डीजी नागरिक सुरक्षा का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। बिनोद कुमार सिंह को डीजी सीआईडी व साइबर क्राइम के अतिरिक्त प्रभार से हटाकर अब डीजी सीआईडी के साथ डीजी साइबर क्राइम व डीजी यूपी-112 का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

आलोक सिंह को एडीजी कानपुर जोन से हटाकर डीजी, पीएसी मुख्यालय लखनऊ बनाया गया। साथ में डीजी विशेष सुरक्षा बल का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ को एडीजी आगरा जोन से हटाकर एडीजी कानपुर जोन, कानपुर भेजी गई, जबकि ए. सतीश गणेश को एडीजी यातायात एवं सड़क सुरक्षा से अब उन्हें एडीजी अपराध का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। डॉ. आरके स्वर्णकार को एडीजी पीएसी मुख्यालय से हटाकर एडीजी, यूपी पॉवर कॉरपोरेशन लि- लखनऊ बनाया गया है। श्री एसके भगत एडीजी अपराध से हटाकर एडीजी आगरा जोन, आगरा की जिम्मेदारी दी गई। श्रीमती गीता सिंह को पुलिस महानिरीक्षक, अभियोजन से हटाकर पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण निदेशालय, लखनऊ बनाया गया है।

**काम कोर्स उदास क्यों?**
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75183.36 |
| निफ्टी | 23654.70 |
| सोना | 159900 प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 271974 प्रति किलो |

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लुढ़का सेंसेक्स

**मुंबई, वार्ता**



बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों में दोपहर बाद बिकवाली बढ़ने से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक शुरुआती तेजी के बाद अंत में लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कारोबार की समाप्ति पर 135.03 अंक (0.18 प्रतिशत) की गिरावट में 75,183.36 अंक पर रहा। सुबह 627 अंक चढ़ने के बाद दोपहर में यह 323 अंक तक टूट गया था।

इस प्रकार इसमें करीब 950 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी-50 सूचकांक का ग्राफ भी ऐसा ही रहा और यह अंत में 4.30 अंक यानी 0.02 प्रतिशत नीचे 23,654.70 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार में कुल मिलाकर निवेश धारणा मजबूत रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.26 प्रतिशत गिर गया, जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत ऊपर रहा। आईटी, बैंकिंग, वित्त और एफएमसीजी सेक्टरों पर बिकवाली का दबाव रहा। रियलटी, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों में तेजी देखी गई। एनएसई में जिन 3,381 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 1,908 के शेयरों में तेजी और 1,373 में गिरावट रही। अन्य 100 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयरों में गिरावट रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 1.74 प्रतिशत टूट गया। हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.37, टेक महिंद्रा में 1.36, इंफोसिस में 1.27, बजाज फिनसर्व में 1.15 और भारती एयरटेल में 1.05 प्रतिशत की गिरावट रही।

एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन और इटरनल के शेयर भी लाल निशान में रहे। इंडिगो का शेयर 3.25 प्रतिशत चढ़ा। बीईएल में 1.77 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.75 प्रतिशत और अडानी पोर्ट्स में 1.12 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी और एक्सिस बैंक के शेयर भी ऊपर बंद हुए।

## सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी दोनों के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई है। 21 मई की सुबह सोना 500 रुपये से ज्यादा लुढ़ककर नीचे आया ह, तो चांदी भी 2300 रुपये सस्ती हुई है।

एमसीएक्स पर आज सोना 1,59,900 रुपये पर खुला।. इसी तरह चांदी भी आज 2,291 रुपये की गिरावट के साथ 2,71,974 रुपये तक फिसली। देश के महानगरों नई ई दिल्ली में 10 ग्राम 24 कैरट सोने का भाव 1,53,460 , मुंबई में 1,53,460, कोलकाता में 1,58,350, चेन्नई में 1,60,520, अहमदाबाद मे 1,58,410 और लखनऊ में 1,53,460 रुपये रहा। कल तो सोने के भाव बढ़ गया था, लेकिन चांदी स्थिर थी।चांदी का रेट परसों से ही एक ही जगह पर था।

## चावल नरम, गेहूं मजबूत, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-चढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। वहीं गेहूं में मजबूती देखी गई। चीनी के भाव में टिकाव रहा जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये घटकर 3,857 रुपये प्रति क्विटंल रह गई।

गेहूं 10 रुपये की तेजी के साथ 2,784 रुपये प्रति क्विटंल बोला गया। आटा नौ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल की औसत कीमत 11 रुपये और मूंग दाल की छह रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। तुअर दाल का भाव 27 रुपये और उड़द दाल का पांच रुपये टूट गया। मसूर दाल दो रुपये प्रति क्विटंल सस्ती हुई।

मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 126 रिंगिट गिरकर 4,457 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.23 प्रतिशत की नरमी के साथ 74.49 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 11 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। सरसों तेल का भाव 38 रुपये और सोया तेल का 31 रुपये उतर गया।

मूंगफली तेल 15 रुपये और सूरजमुखी तेल 11 रुपये टूट गया। वनस्पति तीन रुपये सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विटंल घट गया जबकि चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7670.57 रुपये, मसूर काली 8112.44 रुपये, मूंग दाल 10161.14 रुपये, उड़द दाल 10831.97 रुपये, तुअर दाल 11244.49 रुपये प्रति क्विंटल रही।

**स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है**
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उप्र, मप्र व...** थीं। इनका इलाज चल रहा है। बुधवार को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, ओडिशा और महाराष्ट्र के 16 शहरों में भी तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। महाराष्ट्र के वर्धा में 47.1 डिग्री सेल्सियस, हरियाणा के रोहतक में 46.9 डिग्री सेल्सियस, महाराष्ट्र के नागपुर में 46.6 डिग्री सेल्सियस और मध्य प्रदेश के नौगांव में भी पारा 46.6डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बांदा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के मौसम वैज्ञानिक डा. दिनेश के मुताबिक देश में बांदा में सबसे ज्यादा तापमान होने के पीछे मुख्य कारण इसका कर्क रेखा के नजदीक होना है। इसके अलावा सीधी धूप, साफ आसमान, मिट्टी में नमी की कमी वाला पठारी इलाका, सूखती नदियां, जंगलों की कटाई और खनन शामिल हैं। दुनिया का सबसे ज्यादा तापमान 10 जुलाई 1913 को अमेरिका की डेथ वैली में रिकॉर्ड किया गया था। वहां 56.7 डिग्री सेल्सियस तापमान था। दुनिया की सबसे गर्म जगहों में ईरान के रेगिस्तान दश्त-ए-लुट का नाम शामिल है। 2005 में यहां जमीन की सतह का तापमान लगभग 70.7 डिग्री सेल्सियस तक रिकॉर्ड हुआ था। भारत में आधिक. ारिक सबसे ज्यादा तापमान 51.0 डिग्री सेल्सियस फलोदी में 19 मई 2016 को रिकॉर्ड किया गया था। मानसून का आगे बढ़ना भी रुक गया है। फिलहाल वह तीन दिन से एक ही स्थान अंडमान-निकोबार और कोल. ंबो के आसपास अटका हुआ है। इसे आगे बढ़ने के लिए कोई भी ताकत नहीं मिल रही है। मौसम विभाग ने बताया कि गुरुवार से पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में मौसम बदलने लगेगा। अरुणाचल, असम, मेघालय में कुछ जगह भारी से भारी बारिश की चेतावनी है, जबकि तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल, लक्षद्वीप, कर्नाटक के कुछ हिस्सों में 24 मई तक बारिश का अच्छा दौर रह सकता है। बाकी देश तपता रहेगा।

**नैनीताल...** मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त खटीमा मेन बाजार निवासी भूपेंद्र सिंह चुफाल (48) उनकी पत्नी सीमा कैड़ा चुफाल (45) बेटा वासु चुफाल (19) और बेटी रावी (12) के रूप में हुई वहीं वाहन चालक अनुज कुमार मिश्रा (34) पुत्र दया सागर मिश्रा निवासी अफसर नगर एलपीजी गोदाम आलम नगर लखनऊ की भी दुर्घटना में मृत्यु हो गई। लोगों के मुताबिक हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। एक महिला और एक पुरुष का शव क्षतिग्रस्त वाहन से निकाला गया। जानकारी के अनुसार भूपेंद्र सिंह एक निजी मेडिकल कंपनी में लखनऊ में सीईओ थे। बीरवार को वह अपनी कार में सवार होकर अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ भवाली गांव स्थित रिश्तेदार राज. ेश रावत के रिजॉर्ट की तरफ जा रहे थे, लेकिन रिजॉर्ट पहुंचने से करीब चार किमी पहले ही एक मोड़ पर कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूबे के राज्यपाल ले. जनरल गुरुमीत सिंह (सेनि.) ने भी वाहन दुर्घटना में मृतकों के प्रति गहरा दुख जताया है। राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। मौके पर एसपी क्राइम नैनीताल डा. जगद. ीश चंद्रा, सीओ रविकांत सेमवाल तथा कोतवाल प्रकाश मेहरा, एसआई आरिफ खान समेत एसआई मनोज भाकुनी, हैड कांस्टेबल महेंद्र सिंह, कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार, एफएम नितेश खेतवाल, कांस्टेबल सतीश पांडे, होमगार्ड रोहित कुमार समेत लखन सिंह व जीवन सिंह ने शवों को खाई से निकालने में मदद की।

# आर्थिक नीति में व्यापक बदलाव जरूरी: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ बिगड़ती अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए की मांग

कांग्रेस ने कहा है कि कमजोर निवेश माहौल और बिगड़ती आर्थिक स्थिति को देखते हुए देश की अर्थव्यवस्था में सुधार जरूरी है और इसके लिए आर्थिक नीति में तत्काल व्यापक बदलाव करने की महती आवश्यकता है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर माहौल इतना खराब हो गया है कि सरकार के समर्थक भी अब सार्वजनिक रूप से चिंता व्यक्त करने लगे हैं। उन्होंने दावा किया कि मुद्रास्फीति के अनुमान तेजी से बढ़ रहे हैं, जबकि आर्थिक विकास दर के अनुमान घट रहे हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में गिरावट जारी है और आपूर्ति श्रंखला के कुप्रबंधन की स्थिति ऐसी हो गई है कि प्रधानमंत्री को खुद उपभोक्ताओं से खपत कम करने की अपील करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से इन मुद्दों को उठाती रही है और इनमें सबसे महत्वपूर्ण कमजोर निवेश माहौल है। उनका कहना था कि निजी निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि के बिना आर्थिक विकास को तेज और टिकाऊ नहीं बनाया जा सकता, लेकिन वास्तविक मजदूरी में ठहराव, उपभोक्ता मांग में कमी, नीतिगत अस्थिरता, कर नोटिस, छापों और जांच एजेंसियों के दबाव के कारण निवेश का माहौल प्रभावित हुआ है। रमेश ने आरोप लगाया कि चीन से सस्ते आयात की 'डंपिग' ने विनिर्माण क्षेत्र को नुकसान पहुंचाया है तथा सरकार समर्थित कारोबारी एकाधिकार और 'चंदा लो, धंधा दो' की संस्कृति ने स्वतंत्र निवेश की भावना को कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट कर दरें रिकॉर्ड निचले स्तर पर हैं और कंपनियों की कमाई बढ़ रही है, लेकिन निवेश में गति नहीं दिख रही है जबकि कई बड़े निवेशक विदेशों में निवेश कर रहे हैं।

### हाथरस कांड की दोबारा हो जांच, कार्रवाई नहीं होने का जवाब दे सरकार : लाम्बा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश के हाथरस सामूहिक दुष्कर्म मामले पर बनी डॉक्यूमेंट्री में कई तथ्य और सबूत सामने आए हैं, लेकिन अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, इसलिए पूरे प्रकरण की दोबारा जांच कराई जानी चाहिए। महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लाम्बा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हाथरस में 14 सितम्बर 2020 को एक दलित युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी और 29 सितम्बर को उसकी मृत्यु हो गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि 30 सितम्बर की आधी रात पुलिस ने परिवार की सहमति के बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया, जिससे पूरे मामले पर गंभीर सवाल खड़े हुए। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन ने पीड़ित परिवार की एक नहीं सुनी तथा परिवार के सदस्यों को कथित रूप से घर में सीमित कर दिया गया और बेटी का चेहरा तक नहीं देखने दिया गया।

## कठुआ जिले में ड्रग माफिया के खिलाफ अभियान

**जम्मू।** कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को कठुआ जिले में ड्रग माफिया के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत यहां जेल में बंद एक कैदी की अचल संपत्ति ज़ब्त कर ली।

पुलिस ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई कठुआ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मोहिता शर्मा और अन्य अधिका. रियों के निर्देशों के तहत पूरी की गई। अभियान के दौरान छह कनाल 18 मरला ज़मीन और बेसमेंट वाले एक मंज़िला रिहायशी मकान (जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग सात करोड़ रुपये है) वाली अचल संपत्ति को ज़ब्त किया गया। यह संपत्ति पीआईटी-एनडीपीएस के तहत हिरासत में लिए गए एक कैदी हरपाल सिंह उर्फ बलोची की थी, जो वार्ड नंबर 13, तहसील और जिला कठुआ का रहने वाला है।

# एसआईआरः आवासीय सोसायटी और मोहल्लों में लगेंगे विशेष शिविर

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ली एसआईआर को लेकर जिलाधिकारियों की बैठक

- फील्ड विजिट के दौरान आईडी कार्ड पहनकर ही जाएं बीएलओः सीईओ,
- बीएलए नियुक्त करने को लेकर राजनैतिक दलों से पुनः बैठक करें डीएमः सीईओ



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.बी.वी.आर. सी. पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में गुरुवार को आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के ॠष्टिगत सचिवालय में सभी जनपदों के जिलाधिकारियों, ईआरओ, एईआरओ के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माधयम से बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी एसआईआर को लेकर जनपदों की तैयारियों और प्रशिक्षण को लेकर विस्तृत जानकारी ली। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन जनपदों में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की तैनाती शत प्रतिशत नहीं हुई है वहां जिलाधिकारी तत्काल राजनैतिक दलों से इस सम्बंध में बैठक कर बीएलए की तैनाती करवाएं। इसके अतरिक्त जहां बीएलए की तैनाती हो गई है वहां बीएलए का भी प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए जिन जनपदों में बड़ी आवासीय सोसायटीज हैं वहां नोडल अफसर तैनात कर कैंम्प लगाने हेतु रोस्टर तैयार किए जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि बीएलओ हाउस टू हाउस विजिट के दौरान अनिवार्य रुप से ईसीआई का आईडी कार्ड पहनकर ही क्षेत्र में जाए। बैठक में प्रशिक्षण मॉडयूल का भी विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जनपदों के गणना प्रपत्र के प्रिंटिंग, लॉजिस्टिक एवं डिस्टिव्यूशन प्लान का भी फीडबैक लिया। इस दौरान अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश चन्द्र दुम्का, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री मस्तू दास सहित सभी जनपदों के जिलाधिकारी वर्चुअल रुप से जुड़े रहे।

# अगले 24 घंटे भारी, दून समेत 6 जिलों में 'हीट वेव' का अलर्ट

**देहरादून।** उत्तराखंड में सूरज के तीखे तेवरों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। प्रदेश में लगातार बढ़ रहे तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटों के लिए श्हीट वेवश (लू) का अलर्ट जारी किया है। मैदानी जिलों में पारा 40 डिग्री और पर्वतीय क्षेत्रों में 30 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की संभावना है। बढ़ते खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। डॉक्टरों ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को बेहद सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग के निदेशक सी.एस. तोमर के अनुसार देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उधम सिंह नगर, नैनीताल और उत्तरकाशी के कुछ क्षेत्रों में तापमान में भारी बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। राजधानी देहरादून में बुधवार सुबह से ही भीषण गर्मी का असर देखा गया, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों और चिकित्सा इकाइयों को हर स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. झा ने आम जनता से अपील की है कि दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। अगर बाहर जाना बेहद जरूरी हो, तो सिर को छाते या सूती कपड़े से ढककर रखें और चेहरे पर मास्क या कपड़ा जरूर लगाएं। उन्होंने शरीर में पानी की कमी न होने देने के लिए दिनभर पर्याप्त पानी, नींबू पानी, जलजीरा, नारियल पानी और तरबूज जैसे पानी युक्त फलों के सेवन की सलाह दी है। चिकित्सकों के अनुसार, अगर हीट वेव के दौरान चक्कर आना, तेज सिरदर्द, उल्टी, तेज बुखार या बेहोशी जैसे लक्षण दिखें, तो इसे मामूली थकान न समझें। यह श्हीट स्ट्रोकश हो सकता है। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल से संपर्क करें, क्योंकि छोटी सी लापरवाही भी गंभीर स्वास्थ्य समस्या का कारण बन सकती है।

# सीएम ने विकास योजनाओं के लिए दी 29.10 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति



- प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अवस्थापना विकास, पेयजल व्यवस्था तथा जनसुविधाओं के विकास से संबंधित योजनाओं को मिलेगी रफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अवस्थापना विकास, पेयजल व्यवस्था तथा जनसुविधाओं के विकास से संबंधित योजनाओं के लिए 29.10 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल सके। मुख्यमंत्री ने आवास विभाग के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के नीलकंठ में बहुमंजिला पार्किंग निर्माण कार्य हेतु 48.82 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के साथ ही प्रथम किश्त के रूप में 19.53 करोड़, जनपद अल्मोड़ा में विधानसभा सोमेश्वर के अन्तर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं ग्राम सभाओं में सुचारू पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु 38 इण्डिया मार्क-सेकंड हैण्डपम्प स्थापित किये जाने हेतु 1.36 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में 50 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद टिहरी गढ़वाल की हिण्डोलाखाल पम्पिंग पेयजल योजना के अन्तर्गत विद्युत यांत्रिक कार्य हेतु ऊर्जा दक्ष पम्पों के क्रय की योजना के लिए 9.73 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रथम किश्त के रूप में 3.89 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। मुख्यमंत्री ने नगर निगम पिथौरागढ़ क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नेडा बस्ते में देवभूमि रजत जयंती पार्क निर्माण कार्य हेतु 9.81 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में 1.97 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति के साथ ही कुम्भ मेला-2027 के अन्तर्गत पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम द्वारा प्रस्तावित अस्थायी प्रकृति के 10 मरम्मत कार्यों हेतु 3.21 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, अवस्थापना सुविधाओं के साथ जनसुविधाओं के विकास के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है।विकास योजनाओं के समय पर क्रियान्वयन होने से प्रदेश की जनता को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा तथा क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।

# सूचना विभाग में 70 किलोवाट सोलर प्लांट से बिजली बिल में भारी कमी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में प्रदेश में हरित ऊर्जा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव दिख रहे हैं। देहरादून स्थित उत्तराखंड सूचना एवं लोक संपर्क विभाग ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अपने रिंग रोड, 6 नंबर पुलिया, रायपुर स्थित मुख्यालय में 70 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित किया है। इस पहल का सकारात्मक प्रभाव पहले ही महीने में दिखाई दिया, जब अप्रैल 2026 में विभाग का बिजली बिल घटकर मात्र 1700 रह गया। पूर्व में विभाग को कमर्शियल टैरिफ के तहत प्रतिमाह लगभग 1 लाख 20 हजार बिजली बिल के रूप में भुगतान करना पड़ता था। यह सोलर पावर प्लांट उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अधिकरण (उरेडा) द्वारा विशेष व्यवस्था के तहत विभाग में निरूशुल्क स्थापित किया गया है। उत्पादित बिजली को उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड से जोड़ा गया है, जिससे निर्बाध एवं स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। मुख्यमंत्री धामी के निर्देशों के क्रम में यह पहल ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

**राज्य में मील का पत्थर साबित हो रही मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना व प्रधानमंत्री सौर स्वरोजगार योजना : तिवारी**

महानिदेशक सूचना एवं लोक संपर्क विभाग बंशीधर तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने एवं सरकारी विभागों में इसके अधिकतम उपयोग के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना तथा प्रधानमंत्री सौर स्वरोजगार योजना राज्य में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि पिछले चार वर्षों में उत्तराखंड में सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन 1000 मेगावाट की सीमा को पार कर चुका है। सूचना विभाग के निदेशालय में स्थापित 70 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर प्लांट इसी दिशा में एक प्रभावी पहल है।

# वनाग्नि बुझाते समय युवक की मौत, परिवार को 15 लाख सहायता का लिखित आश्वासन

**गोपेश्वर।** बिरही क्षेत्र के जंगलों में आग बुझाने के दौरान पाखी गांव निवासी राजेन्द्र सिंह की मौत के बाद वन विभाग ने मृतक परिवार को आर्थिक सहायता देने का लिखित आश्वासन दिया है। बदरीनाथ वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी सर्वेश दुबे की ओर से जारी पत्र में मृतक की पत्नी दीपा देवी को सहायता राशि उपलब्ध कराने की बात कही गई है।

जारी पत्र के अनुसार प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखंड से वार्ता और अनुरोध के बाद निर्णय लिया गया कि 20 मई को चमोली रेंज में वनाग्नि बुझाते समय आकस्मिक दुर्घटना में जान गंवाने वाले राजेन्द्र सिंह के परिवार को आर्थिक सहयोग दिया जाएगा। इसके तहत उत्तराखंड वन परिवार की ओर से एक दिन का वेतन मृतक परिवार को दिया जाएगा। यह सहायता राशि न्यूनतम 15 लाख रुपये होगी। पत्र में कहा गया है कि यह धनराशि कर्मचारियों के वेतन से कटौती कर एकत्रित की जाएगी और 30 जून तक मृतक राजेन्द्र सिंह की पत्नी दीपा देवी के खाते में जमा करा दी जाएगी। गौरतलब है कि बिरही के जंगलों में लगी आग बुझाने के दौरान पाखी गांव निवासी राजेन्द्र सिंह गंभीर रूप से झुलस गए थे, जिनकी बाद में मौत हो गई थी।

# मर्डर केस का खुलासा, पश्चिमी यूपी का कुख्यात शार्प शूटर जैकी गिरफ्तार

- प्रॉपर्टी के लालच में सौतेले भाई ने ही दी थी अजय बटेजा की सुपारी, प्रेमिका के साथ मिलकर तकिये से घोंटा था दम



**देहरादून।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में दून पुलिस को 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। राजपुर थाना पुलिस ने करीब एक साल पहले जाखन में हुई अजय बटेजा की अंधी हत्या (ब्लाइंड मर्डर) का पर्दाफाश करते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुख्यात शार्प शूटर और सुपारी किलर राजन उर्फ जैकी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि मृतक के सौतेले भाई ने ही करोड़ों की प्रॉपर्टी के विवाद में जैकी को भाई की हत्या की सुपारी दी थी। इस वारदात को अंजाम देने के लिए शूटर ने अपनी प्रेमिका का सहारा लिया था।

पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त जैकी ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। जैकी ने बताया कि मृतक अजय बटेजा शराब पीने का आदी था और उसके पास देहरादून व मसूरी में कई कीमती संपत्तियां थीं। अजय के सौतेले भाई अमित बटेजा को मलाल था कि इन संपत्तियों में उसके पिता का पैसा भी लगा है, लेकिन अजय उसे हिस्सा न देकर सारा पैसा अय्याशी में उड़ा रहा है।

अमित ने जैकी को रास्ते से हटाने के एवज में जाखन स्थित प्रॉपर्टी का आधा हिस्सा देने और सहारनपुर के एक गोलीकांड से नाम हटवाने का सौदा किया, जिस पर जैकी हत्या के लिए तैयार हो गया।योजना के मुताबिक, 25 मई 2025 को जैकी अपनी प्रेमिका हुमेरा उर्फ जोया, अमित बटेजा और एक अन्य साथी के साथ देहरादून आया। ये सब जाखन स्थित अजय बटेजा के घर पर रुके। रात में अमित अपने साथी को बहाने से बाहर ले गया। घर के अंदर जैकी ने अपनी प्रेमिका जोया की मदद से अजय को अत्यधिक शराब पिलाई। जब अजय पूरी तरह नशे में धुत्त हो गया, तो जैकी ने तकिये से मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी। शातिर जैकी ने हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पंखे से लटकाने की कोशिश की, लेकिन जल्दबाजी के कारण वह ऐसा नहीं कर सका। कमरे के बाहर सीसीटीवी कैमरा देखकर वह पकड़े जाने के डर से कैमरे की डीवीआर उखाड़कर अपने साथ ले गया। इसके बाद दोनों आईएसबीटी से बस पकड़कर सहारनपुर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त जैकी उर्फ राजन (उम्र 36 वर्ष) पुत्र शिवलाल, निवासी ग्राम उमाही कलां, थाना रामपुर मनिहारान, जिला सहारनपुर का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर है। उस पर शामली, सहारनपुर और पश्चिमी यूपी के विभिन्न जिलों में लूट, रंगदारी, गैंगस्टर, गुंडा एक्ट और हत्या के प्रयास जैसे संगीन अपराधों के 21 से अधिक मामले दर्ज हैं।

# एमडीडीए की बड़ी कार्रवाई, हरभजवाला से बाईपास तक अवैध निर्माण सील किए

- बिना नक्शा स्वीकृति बनाए जा रहे व्यावसायिक निर्माणों पर बड़ी कार्रवाई कर प्राधिकरण ने दिया सख्त संदेश



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजधानी में अवैध निर्माणों के खिलाफ मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए हरभजवाला और सिमला बाईपास क्षेत्र में कई व्यावसायिक निर्माणों को सील कर दिया। प्राधिकरण की इस कार्रवाई को शहर में अनियोजित विकास और नियमों की अनदेखी पर कड़ा संदेश माना जा रहा है। एमडीडीए ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति और स्वीकृत मानचित्र के किसी भी प्रकार का निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**दो स्थानों पर एक साथ एक्शन-** एमडीडीए की प्रवर्तन टीम ने हरभजवाला क्षेत्र में असरफ अली द्वारा निर्मित की जा रही लगभग छह दुकानों को सील किया। जांच में पाया गया कि निर्माण कार्य बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के किया जा रहा था। वहीं सिमला बाईपास रोड स्थित तेलपुर चौक के निकट आभास कुबेर चांद द्वारा व्यावसायिक उपयोग के लिए बनाए जा रहे लगभग नौ कमरों के निर्माण को भी सील कर दिया गया। दोनों मामलों में निर्माणकर्ताओं को पहले नोटिस जारी कर जवाब देने का अवसर दिया गया था, लेकिन संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलने पर सीलिंग की कार्रवाई अमल में लाई गई।

**नोटिस के बाद भी नहीं माने निर्माणकर्ता**

प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार संबंधित निर्माणकर्ताओं के खिलाफ पहले चालानी कार्रवाई की गई थी और उन्हें कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद नियमों का पालन नहीं किया गया। इसके बाद संयुक्त सचिव गौरव चटवाल ने नियमानुसार सीलिंग के आदेश जारी किए। आदेशों के अनुपालन में सहायक अभियंता विजय सिंह रावत, अवर अभियंता मुनेष राणा और अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से कार्रवाई संपन्न कराई गई।

**शहर के नियोजित विकास पर फोकस**

एमडीडीए का कहना है कि अवैध निर्माण केवल भवन उपनियमों का उल्लंघन नहीं हैं, बल्कि वे शहर के सुनियोजित विकास के लिए भी गंभीर चुनौती बनते हैं। ऐसे निर्माणों के कारण यातायात व्यवस्था, जल निकासी तंत्र, पार्किंग और अन्य आधारभूत सुविधाओं पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। यही वजह है कि प्राधिकरण लगातार निरीक्षण अभियान चलाकर अवैध निर्माणों की पहचान कर रहा है और उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित कर रहा है।

**नियम तोड़ने वालों को नहीं मिलेगी राहतः तिवारी**

एमडीडीए के उपाधयक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य बिना स्वीकृति के नहीं किया जा सकता। लोगों को समय-समय पर नोटिस और जागरूकता के माधयम से नियमों की जानकारी दी जाती है, लेकिन इसके बावजूद अवैध निर्माण जारी रखने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से भवन निर्माण शुरू करने से पहले मानचित्र स्वीकृत कराने की अपील की।

**अभियान आगे भी रहेगा जारी : बर्निया**

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि अवैध निर्माणों के खिलाफ नियमित अभियान चलाया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों को पहले नोटिस देकर मौका दिया जाता है, लेकिन अनदेखी होने पर सीलिंग जैसी कार्रवाई अपरिहार्य हो जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजधानी में कानूनसम्मत और नियोजित विकास सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा।






विशेष गहन पुनरीक्षण
उत्तराखण्ड-2026
कोई भी पात्र मतदाता न छूटे

"प्रिय मतदाताओं, उत्तराखण्ड में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की घोषणा हो गई है। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करना है। सभी मतदाताओं से अपील है कि इस अभियान को सफ़लतापूर्वक सम्पन्न कराने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।"
मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड

SIR की महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | |
|---|---|
| गणना प्रपत्र भरने की अवधिः (इस दौरान BLO आपके घर आकर गणना प्रपत्र देंगे तथा आपको उसे भरकर BLO को वापस देना है।) | 8 जून से 7 जुलाई 2026 |
| मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) प्रकाशनः | 14 जुलाई 2026 |
| दावे एवं आपत्तियाँ दर्ज करने की अवधिः (इस दौरान यदि आपका नाम किसी कारणवश ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया है, तो नियमानुसार दावा/आपत्ति दर्ज की जा सकती है।) | 14 जुलाई से 13 अगस्त 2026 |
| नोटिस जारी करना / दावे एवं आपत्तियों का निस्तारणः | 10 जुलाई से 11 सितम्बर 2026 |
| अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशनः | 15 सितम्बर 2026 |

अगर आप नौकरी / खेती-किसानी या अन्य पेशे से जुड़े होने के कारण दिन में घर पर उपल्ब्ध नहीं रहते हैं तो ECI & NET App अथवा www.voters.eci.gov.in पर "BOOK A CALL WITH BLO" के माध्यम से आप अपने BLO से सम्पर्क कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
Chief Electoral Officer, Uttarakhand
https://ceo.uk.gov.in CEOUttarakhand

# वनों को आग से बचाने के लिए कड़ी कार्रवाई शुरू

## असामाजिक और शरारती तत्वों को बख्शने के मूड में नहीं प्रशासन, अज्ञात पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिले में लगातार बढ़ रही वनाग्नि की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। जिला. धिकारी के निर्देश पर आज जनपद के विभिन्न पुलिस थाना क्षेत्रों में वनाग्नि की घटनाओं के संबंध में कुल 05 प्राथमिकी रिपोर्ट (थाना सल्ट, रानीखेत, चौखुटिया, द्वाराहाट तथा भतरौजखान) में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध दर्ज की गई हैं। इन एफआईआर का उद्देश्य जंगलों में आग लगाने वाले असामाजिक एवं शरारती तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने कहा कि वनाग्नि केवल जंगलों तक सीमित समस्या नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण, वन्य


जिलाधिकारी अंशुल सिंह

जीवों, जैव विविधता, जल स्रोतों तथा मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा है। जंगलों में लगने वाली आग से प्राकृतिक संपदा को अपूरणीय क्षति पहुंचती है तथा स्थानीय लोगों की आजीविका भी प्रभावित होती है। उन्होंने चेतावनी दी कि जानबूझकर अथवा लापरवाही वश जंगलों में आग लगाने वालों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। ऐसे तत्वों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि जंगलों के आसपास बीड़ी, सिगरेट अथवा अन्य जलती सामग्री न फेंकें तथा सूखी घास, पत्तियों अथवा कूड़े में आग लगाने से बचें। ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-बाड़ी एवं घास कटान के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। यदि कहीं भी वनाग्नि की सूचना मिले तो तत्काल वन विभाग, पुलिस अथवा प्रशासन को सूचित करें। साथ ही स्वयं भी सक्रिय योगदान दें। जिला. धिकारी ने कहा कि फॉरेस्ट फायर को रोकना केवल सरकारी तंत्र की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह आम जनमानस का भी सामूहिक दायित्व है। जब तक समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग और जागरूकता इसमें शामिल नहीं होगी, तब तक वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण संभव नहीं है। सभी नागरिकों की सहभागिता एवं सतर्कता से ही जंगलों को सुरक्षित रखा जा सकता है। जिलाधिकारी ने वन विभाग, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि लगातार वन क्षेत्रों में निगरानी रखें। गस्त को बढ़ाएं तथा वनाग्नि की किसी भी संदिग्ध घटना में कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अज्ञात के विरुद्ध दर्ज मुकदमों में लगातार छानबीन और पूछताछ करें और आरो. पियों तक पहुंचे। कहा कि जो भी वनाग्नि की घटनाओं में दोषी पाए जाते हैं, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। कहा कि एफआईआर की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह ने कहा कि फॉरेस्ट फायर को नियंत्रित करने के लिए वन विभाग लगातार सक्रियता बनाए हुए है। इस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन सहभागिता बहुत जरूरी है।

### बागेश्वर में कई जगहों पर धधके जंगल

**बागेश्वर।** जिले के जंगल इन दिनों आग की चपेट में हैं। गुरुवार को जिले के कई स्थानों पर जंगलों में भीषण आग भड़क उठी। फायर ब्रिगेड और वन विभाग की टीमों ने लगातार प्रयास कर आग पर काबू पाया। आग से उठ रहे धुएं और धुंध के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। समूचे जिले में धुंध फैली हुई है। फायर सीजन को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मेहरा ने जिले की सभी फायर यूनिटों को आपात स्थिति से निपटने और वनाग्नि की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। फायर टीम बागेश्वर ने भूमियाधार और चंडिका रोड क्षेत्र में लगी आग को रिहायशी इलाकों तक पहुंचने से पहले नियंत्रित कर लिया। वहीं ग्राम पंचायत पलसो, अनगढ़ी में रातभर जंगल धधकते रहे। गांव की ओर बढ़ रही आग को ग्रामीणों ने मिलजुल कर रोकने का प्रयास किया। उधर गरुड़ फायर टीम ने ग्राम ऐंचर, सीमा बैंड कौसानी, मजकोट और लवली रेस्टोरेंट के पास जंगलों में लगी आग बुझाई। कई स्थानों पर वन विभाग की टीमें भी मुस्तैद रहीं और आग को फैलने से रोकने में जुटी रहीं।

# निरीक्षण में नदारद ईई से मांगा स्पष्टीकरण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सल्ट विकासखंड के दूरस्थ ग्राम बोरडा तोक स्थित तड़म गांव में मानव-वन्यजीव संघर्ष में ग्रामीण महिपाल सिंह की मौत के बाद जिलाधिकारी अंशुल सिंह स्वयं गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। दुर्गम पैदल मार्ग से गांव पहुंचे जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी और अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने महिपाल सिंह के परिजनों से बातचीत कर हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। वहीं, वन्यजीव हमले में जान गंवाने वाले महिपाल सिंह के परिवार की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने मानवीय पहल करते हुए परिवार की दो बेटियों को अस्थायी रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एक बेटी को तहसील सल्ट में डाटा एंट्री ऑपरेटर और दूसरी को शिक्षक स्वयंसेवक के रूप में तैनात किया जाएगा। प्रशासन की इस पहल को ग्रामीणों ने संवेदनशील कदम बताया है। ग्राम तड़म में ग्रामीणों ने वन्यजीवों के बढ़ते खतरे, सड़क, पेयजल और मूलभूत सुविधाओं की समस्याएं जिलाधिकारी के सामने रखीं। इस पर जिलाधिकारी ने पूरे गांव में चेन लिंक फेंसिंग कराने, तड़म से भोनखाल तक मार्ग सुधारने तथा मार्ग पर सोलर लाइट लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गधेरे से गांव तक पेयजल लाइन बिछाने तथा कुमेंरिया से बोरड तक सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान लोनिवि रानीखेत के ईई के अनुपस्थित रहने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। यहां डीएफओ दीपक सिंह, एसडीएम रिंकू बिष्ट, एएसपी हरबंश सिंह, तहसीलदार आबिद अली सहित अन्य मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार से साझा किया दुख

सल्ट क्षेत्र के तड़म गांव में बीते दिनों वन्यजीव के हमले में जान गंवाने वाले महिपाल सिंह के परिवार के प्रति मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने दूरभाष पर मृतक की पत्नी दीपा देवी से वार्ता कर दुख साझा किया और परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# नगर के नायकों को मिला सम्मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** नगर के नायक सम्मान समारोह की श्रृंखला को गति देते हुए कालाढूंगी विधानसभा अंतर्गत हल्द्वानी नगर के मुखानी मंडल स्थित वार्ड संख्या 52 (जज फार्म) में कालाढूंगी के भाजपा नेता मनोज पाठक के नेतृत्व में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में समाज सेवा, समर्पण एवं संस्कारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले आशा कार्यकर्ता बहनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं, मेरी बेनी सेना की बहनों, सेवा निवृत्त वीर सैनिकों, स्वच्छता कर्मियों, सम्मानित पुजारी. जनों एवं समर्पित शिक्षकगणों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता मनोज पाठक ने कहा कि समाज के वास्तविक नायक वे लोग हैं, जो निस्वार्थ भाव से सेवा और



समर्पण के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का कार्य करते हैं। विकास एंव पर्यावरण सुरक्षा समिति के अध्यक्ष बिसम्बर कांडपाल ने कहा कि मनोज पाठक द्वारा जो जनहित कार्य निरंतर कई वर्षों से कालाढूंगी विधानसभा व अन्य क्षेत्रों में किये जा रहे हैं वह ना केवल सराहनीय हैं बल्कि समाज को एक नई दिशा दिखाने वाले भी हैं। उन्होंने कहा कि पाठक जैसा व्यक्ति ही कालाढूंगी विधानसभा का सही नेतृत्व करने योग्य है और कालाढूंगी की देवतुल्य जनता निरंतर उनके सम्पर्क में रहते हुए हर कार्य में उनका सहयोग कर रही है। नगर के नायक सम्मान समारोह में भूवन पांडे, पीसी पंत पूरन चंद्र जोशी, नारायण सिंह किरोला, हेम अवस्थी, भगवन्त सिंह बिष्ट, कुलदीप पांडे, किरन बिष्ट, गीता कांडपाल, कमल रौतेला, तनुजा टकवाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### दुग्ध क्रय मूल्य बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन

**अल्मोड़ा।** दुग्ध मूल्य बढ़ाने समेत तमाम मांगों को लेकर दुग्ध उत्पादक मुखर हो गए हैं। गुरुवार को जिले के दुग्ध उत्पादकों ने प्रशासन के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। वहीं, दुग्ध संघ में हो रही अनियमित. ताओं की जांच की मांग उठाई। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में कहा कि उत्पादकों ने वर्तमान में महंगाई को देखते हुए दुग्ध क्रय दर घोषणा के अनुसार बढ़ाने, पर्वतीय क्षेत्र के लिए दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन एवं सचिव प्रोत्साहन की दरों में वृद्धि करने, समितियों से संग्रहित दूध को दुग्धशाला पहुंचते ही जांच एवं तोल की व्यवश्था सुनिश्चित करने, पशु औषधि पूर्व की भांति दुग्ध संघ से ही क्रय किए जाने समेत दुग्ध संघ में हो रही अनियमितताओं की जांच की मांग उठाई। चेतावनी दी कि जल्द मांगों पर सराकात्मक कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई तो समस्त दुग्ध उत्पादक उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां ज्ञापन भेजने वालों में गोपाल सिंह बिष्ट, दीवान सिंह, राहुल गुणवंत, प्रदीप बिष्ट, मनोज खोलिया, भाष्कर खोलिया, पवन कुमार, कमलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य चन्द्र सिंह का निधन

**बागेश्वर।** कपकोट क्षेत्र के खर्क कानातोली निवासी 58 वर्षीय पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य चंद्र सिंह पुत्र देव सिंह का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। घटना के बाद परिवार में शोक की लहर छा गई। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने की कार्रवाई की। पोस्टमार्टम के बाद शव परि. जनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। परिजनों के अनुसार कुछ समय पहले चंद्र सिंह को हार्ट अटैक आया था, जिसके बाद उनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा था। स्वास्थ्य में सुधार होने पर उन्हें घर ले जाया गया था। गुरुवार को अचानक फिर उनके सीने में दर्द उठा। परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ला रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

### मैग्नेसाइट कंपनी के कर्मचारियों का प्रदर्शन

**बागेश्वर।** अल्मोड़ा मैग्नेसाइट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों ने गुरुवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए उद्योग को बचाने तथा कर्मचारियों के हित में तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग उठाई। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। कर्मचारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से 25 फरवरी 2026 को उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उद्योग दोबारा शुरू हुआ, लेकिन अभी तक कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल सका है। वेतन न मिलने से मजदूरों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने बताया कि उद्योग की स्थिति सुधारने और संचालन सुचारु बनाए रखने के लिए लगभग 10 करोड़ रुपये की तत्काल आवश्यकता है। कर्मचारियों ने सरकार से शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान कर उद्योग और कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने की मांग की। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य राजू नेगी, ग्राम प्रधान नवल किशोर टम्टा, शांति लाल, गायत्री प्रसाद, सुरेंद्र लाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने विज्ञान के प्रयोगों को समझा

**बागेश्वर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) बागेश्वर में आयोजित विज्ञान कार्यशाला के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने विज्ञान के प्रयोगों और गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने वैज्ञानिक अवधारणाओं को व्यवहारिक रूप से समझा। कार्यशाला में प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद् एचसी वर्मा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए विज्ञान को जिज्ञासा और प्रयोग से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल सूत्र याद करने का विषय नहीं, बल्कि प्रश्न पूछने और उत्तर खोजने की प्रक्रिया है। इस दौरान विद्यार्थियों ने छोटे-छोटे वैज्ञानिक मॉडल और प्रयोग तैयार किए। डायट प्राचार्य चक्षुस्पति अवस्थी ने कार्यक्रम को सहायक बताया।

### उद्यमी एवं उद्योग प्रबंधक, कामगारों से सीधा संवाद स्थापित करें: पवन अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** केजीसीसीआई अध्यक्ष पवन अग्रवाल द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के सभी उद्यमियों एवं उद्योग प्रबन्धकों से अपील की गयी है कि जैसा कि वर्तमान में उत्तराखण्ड के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में कामगारों के मध्य



न्यूनतम वेतन को लेकर कुछ भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं। बाहरी तत्वों द्वारा यह भ्रामक प्रचार किया जा रहा है कि केंद्र सरकार द्वारा न्यूनतम वेतनमान 20 हजार रुपये कर दिया गया है, जिसे उद्योग लागू नहीं कर रहे हैं। इस संवेदनशील मोड़ पर हमारा उत्तरदायित्व है कि हम अपने कामगारों को सच्चाई से अवगत कराएं, उनके साथ सीधा संवाद स्थापित करें और किसी भी प्रकार के बाहरी बहकावे से उन्हें बचाएं। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि केंद्र या राज्य सरकार द्वारा ऐसा कोई भी आदेश जारी नहीं किया गया है जिसमें न्यूनतम वेतन 20 हजार रुपये निर्धारित किया गया हो, यह पूरी तरह से एक अफवाह है। श्रम विभाग और जिला प्रशासन द्वारा भी विभिन्न स्तरों पर लगातार यह स्पष्ट किया जा चुका है कि श्रमिकों में फैलाई जा रही यह सूचना निराधार है। भ्रांतियों को दूर करने के लिए लेबर कमिश्नर द्वारा एक आधिकारिक वीडियो क्लिप जारी की गई है।

# विद्यार्थियों ने लिया आजीवन नशामुक्ति का संकल्प




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**टनकपुर।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छीनीगोठ में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व. विद्यालय एवं कोहली पुस्तक भंडार के सहयोग से 'नशामुक्त भारत अभियान' का प्रभावशाली आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर उन्हें स्वस्थ, सकारात्मक एवं संस्कारित जीवन की ओर प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बड़ी कंप्यूटर स्क्रीन पर नशे के दुष्प्रभावों को दर्शाने वाली जागरूकता वीडियो क्लिप दिखाई गईं।

इन वीडियो के माध्यम से बीड़ी, सिगरेट, गुटका एवं शराब जैसे नशीले पदार्थों से होने वाले शारीरिक, मान. सिक, आर्थिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी गई। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को गंभीरता एवं रुचि के साथ देखा। नशामुक्ति अभियान के संयोजक त्रिलोचन जोशी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने बच्चों से जीवनभर नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित 176 छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से आजीवन नशीले पदार्थों से दूर रहने का संकल्प लिया। संकल्प के दौरान विद्यालय परिसर प्रेरणादायक वातावरण से गूंज उठा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिग्भूषण गोस्वामी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बीके कमला दीदी, बीके गीता बहन, बीके देवदत्त वर्मा, बीके भगवत स्वरूप वर्मा, बीके करणवीर, शिक्षक संजय कुमार, पल्लव जोशी, पवन कुमार, कार्यालय प्रभारी अर्जुन कुमार तथा भोजन माता रेखा देवी एवं पुष्पा देवी उपस्थित रहे।

# समस्याओं पर क्षेत्र पंचायत की बैठक में हंगामा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** हवालबाग क्षेत्र पंचायत की बैठक गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बिजली, पानी, सड़क और ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर जमकर चर्चा हुई। पूर्व बैठकों में उठाई गई समस्याओं के समाधान नहीं होने पर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताते हुए विभागीय अधिकारियों को घेरा। बैठक शुरू होने से पहले परियोजना निदेशक केएन तिवारी ने सदन को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल से लागू इन नियमों के तहत ग्राम पंचायतों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कूड़े के स्रोत पर पृथकीकरण, वैज्ञानिक निस्तारण और दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी भी दी। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग की एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी देते हुए बीएलओ को सहयोग करने की अपील की गई, ताकि कोई पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रहे। बैठक में सबसे अधिक मुद्दे पेयजल व्यवस्था को लेकर उठे। तलाड़बाड़ी, देवलीखान और भनरगांव के प्रधानों ने गांवों में पानी की समस्या को प्रमुखता से रखा। देवलीखान की प्रधान ने कहा कि यदि जल्द जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वह पद से इस्तीफा दे देंगी। गोलना करड़िया और स्यूरा क्षेत्र से भी पेयजल योजनाओं के धरातल पर नहीं उतरने की शिकायतें उठीं। जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति को लेकर भी सवाल खड़े किए गए। कृषि विभाग की योजनाओं में ऑनलाइन माध्यम से कृषि टूलकिट वितरण पर प्रधानों ने आपत्ति जताई। खाद्य आपूर्ति विभाग से राशन कार्डों में नाम काटे जाने और नई यूनिट नहीं जुड़ने के मामलों को भी सदन में उठाया गया। विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर भी जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई। ग्राम प्रधान अथरबनी ने ट्रांसफार्मर की सुरक्षा दीवार और घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन हटाने की मांग दोहराई, लेकिन अधिशासी अभियंता ने शासनादेश का हवाला देते हुए समस्या के समाधान से इनकार कर दिया। इस पर कई प्रधानों ने विरोध जताया। ग्राम प्रधान स्यूरा प्रमोद जोशी ने धोतीगाढ़ मोटर मार्ग के डामरीकरण का मुद्दा उठाया। कई प्रधानों ने सड़क निर्माण के दौरान मलबा निस्तारण, पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने और पीएमजीएसवाई सड़कों से पैदल मार्गों को पहुंचे नुकसान की समस्याएं भी रखीं। बैठक में पंचायतीराज विभाग द्वारा प्रधानों के फंड से कंटीजेंसी राशि काटे जाने का भी विरोध हुआ। प्रधानों ने कहा कि पूर्व बैठक में इस कटौती को रोकने का प्रस्ताव पारित होने के बावजूद विभाग दोबारा कटौती की बात कर रहा है। बैठक में ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू, जिला पंचायत सदस्य महेश नयाल, कुंदन राम, परियोजना निदेशक केएन तिवारी, तहसीलदार रवि शाह, बीडीओ एसएस दरियाल, एबीडीओ रमेश कनवाल, कनिष्ठ प्रमुख जानकी नयाल, प्रधान संगठन अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नयाल, महामंत्री विनोद जोशी, उपाध्यक्ष सुंदर मटियानी, चंद्रिका तिवारी, प्रमोद जोशी, मोहन कनवाल, प्रदीप पालनी समेत अन्य रहे।

### डुबकिया में सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण का आरोप

**अल्मोड़ा।** नगर निगम अल्मोड़ा के अंतर्गत आने वाले डुबकिया वार्ड में सार्वजनिक रास्ते पर कथित अतिक्रमण को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नारा. जगी देखने को मिल रही है। क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों ने पार्षद अंजू बिष्ट के नेतृत्व में नगर निगम प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि जावेद अख्तर नामक व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया गया है, जिससे मंदिर जाने तथा अंतिम संस्कार के लिए उपयोग होने वाला मार्ग बाधित हो गया है। लोगों का कहना है कि यह रास्ता क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके संकरा होने से आमजन को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही क्षेत्र में विवाद और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है। पार्षद अंजू बिष्ट के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने नगर निगम प्रशासन से मामले का मौके पर निरीक्षण कर अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की।

**कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर**

पत्रांक: 6417/4-36 बागेश्वर, दिनांक: 21.05.2026

**वनों की अग्नि से सुरक्षा हेतु अपील**

**वनाग्निकाल 2026 प्रारम्भ हो चुका है, अतः उत्तराखण्ड देवभूमि में वनों की अग्नि से बचाने हेतु वन विभाग आम जनता से पूर्ण सहयोग की अपील करता है**

जनपद बागेश्वर अपनी अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता, हिमालयी संस्कृति एवं धार्मिक आस्था के लिए देश-विदेश के पर्यटकों के बीच विशेष महत्व रखता है। जनपद में स्थित कौसानी, जिसे महात्मा गांधी द्वारा 'भारत का स्विट्जरलैंड' कहा गया था, हिमालय की मनोरम पर्वत श्रृंखलाओं, शांत वातावरण एवं प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। इसी प्रकार जनपद बागेश्वर में स्थित पिंडारी ग्लेशियर देश के प्रमुख ट्रैकिंग एवं साहसिक पर्यटन स्थलों में से एक है जहां प्रतिवर्ष देश-विदेश से हजारों पर्यटक इसके मनोरम दृश्यों व अद्भुत ट्रैकिंग अनुभव अनुभव के लिए आवागमन करते हैं। तद्क्रम में सभी क्षेत्रवासियों का यह दायित्व है कि हम सभी साथ मिलकर प्रकृति का संरक्षण करें तथा देश-विदेश में जनपद बागेश्वर की अद्वितीय छवि को यथावत् बनाए रखें। प्राकृतिक सुन्दरता में वनाग्नि से हुई क्षति के उपरान्त पर्यटन भी मुख्यतः प्रभावित होता है जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार, आजीविका एवं व्यवसाय भी प्रभावित होने की प्रबल संभावना है।

- अपने खेतों में आड़े/पिरूल/पराली इत्यादि सुबह के समय ही जलायें तथा आड़े जलाने से पूर्व निकटस्थ वन चौकी को सूचित करें। वन क्षेत्रों के समीपवर्ती ग्रामों में आड़ा जलाने हेतु वन विभाग से सहायता ली जाए।
- ग्रामीण क्षेत्रों के आवागमन मार्गों में बिखरे पिरूल/घास की सफाई हेतु वन विभाग से समन्वय स्थापित किया जाए। ग्रामीण पैदल मार्गों की सफाई के दौरान वनाग्नि की घटना होने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।
- बिना अनुमति के वन क्षेत्रों में प्रवेश न किया जाए। वन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि दृष्टिगोचर होने की स्थिति में संबंधित को वन अधिनियम 1927 की सुसंगत धाराओं के तहत दण्डित किया जाएगा।
- वन क्षेत्रों में देवी-देवताओं के वास स्थल माना गया है जहां वनाग्नि होने से उनके वास स्थलों को क्षति पहुंचाई जा रही है जो कि धार्मिक दृष्टि से अनुचित हैं।
- वनों में आग लगने के कारण वनों में निवासरत वन्यजीव एवं पशु-पक्षियों के वास स्थल को क्षति पहुंचती है जिस कारण वे ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों की तरफ पलायन करते हैं व मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं दृष्टिगोचर होती हैं।
- भारतीय वन अधिनियम 1927 के अन्तर्गत वनों में आग लगाना दण्डनीय और गैर जमानती अपराध है। अगर कोई व्यक्ति वनों में आग लगाते पकड़ा गया तो उसके प्रति दण्डात्मक कार्यवाही कर जेल भेजा जायेगा।

**विशेष अपील-देवभूमि उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुन्दरता को यथावत् बनाए रखना आपका और हमारा परम कर्तव्य है। आने वाली पीढ़ी के लिए बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा जैव विविधता संरक्षण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जनपद बागेश्वर के संरक्षण हेतु वन विभाग आपसे सहयोग की अपेक्षा करता है।**

**वन आपके है, इनकी रक्षा कर अपनी भावी पीढ़ी की रक्षा करें।**

**(आदित्य रत्न IFS)**

**प्रभागीय वनाधिकारी बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर**

# राजीव गांधी के आदर्शों पर चलने का संकल्प

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री की 35वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा/रानीखेत।** भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को गुरुवार को पुण्यतिथि पर याद किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्व. गांधी को श्रद्धांजलि देकर अध्यक्ष गोपाल देव, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, प्रमोद पाल, रमेश पंत, सोनू सिद्दीकी, हेमंत बिष्ट, पंकज गुरुरानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीप उपाध्याय, विजय तिवारी, रुद्र माहरा, नवीन चंद्र नैनवाल, सुरेंद्र पवार सहित जिला अध्यक्ष अलका पाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सारीम सैफी एवं पूर्व अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस विशाल सिंह भोजाक के दिशा-निर्देशन में किया। इस अवसर पर कांग्रेस सशक्तिकरण में उनके योगदान को याद किया। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार ने कहा कि राजीव गांधी के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

**कालाढूंगी।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत







उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मालरोड स्थित पार्टी दफ्तर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की नींव को मजबूत करने का कार्य किया। उन्होंने देश में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की शुरुआत कर भारत को नई दिशा देने का काम किया। कहा कि आज देश जिस डिजिटल युग में आगे बढ़ रहा है, उसकी आधारशिला राजीव गांधी ने ही रखी थी। यहां नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, पूर्व पालिक. ाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, आनंद सिंह बगड़वाल, उपाध्यक्ष विनोद वैष्णव, आनंद बिष्ट, बीके पांडे, जया जोशी, सलीम अख्तर, ब्लॉक अध्यक्ष महिपाल प्रसाद, मयंक बिष्ट, परितोष जोशी, पार्षद विकास कुमार, गोविंद लाल, दीक्षा सुयाल, गौरव जोशी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। इधर, रानीखेत में भी कांग्रेस कमेटी की ओर से राजीव गांधी पार्क में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यहां पीसीसी सदस्य कैलाश पांडेय, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, अगस्त लाल साह, पूर्व ब्लॉक अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**अल्मोड़ा।** युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं



ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान करबला स्थित लेप्रोसी मिशन में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया। यहां क्षेत्र पंचायत सदस्य गोपाल भट्ट, युकां जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह फर्त्याल, किरन आर्या, गौरव जोशी, कमलेश बिष्ट, पारस डसीला, दीक्षा डसीला, बालकृष्ण जोशी, हिमांशु नेगी, दीपक डसीला आदि रहे।

**काशीपुर।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर युवा कांग्रेस काशीपुर द्वारा गढ़वाल सभा स्थित नीलकंठ जूनियर हाईस्कूल गढ़वाल सभा जसपुर खुर्द में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महानगर कांग्रेस महानगर कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में एक बैठक का आयोजन भी किया गया जिसका संचालन चंद्र भूषण डोवाल द्वारा किया गया। इस दौरान बच्चों को कॉपी, पेन एवं स्टेशनरी सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में अनीस अंसारी, जितेंद्र सरस्वती, मंसूर अली मंसूरी, शाह आलम, राकेश भगत, संजीव कुमार शर्मा, स्कूल प्रधानाचार्य मंगला, एम एम जोशी, दीपक राजपूत, प्रीति, अनुष्का, उषा बलोदी, गीता, सोहन सिंह शाह, तनुजा बिष्ट, संजीव गुप्ता आदि स्कूल का स्टाफ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**बागेश्वर।** यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने आधुनिक भारत के निर्माण और युवा

रत्न राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर कालाढूंगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और नगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम एक स्थानीय रेस्टोरेंट में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष पांडे ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने में उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष वकील अहमद, महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष रंजीत कौर, सैनिक प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, पूर्व महिला अध्यक्ष इंदिरा डंगवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी रूल सिंह कुमटिया, पूर्व प्रधान हरीश आर्य, किशन सिंह खोलिया, ओंकार गोस्वामी, प्रेम बल्लभ जोशी, कृष्णानंद पांडे, रोहित बुड़लाकोटी, सलमान वारसी, नदीम अहमद, जाहिद कुरैशी, प्रवीण आर्य सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कार में आईपीएल का करोड़ों का सट्टा

## चार करोड़ के लेनदेन का खुलासा, पकड़े गए आरोपियों में दो सगे भाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आईपीएल मैचों की आड़ में चल रहे करोड़ों रुपये के सट्टेबाजी नेटवर्क का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मुखानी थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कार के अंदर बैठकर ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टा संचालित कर रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में अब तक करीब चार करोड़ रुपये का सट्टा कारोबार सामने आया है। पकड़े गए आरोपियों में दो संगे भाई भी शामिल है। पुलिस ने तीनो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। उत्कृष्ट कार्रवाई पर एसएसपी ने पूरी टीम को दो हजार



रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया है। गुरुवार को बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के तहत आईपीएल सट्टा गैंग के खिलाफ यह कार्रवाई की गई। बीते बुधवार रात पुलिस टीम ने एस मोड़ के पास मधुबन कॉलोनी स्थित एक खाली प्लॉट में छापा मारा, जहां यूपी नंबर की कार में बैठकर आरा. पी आईपीएल मैचों पर दांव लगवा रहे थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने छह मोबाइल फोन, सट्टे का हिसाब-किताब दर्ज रजिस्टर, पेन और 51,100 रुपये नकद बरामद की है, इसके साथ ही पुलिस ने मौके से कार को भी सीज कर दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी प्रतिदिन सात से आठ लाख रुपये तक का सट्टा संचालित कर रहे थे। बैंक खातों और डिजिटल लेनदेन की जांच में अब तक करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये के लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं। पकड़े गए आरोपियों में दुर्गा कॉलोनी बनभूलपुरा निवासी रवि गुप्ता उर्फ झबरा पुत्र स्व. धर्मपाल गुप्ता, उसके सगे भाई रोी. हत गुप्ता तथा नारायण नगर बिठोरिया नंबर-1 निवासी मोहित प्रसाद पुत्र राजेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी रवि गुप्ता के खिलाफ पहले से आबकारी अधिनियम, जुआ अधि. नियम और एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। अब पुलिस आरोपियों के नेटवर्क, बैंक खातों और अन्य संभावित सहयोगियों की जांच में जुटी है। उत्कृष्ट कार्रवाई पर एसएसपी ने पूरी टीम को दो हजार रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया है। गुडवर्क करने वाली टीम में एसआई वीरेंद्र चंद, हेड कांस्टेबल कुंदन कठायत, त्रिलोक रौतेला, कांस्टेबल अशोक रावत, भूपेंद्र जेष्ठा, भानु प्रताप ओली, सुरेश देवड़ी और भगवती पाठक शामिल रहे।

### एसटीएच के बाहर से स्कूटी चोरी

**हल्द्वानी।** सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। बीमार परिर्. चत को देखने अस्पताल पहुंचे युवक की स्कूटी कुछ ही घंटों में गायब हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा निवासी नवीन चंद्र पुत्र भुवन चंद्र ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि बीती 22 अप्रैल को वह अपनी स्कूटी से सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचे थे। उन्होंने अस्पताल गेट के बाहर एटीएम के सामने स्कूटी खड़ी की और एक रोगी को देखने अंदर चले गए। कुछ घंटे बाद वापस लौटने पर स्कूटी मौके से गायब मिली। काफी तलाश के बावजूद वाहन का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को मामले की सूचना दी। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## एक नजर

### जीआरपी पुलिस ने पकड़ा शराब तस्कर

**हल्द्वानी।** रेलवे स्टेशन काशीपुर के पास कच्ची शराब की तस्करी कर रहे एक आरोपी को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। जिसके बाद आरोपी पुलिस के सामने बीमारी और इलाज का हवाला देकर खुद को बेगुनाह साबित करने की कोशिश करता रहा, लेकिन उसके कब्जे से 64 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बुधवार को जीआरपी चौकी काशीपुर की उप निरीक्षक तरन्नुम सईद को समपार संख्या-38 स्पेशल के पास स्थित कोयला अनलोडिंग क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 64 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कंचन सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी वार्ड संख्या-18, होली चौक, मोहल्ला टांडा उज्जैन, काशीपुर के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बीमार है और इलाज के लिए पैसे नहीं होने के कारण शराब बेचने का काम कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जीआरपी थाना काठगोदाम में संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया है। कार्रवाई करने वाली टीम में उप निरीक्षक तरन्नुम सईद, कांस्टेबल बालकृष्ण, सीआईबी लालकुआं के उप निरीक्षक कृष्ण वीर सिंह और एएसआई महेंद्र कुमार शामिल रहे।

### ट्रेन में सीट को लेकर मारपीट, तीन घायल

**हल्द्वानी।** ट्रेन में सीट पर बैठने को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि दो युवकों ने एक परिवार के साथ मारपीट कर दी, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। मामले में जीआरपी थाना काठगोदाम ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नीलकंठ कॉलोनी लालपुर किच्छा निवासी मीना देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते मंगलवार सुबह वह अपने पिता ब्रह्मस्वरूप, बहन सुमन और भाभी अनीता देवी के साथ ट्रेन से किच्छा से बहेड़ी जा रही थीं। ट्रेन में अत्यधिक भीड़ होने के कारण परिवार खड़े होकर सफर कर रहा था। इसी दौरान जैसे ही परिवार के लोग सीट पर बैठने लगे, वहां मौजूद दो युवकों से कहासुनी हो गई। आरोप है कि दोनों युवकों ने गाली-गलौज करते हुए परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मारपीट में ब्रह्मस्वरूप, सुमन और अनीता देवी घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए किच्छा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद ब्रह्मस्वरूप और अनीता देवी की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रुद्रपुर रेफर कर दिया गया। जीआरपी थाना काठगोदाम पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### तेज़ रफ्तार गाड़ी ने व्यक्ति को मारी टक्कर

**हल्द्वानी।** आईस्क्रीम खरीदने घर से निकले एक व्यक्ति को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार किशनपुर घुड़दौड़ा पंचायतघर रामपुर रोड निवासी गजेंद्र मेहरा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि बीती 18 मई की रात करीब साढ़े आठ बजे उनके 50 वर्षीय भाई विनोद मेहरा घर से आईस्क्रीम खरीदने बाजार जा रहे थे। आरोप है कि एसटीएच स्थित छठ पूजा स्थल के पास एक अज्ञात वाहन ने विनोद मेहरा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके सेफरार हो गया। गंभीर रूप से घायल विनोद को तत्काल उपचार के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए लाखों

**हल्द्वानी।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के बैंक खाते से एक लाख रुपये उड़ा दिए। पीड़ित के मोबाइल पर अचानक लगातार ओटीपी आने लगे और कुछ ही देर में खाते से रकम कटने के मैसेज आने शुरू हो गए। मामले में मुखानी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भट्ट कॉलोनी मुखानी निवासी प्रमोद चंद्र पुत्र नारायण दत्त जोशी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि बीती 7 मई की दोपहर उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से लगातार ओटीपी आने लगे। कुछ ही मिनटों में करीब 30 से 40 ओटीपी प्राप्त हुए। इसके बाद तीन अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए उनके बैंक खाते से कुल एक लाख रुपये निकाल लिए गए। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर अपना बैंक खाता ब्लॉक कराया। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साइबर ठगी से जुड़े तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है।

### बच्चों को वितरित की खाद्य सामग्री

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय मानव अधिकार एन्ड एंटी करप्शन फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीरेन देव के जन्मदिन के अवसर पर हल्द्वानी के सुभाष नगर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस दौरान बच्चों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव शारिफ खान, प्रदेश मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण, जिला सचिव दिनेश मंडल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गो तस्करी और पशुक्रूरता पर सरकार गंभीर: अन्थवाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अन्थवाल ने कहा कि निराश्रित गौवंश के संरक्षण और गौ तस्करी व पशु क्रूरता पर रोक लगाने के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को गोवंश से जुड़ी शिकायतों पर तत्काल और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गुरुवार को काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निराश्रित गौवंश की समस्या, गौशालाओं की स्थिति और पशु क्रूरता रोकने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अन्थवाल ने कहा कि सरकार की ग्राम्य गौ सेवक योजना के तहत पांच निराश्रित पशुओं के संरक्षण पर प्रतिदिन 80 रुपये की सहायता दी जा रही है। इससे आवारा पशुओं की समस्या कम करने में मदद मिलेगी और किसानों को भी आर्थिक सहयोग मिलेगा। उन्होंने जनपद के सभी आठ विकास खंडों में गौशालाओं की स्थिति की जानकारी ली और जिन क्षेत्रों में भूमि आवंटित हो चुकी है, वहां जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि गौलापार, चोरगलिया, कैंची धाम और मालधनचौड़ क्षेत्र में भूमि चिह्नीकरण की प्रक्रिया प्राथमिकता से चल रही है। अन्थवाल ने कहा कि गोवंश के प्रति अपराध करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूलों में बच्चों को गाय के महत्व और संरक्षण के बारे में जानकारी दी जाए, क्योंकि गाय भारतीय संस्कृति और आस्था से जुड़ी धरोहर है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि ग्राम्य गौ सेवक योजना के तहत जनपद के पर्वतीय क्षेत्रों में 54 लोगों का चयन किया गया है, जिनमें से 24 लोगों को योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन में नैनीताल जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे, अपर जिला. धिकारी सौरभ असवाल, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. डीसी जोशी, सीओ अमित कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और गौशाला संचालक मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर राजीव गांधी को श्रद्धांजलि

## पूर्व पीएम को कांग्रेसियों ने आधुनिक भारत का निर्माता बताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरूवार को कांग्रेस मुख्यालय स्वराज आश्रम में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी की ओर अग्रसर करने का सपना देखा था। उन्होंने अपने कार्यकाल में देश को आधुनिक सोच और तकनीक से जोड़कर नई दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने कहा राजीव गांधी के देश के प्रति योगदान, उनकी दूरदर्शी सोच और आधुनिक भारत के निर्माण में निभाई गई भूमिका को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश को सूचना प्रौद्योगिकी, पंचायती राज व्यवस्था और आधुनिक तकनीक से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। इस मौके पर ललित जोशी, मोहन बिष्ट, जाकिर हुसैन, हेम पाण्डे, राजेन्द्र दुर्गापाल, धर्मवीर, गिरीश पांडे, रेनू तोमर, गोविंद बगड़वाल, संजू उप्रेती, विनोद कुमार, कौशलेंद्र भट्ट, महेशानंद, प्रदीप बिष्ट, बबलू बिष्ट, मोहम्मद शाद अली, मोहम्मद नबी, उदित करायत, अमित बिष्ट, ताहिर हुसैन आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर जिला कांग्रेस कमेटी नैनीताल द्वारा पीलीकोठी स्थित एक बैंक्वेट में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।



इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला दत्त भट्ट और नीरज तिवारी ने कहा कि स्व.राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता, सूचना क्रांति के जनक और दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने कहा कि आज देश के हर नागरिक के हाथ में जो एंड्रॉयड फोन है, उसकी सोच कई दशक पहले राजीव गांधी लेकर आए थे। उनकी दूरदर्शी सोच और आधु. निक दृष्टिकोण ने देश को नई दिशा देने का कार्य किया। जो आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस मौके पर भागीरथी बिष्ट, किरन मेहरा, संजय किरौला, मनोज बिष्ट, मनोज शर्मा, महेश कांडपाल, मोहन सनवाल, हेमू पड़लिया, रेनू तोमर, गो. विंद सिंह बिष्ट, हिमांशु जोशी, हरभजन सिंह, मदन क्वीरा, हरीश चौरसिया, मंजू जोशी मौजूद रहे।

### बेस अस्पताल में मरीजों को फल वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों को फल वितरित किए। इस दौरान कांग्रेस जिला प्रवक्ता हरेंद्र क्वीरा ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक सोच, तकनीकी विकास और संचार क्रांति की नई दिशा दी। उन्होंने भारत को इक्कीसवीं सदी के सपनों से जोड़ने का कार्य किया। उनके विचार, नीतियां और दूरदर्शी सोच आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। समाजसेवी हेमन्त पाल आर्य ने कहा कि राजीव गांधी का जीवन सेवा, सद्भावना और विकास की भावना का प्रतीक था। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर जरूरतमंदों की सहायता करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर गौलापार चोरगलिया महिला ब्लॉक अध्यक्ष विद्या क्वीरा, पंकज कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।



# कुमाऊँ के मरीजों को मिलेगा बेहतर उपचार

## मैट्रिक्स मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल से जुड़े वरिष्ठ फिजिशियन डा. चंद्र मोहन सिंह भैसोड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मैट्रिक्स मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में वरिष्ठ फिजिशियन डा. चंद्र मोहन सिंह भैसोड़ा ने अपनी सेवाएं प्रारंभ कर दी हैं। अस्पताल प्रबंधन ने इसे स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। मैट्रिक्स मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के निदेशक डा. प्रदीप पांडेय ने डा. भैसोड़ा का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। श्री पांडे ने कहा कि डा. भैसोड़ा के अस्पताल से जुड़ने से न केवल अस्पताल की चिकित्सा सेवाएं मजबूत होंगी, बल्कि हल्द्वानी सहित पूरे कुमाऊँ क्षेत्र के मरीजों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया डा. चंद्र मोहन सिंह भैसोड़ा एमबीबीएस एवं एमडी (मेडिसन)



हैं और उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में 10 वर्षों से अधिक का अनुभव प्राप्त है। इससे पूर्व वह जिला अस्पताल बागेश्वर में फिजिशियन के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। हॉस्पिटल के निदेशक डा. प्रदीप पांडेय ने बताया कि डा. भैसोड़ा के अनुभव और विशेषज्ञता से अस्पताल की आईसीयू सेवाएं और अधिक सशक्त होंगी। साथ ही डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, थायरॉइड, कोलेस्ट्रॉल, बुखार, पीलिया, सांस फूलना, निमो. निया और खांसी जैसी बीमा. रियों से पीड़ित मरीजों को आधुनिक एवं बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। डा. प्रदीप पांडेय ने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य कुमाऊँ क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ एवं आधु. निक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है और अनुभवी चिकित्सकों के जुड़ने से यह प्रयास और अधिक प्रभावी होगा।

# पहाड़ी आर्मी की जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पहाड़ी आर्मी की जिला नैनीताल कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। यह विस्तार संगठन के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत एवं जिला प्रभारी हिमांशु शर्मा की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडापाल द्वारा किया गया। इस दौरान जिला संरक्षक समिति, सलाहकार समिति, अनुशासन समिति, लीगल समिति और सोशल मीडिया समिति के गठन के साथ 30 सदस्यीय कमेटी एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की भी घोषणा की गई। नई कार्यकारिणी में पुष्कर महर, हरेंद्र सिंह राणा, मदन सिंह फर्त्याल और सतीश फुलारा को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं संजय वर्मा को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। महेश चंद्र भट्ट, भारत कांडपाल, हीरा सिंह मेहता और मोहन सिंह बोरा को जिला महामंत्री बनाया गया है। इसके अलावा राजाराम, वीरेंद्र जग्गी और विनोद बिष्ट को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। जिला संगठन सचिव पद पर पंकज बिष्ट, त्रिलोक सिंह, हेमा कोरंगा और वंदना मेहता को जिम्मेदारी दी गई है। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा उत्तराखंड के सामा. जिक, सांस्कृतिक और जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा।

# एसआईआर कार्य सौंपे जाने पर शिक्षकों में नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जनगणना एवं बीएलओ कार्य के बाद शिक्षकों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य सौंपे जाने को लेकर शिक्षकों में असंतोष देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने इस निर्णय पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदा. धिकारी मनोज तिवारी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र भेजकर आदेश में शीघ्र संशोधन की मांग की है। उन्होंने कहा प्रदेश के अधिकांश शिक्षक पहले से ही बीएलओ और



राष्ट्रीय कार्यक्रम जनगणना जैसे कार्यों में व्यस्त हैं, ऐसे में ग्रीष्मकाल. ीन अवकाश के दौरान पुनः एसआईआर कार्य में लगाए जाने से उनके व्यक्तिगत एवं पारिवारिक योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। शिक्षक संगठन ने आदेश की भाषा पर भी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि आदेश में शिक्षकों को स्वयंसेवक के रूप में दर्शाया गया है, जो तकनीकी एवं विधिक रूप से गंभीर प्रश्न खड़े करता है। संगठन ने सवाल उठाया है कि यदि अवकाश अवधि में कार्य के दौरान किसी शिक्षक के साथ कोई अनहोनी होती है, तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, क्योंकि आदेश में इसे स्वयंसेवक कार्य बताया गया है। इसके साथ ही संगठन ने यह भी पूछा है कि क्या अवकाश अवधि में किए जा रहे इस अतिरिक्त कार्य के लिए शिक्षकों को कोई अतिरिक्त लाभ या उपार्जित अवकाश प्रदान किया जाएगा।

# एकता व्यापार मंडल ने बढ़ाया कुनबा

## सदस्यता अभियान: 120 व्यापारियों ने संगठन में जताई आस्था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल ने प्रदेशभर में संगठन विस्तार को लेकर सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में शहर के एक बैंक्वेट हॉल में आम सभा एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। सभा में करीब 120 नए व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान व्यापारियों की समस्याओं, उनके समाधान और उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप मैन्युफैक्चरिंग आधारित व्यापार को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि दीपक बल्यूटिया ने संगठन की ओर से व्यापारियों के



हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए हर व्यापारी की समस्या के समाधान में सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं विशिष्ट अतिथि दीपक ढौंडियाल ने व्यापार में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर अपने विचार रखे। उन्होंने व्यापारियों को पारंपरिक व्यापार के साथ मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र अपनाने की सलाह दी। संगठन अध्यक्ष तरूण वानखेड़े ने कहा कि संगठन व्यापारियों के हितों के साथ-साथ समाज और पर्यावरण के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों और समाजसे. वियों को सम्मानित भी किया गया। इनमें योगेश जोशी, डा. आशुतोष पंत, डा. अंजना जोशी, डा. त्रिभुवन शर्मा, जोगेंद्र सिंह राणा, कंचन राजपूत, तारा पाठक जोशी, सवर्ण लाल सडाना और रेखा पांडे समेत कई लोग शामिल रहे। संगठन महामंत्री भुवन भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड के व्यापारियों को स्थानीय व्यापार को मजबूत करने के लिए आगे आना होगा। उन्होंने महिलाओं की व्यापार में भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया। इस दौरान तेज सिंह कार्की, दिनेश थुवाल, संजय त्यागी, संजय बिष्ट, सीमा बत्रा, ज्योति अवस्थी सहित कई वक्ताओं ने विचार रखे। इस मौके पर दीप्ती कुाल, कंचन उप्रेती, तरनजीत कौर, तरुण शर्मा, रेनू डसीला, शेखर शर्मा, प्रभा खनका, मंजू साह, अनिता जोशी, लीला भंडारी, नीना गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।

# काया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में छात्रों को दिया सीपीआर प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में बुधवार को छात्रों एवं शिक्षकों के लिए सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) और बेसिक लाइफ सपोर्ट विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद (एनआईए) जयपुर के प्रो. डा. हरीश भाकुनी एवं प्रो. डा. दीप्ति बिष्ट ने सहभागिता कर छात्रों को महत्वपूर्ण चिकित्सकीय जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान एनआईए के प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी विभाग की डा. दीप्ति बिष्ट ने बेसिक लाइफ सपोर्ट के अंतर्गत सीपीआर की वैज्ञानिक प्रक्रिया और महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डा. विनय खुल्लर ने कहा कि बेसिक लाइफ सपोर्ट में सीपीआर



अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके सही अभ्यास से आपातकालीन स्थिति में किसी भी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। विशेषज्ञ प्रो. डा. हरीश भाकुनी ने श्वास रोग एवं मधुमेह रोग के सापेक्ष निदान (डिफरेंशियल डायग्नोसिस) और चिकित्सा पद्धतियों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में सफलता के लिए रोग की सही पहचान और उसके उपचार की प्रक्रिया को गहराई से समझना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रो. डा. नीतू भट्ट, डा. नेहा उपाध्याय, डा. स्वाति भट्ट, डा.श्वेता पाल, डा. महेंद्र बोरा, डा. प्रियंका सिंह, डा. निवेदिता, डा. दीपिका, डा. किरण, डा. महेंद्र कार्की, डा. स्वप्निल आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भाजपा बूथ अध्यक्ष ने वरिष्ठ नेता पर लगाए गद्दारी के आरोप

- हाईकमान से शिकायत की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** भाजपा बूथ अध्यक्ष बिट्टू सिंह डब ने वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर सिंह संधू पर पार्टी विरोधी गति. विधियों में शामिल होने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मेजर सिंह संधू भाजपा में रहकर पार्टी को कमजोर करने का कार्य कर रहे हैं।



बिट्टू सिंह डब ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रत्येक चुनाव में मेजर सिंह संधू भाजपा प्रत्याशियों को हराने और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को जिताने का प्रयास करते हैं। उन्होंने हाल ही में हुए बाजपुर सहकारी क्रय-विक्रय समिति चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस नगराध्यक्ष सत्यवान गर्ग के भतीजे विपिन गर्ग को चुनाव जिताने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।उन्होंने कहा कि इस संबंध में पार्टी हाईकमान को समस्त साक्ष्यों सहित लिखित शिकायत भेजी जाएगी, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच हो सके। बयान के बाद स्थानीय राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है।

# खेत में उतरे डीएम मनीष कुमार

- महिलाओं संग काटी गेहूं की फसल
- कनलगांव में क्रॉप कटिंग निरीक्षण के दौरान दिखा किसान पुत्र का अंदाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** किसान परिवार में पले-बढ़े व्यक्ति के संस्कार जीवनभर उसके साथ चलते हैं। चाहे वह कितने ही बड़े पद पर क्यों न पहुंच जाए, मिट्टी, खेत और खेती से उसका जुड़ाव कभी खत्म नहीं होता। कुछ ऐसा ही नजारा आज चंपावत के समीप कनलगांव में देखने को मिला, जब जिलाधिकारी मनीष कुमार क्रॉप कटिंग निरीक्षण के दौरान खुद महिलाओं के साथ खेत में उतर गए और गेहूं की कटाई में हाथ बंटाने लगे।



खेत में दरांती संभालते जिलाधिकारी को देखकर ग्रामीण महिलाएं भी दंग रह गईं। महिलाओं का कहना था कि डीएम की दरांती भी उतनी ही सहजता से चल रही थी, जितनी वर्षों से खेती कर रही महिलाओं की चलती है। कुछ देर के लिए ऐसा लगा मानो कोई अधिकारी नहीं, बल्कि गांव का ही एक किसान खेत में मेहनत कर रहा हो। इस दौरान जिलाधिकारी ने खेतों में काम कर रही महिला कृषकों से खेती-किसानी में आने वाली परेशानियों को लेकर खुलकर संवाद किया।

डीएम मनीष कुमार ने मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार को निर्देश दिए कि महिला कृषकों को पावर टिलर सहित अन्य कृषि उपकरण और उन्नत बीज उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही महिलाओं को पावर टिलर चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जाए ताकि वे खेती में आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर अपर सांख्यिकी अधिकारी जुगल किशोर पांडे, कृषि विभाग तथा राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### उड़न दस्ते की कार्रवाई में दो छात्राएं नकल करते पकड़ी गईं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

टनकपुर। राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में गुरुवार को आयोजित सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा के दौरान दो छात्राएं नकल करते हुए पकड़ी गईं। छात्राएं रसायन विज्ञान प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा दे रही थीं।

परीक्षा के दौरान उड़न दस्ते एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान दोनों छात्राओं के पास से नकल सामग्री बरामद होने पर उन्हें तत्काल पकड़ लिया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने दोनों की उत्तर पुस्तिकाएं सील कर नियमानुसार विश्वविद्यालय भेज दी हैं। प्रशासन ने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए आगे भी सख्ती से चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

### प्रवीन नदी सफाई का कार्य शुरू जल भराव से मिलेगी निजात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को जल भराव की गंभीर समस्या से मुक्ति दिलाने तथा पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने की दिशा में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या ने ग्राम नौसर से लेकर सुनपहर तक बहने वाली परवीन नदी साफ सफाई कार्य का विधिवत शुभारंभ किया।



इस अभियान का मुख्य देश नदी के प्राकृतिक स्वरूप को बाहर करना और जलवायु की समस्या से स्थानीय किसानों व ग्रामीणों को निजात दिलाना है। लंबे समय से गंदगी और सिल्ट जलकुंभी कूड़ा कचरा मलबे के कारण चौक हो चुकी। इस नदी की सफाई होने से क्षेत्र के दर्जनों गांवो को राहत मिलेगी। नदी सफाई का कार्य करीब लगभग 40 लाख की लागत से होना सुनिश्चित किया गया है जो की नौसर से सूनपहर तक किया जाएगा। सफाई का शुभारंभ होते ही नदी में पोकलैंड और जेसीबी मशीनों को उतारा गया है। नदी के किनारो को चौड़ा और गहराई बढ़ाने का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है।

इस दौरान मौके पर अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग आनंद सिंह नेगी, सहायक अभियंता हेमंत गंगवार, ठाकुर सुदेश सिंह, ग्राम प्रधान महेंद्र पाल, निषाद, वीरेंद्र मौर्य, ग्राम प्रधान भाजपा नेता सोमनाथ मौर्य, विनोद कुमार आदि मौजूद है।

### रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त संग्रह मातृ शक्ति की रही विशेष भागीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** भारत विकास परिषद बाजपुर शाखा द्वारा डॉ. पांडेय अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रख्यात सर्जन डॉ. हरिओम पांडे एवं डॉ. पूनम पांडे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।




इस अवसर पर ब्लड बैंक डायरेक्टर डॉ. सतीश दीक्षित ने डॉ. हरिओम पांडे, भारत विकास परिषद के प्रांत संयोजक नेत्रदान सतीश गर्ग एवं शाखा अध्यक्ष कुलदीप चौधरी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर संयोजक मनोज जैन एवं पूर्व अध्यक्ष संजीव कश्यप ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। शिविर में इस बार मातृ शक्ति की विशेष भागीदारी देखने को मिली। कुल 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम में, पवन गोयल, संजय गोयल, अजय गर्ग, राजेश विश्वकर्मा, रजत मित्तल, जितेश गोयल, शैली गर्ग, आकांक्षा सिंघल, चंचल चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### लंबे समय से फरार चल रहे धोखाधड़ी के अभियुक्त को पिरान कलियर से किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंह नगर अजय गणपति के निर्देशन में चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अपराध रुद्रपुर, पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी काशीपुर के पर्यवेक्षण में जसपुर पुलिस ने प्रभावी सुरागरसी एवं लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप धोखाधड़ी के आरोपों में लंबा समय से फरार अभियुक्त अर्जुन सिंह व अन्य प्रतिवादियों द्वारा पीड़िता को धोखे एवं झांसे में लेकर ग्राम मेघावाला स्थित खसरा संख्या-314 मिन, कुल क्षेत्रफल 101.84 वर्ग मीटर का मकान वर्ष 2024 में 5,90,000/- में विक्रय कर उसकी विधिवत रजिस्ट्री एवं दाखिल-खारिज कराई गई तथा स्वयं उसी मकान में किरायेदार के रूप में रहने लगे। बाद में जब पीड़ित पक्ष द्वारा मकान का कब्जा मांगा गया तो जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि मुख्य अभियुक्त अर्जुन सिंह द्वारा उक्त संपत्ति वर्ष 2013 में ही अपने बहनोई के नाम विक्रय कर उसकी रजिस्ट्री पूर्व में कराई जा चुकी थी।



न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पीड़िता रुबीना परवीन की तहरीर के आधार पर कोतवाली जसपुर में मुकदमा अपराध संख्या-55/26, धारा 318(4)/351(2)/352 बीएनएस बनाम अर्जुन सिंह पुत्र बत्तू सिंह निवासी ग्राम मेघावाला जसपुर आदि पंजीकृत कर विवेचना उ.नि. भूपाल राम पोरी को सुपुर्द की गई। अभियोग पंजीकृत होने के पश्चात मुख्य अभियुक्त अर्जुन सिंह लगातार फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार सुरागरसी एवं संभावित स्थानों पर दबिश की कार्रवाई की गई। इसी क्रम में मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अर्जुन सिंह को पिरान कलियर, हरिद्वार क्षेत्र से पकड़कर पूछताछ उपरांत विधिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय के समक्ष पेश कर उप जिला कारागार हल्द्वानी निरुद्ध कराया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडेय, एसआई भूपाल राम पोरी, एसआई ललित सिंह, कां. अरुण कुमार आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### कोतवाली पुलिस ने नाजायज तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत कोतवाली निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने एक व्यक्ति को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

गुरुवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक के नेतृत्व में अवैध हथियार रखने वाले लोगों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत पुलिस की टीम ने बरकाडांडी से ज्ञानपुरगौडी को जाने वाले रास्ते पर पुलिया से करीब 50 मीटर की दूरी पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जिसकी तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा तथा एक कारतूस बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अपना नाम मंगत सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र कृपाल सिंह निवासी बरकीडांडी नानकमत्ता बताया है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने शस्त्र अधिनियम की धारा 3/25 के तहत आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है जिसे पुलिस न्यायालय के समक्ष पेश करेगी। पकड़ने वाली पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक कृपाल सिंह पटवाल, अपर उप निरीक्षक चंचल सिंह, अपर उप निरीक्षक कमलेश मेहरा, सिपाही इमरान खान शामिल है।

# 22 मई को होगा 25 वीं सिल्वर जुबली सालाना पैगामे हक कॉन्फ्रेंस

- कॉन्फ्रेंस की तैयारियों को लेकर हुई अहम बैठक
- देश के मशहूर व मारूफ स्कॉलर, अदीब शायर और धार्मिक गुरु कॉन्फ्रेंस में करेंगे शिरकत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मदरसा गौसिया अरबी कॉलेज खटीमा की 25वीं पैगामें हक कॉन्फ्रेंस व जश्ने दस्तारबंदी के संबंध में एक अहम बैठक सम्पन्न गई। बैठक में मौलाना इरफानुल हक कादरी ने कहा कि मदरसा गौघसिया की 25वीं सिल्वर जुबली सालाना पैगामें हक कांफ्रेंस आगामी 22 मई 2026 को प्रस्तावित ह।

कार्यक्रम में देश के मशहूर व मारुफ स्कॉलर,अदीब, शायर, धार्मिक गुरु, मुख्य जानशीने हुजूर ताजुश्शरिया, कायदे मिल्लत, ग्रैंड मुफ्ती ऑफ इंडिया हजरत मुफ्ती असजद रजा खान कादरी बरेली शरीफ, हजरत सैयद फैजान रजा रामपुरी, हजरत सैय्यद असलम मियां बिलग्राम शरीफ, हजरत सैय्यद आले रसूल मियां किच्छा, अल्लामा मोहम्मद अकिल रजवी बरेली शरीफ, मुफ्ती शकील अहमद बरेली शरीफ तथा इनके अलावा लगभग 100 से ज्यादा उलमा तशरीफ ला रहे हैं। जहां हजारों लोगों के जमा होने की संभावना है। मौलाना काध्दरी साहब ने आदेश दिया कि सभी वॉलिंटियर अपने-अपने काम को बखूबी अंजाम दें। साथ ही वक्ताओं से विशेष अनुरोध किया गया कि वे सियासत तथा किसी की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा हुआ कोई भी वक्तव्य ना दे। उन्होंने कहा कि पैगामे हकघ कॉन्फ्रेंस की मुकम्मल तैयारी हो चुकी है। उन्होंने तमामी अबाबे अहले सुन्नत से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा तादाद में शिरकत करें और उलमा- ए-किराम के बयानात को सुनकर सवाबे दारैन से मालामाल हों।

इस अवसर पर हजरत मुफ्ती फरियाद आलम रिजवी, हजरत मौलाना इरशाद हुसैन तहसीनी,मुफ्ती सईद अनवर इरशादी, हाफिज जफरुद्दीन, हाघफिज शराफत हुसैन अजहरी, हाफिज अब्दुल बासित अजहरी, हाफिज मोहम्मद रजा साहब, हाफिज इरशाद हुसैन मुशाहदी, मौलाना अमानुल हक कादरी, हाफिज इरशाद अहमद मुशाहिदी, मास्टर खालिद हुसैन, मास्टर चुम्मन हाफिज शफीक कदीरी आदि मौजूद रहे।

# पांचवीं अनुसूची लागू होने से ही रुकेगा पहाड़ों से पलायन : एकता मंच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** उत्तराखंड में बढ़ते पलायन, भूमि संरक्षण और मूल निवासियों के अधिकारों को लेकर अब पांचवी अनुसूची की मांग तेज होने लगी है। इसी क्रम में उत्तराखंड एकता मंच की कुमाऊं प्रभारी टीम ने टनकपुर, सुखीडांग और बनबसा क्षेत्र में जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को संविधान की पांचवी अनुसूची के प्रावधानों की जानकारी दी। मंच का दावा है कि पहाड़ों से लगातार हो रहे पलायन को रोकने और गांवों को फिर से आबाद करने का यही एक प्रभावी समाधान है।



मंच के कुमाऊं प्रभारी बसंत पांडे ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244(1) के अंतर्गत पांचवी अनुसूची में अनुसूचित क्षेत्रों को विशेष प्रशासनिक और सामा. जिक अधिकार दिए गए हैं। उनका कहना है कि कुमाऊं और गढ़वाल क्षेत्र के मूल निवासी इन सभी मानकों पर खरे उतरते हैं, बावजूद इसके आज तक उत्तराखंड को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं।

उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि अंग्रेजी शासनकाल में 1874 के शेड्यूल डिस्ट्रिक्ट एक्ट के तहत कुमाऊं मंडल के कई हिस्सों को विशेष संरक्षण प्राप्त था। बाद में 1936 से इन अधिकारों में कटौती शुरू हुई और वर्ष 1972 तक यह व्यवस्था पूरी तरह समाप्त कर दी गई। पांडे ने कहा कि पहाड़ी युवाओं को सेना भर्ती में मिलने वाला विशेष आरक्षण भी अब खत्म हो चुका है, जबकि विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले हिमालयी राज्य को विशेष संवैधानिक संरक्षण मिलना चाहिए।

वहीं मंच के ऊधम सिंह नगर जिला प्रभारी डॉ. विक्रम सिंह माहोडी ने कहा कि यदि उत्तराखंड में पांचवी अनुसूची और पेसा एक्ट लागू होता है तो पलायन की दिशा बदल सकती है।

उनका कहना है कि ग्राम सभाओं को अधिक अधिकार मिलने और स्थानीय लोगों को भूमि एवं संसाधनों पर संरक्षण प्राप्त होने से लोग दोबारा गांवों की ओर लौटेंगे। अभियान के दौरान मंच पदाधिकारियों ने स्थानीय जनता से इस मुहिम से जुड़ने और इसे जनआंदोलन का रूप देने की अपील की।

# ग्राम पंचायत मनिहारगोठ में खुली बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** ग्राम पंचायत मनिहारगोठ में ग्राम प्रधान शहाना खातून की अध्यक्षता में खुली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं और विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। ग्रामीणों ने पंचायत क्षेत्र में पेयजल, सिंचाई, सड़क, स्वच्छता एवं विद्युत व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण मांगें उठाईं, जिन पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए।

**कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव हुए पारित**

बैठक में किसानों की समस्या को देखते हुए सिंचाई गुल की लगभग 500 मीटर मरम्मत कराने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होने से खेती कार्य में दिक्कतें आ रही हैं। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत में 30 नए घरेलू जल कनेक्शन दिए जाने तथा पूरे क्षेत्र में सुचारू पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति का समय बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि सुबह चार घंटे और शाम को चार घंटे नियमित पानी की आपूर्ति की जाए, ताकि लोगों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। बैठक में यह भी कहा गया कि गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत बढ़ जाती है, इसलिए विभाग को स्थायी समाधान की दिशा में कार्य करना चाहिए। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के समक्ष मेन रोड के फुटपाथ पर लगे बिजली के पोल हटाने की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क किनारे लगे पोलों के कारण आवागमन में परेशानी हो रही है तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पंचायत क्षेत्र में नियमित कूड़ा उठान हेतु कूड़ा गाड़ी उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई।

गरीब परिवारों को राहत देने के उद्देश्य से बीपीएल राशन कार्डों का कोटा बढ़ाने की मांग भी सर्वसम्मति से की गई। बैठक में पेंशन योजना के पात्र लाभार्थियों का चयन किया गया तथा राशन कार्ड धारकों का सत्यापन कर प्राथमिकता के आधार पर पात्र व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत में सड़क निर्माण, जल निकासी नाली, सोलर लाइट स्थापना, सिंचाई गुल सुधार एवं गौशाला निर्माण से संबंधित कई विकास प्रस्ताव भी पारित किए गए। ग्रामीणों ने पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास के लिए विभागीय अधिकारियों से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। बैठक में ग्राम विकास अधिकारी रश्मि जोशी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विवेक वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मुवश्शिर अली गोलू, बिजली विभाग के लाइनमैन प्रमोद रावत, जल संस्थान के लाइनमैन किशन चंद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गन्ना राज्य मंत्री मंजीत सिंह राजू ने किया बाजपुर चीनी मिल का औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** दर्जा प्राप्त गन्ना राज्य मंत्री मंजीत सिंह राजू ने बुधवार को बाजपुर चीनी मिल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मिल परिसर का निरीक्षण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद किया और उनका हालचाल जाना।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने मिल की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई, मशीनों की स्थिति तथा आगामी पेराई सत्र की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आगामी पेराई सत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों के हित सर्वोपरि हैं और सभी कार्य पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कर्मचारियों से पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान मिल प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# मेलाघाट में नदी कटाव क्षेत्र का आपदा सचिव ने किया निरीक्षण

- अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशानुसार में गुरुवार को मेलाघाट, खटीमा स्थित जगपुड़ा नदी में हो रहे कटाव का क्षेत्र के आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नदी कटाव से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नदी कटाव रोकने हेतु किए जा रहे कार्यों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी भी साझा की। आपदा सचिव ने मानसून से पूर्व सभी आवश्यक सुरक्षा एवं बचाव कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर रमेश चन्द्र जोशी, अपर जिला अधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, सिंचाई विभाग के एएक्सईएन आनंद नेगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके पश्चात कैंप कार्यालय में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद ऊधम सिंह नगर एवं चंपावत के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में आपदा प्रबंधन, नदी कटाव रोकथाम, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा मानसून से पूर्व तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।


# सड़क पर बना गड्ढा लोगों के लिए बना मुसीबत

- संबंधित विभाग बना मूकदर्शक, स्थानीय लोगों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** नगर क्षेत्र में पर्यटक आवास गृह एवं स्पोर्ट्स स्टेडियम गेट के सामने समीप मुख्य सड़क पर बना गहरा गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। सड़क मे बने इस गड्ढे के कारण आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग अब तक समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है। इससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गड्ढा लगातार बड़ा होता जा रहा है, जिससे दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। विशेषकर रात के समय गड्ढा दिखाई नहीं देने के कारण दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। कई बाइक सवार और पैदल राहगीर यहां फिसलकर चोटिल हो चुके हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सड़क से प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक, स्थानीय लोग तथा स्कूली बच्चे गुजरते हैं। पर्यटक आवास गृह के पास होने के कारण बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों को भी इस बदहाल सड़क का सामना करना पड़ रहा है, जिससे नगर की छवि खराब हो रही है। लोगों का आरोप है कि कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को मौखिक रूप से समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। विभागीय लापरवाही के चलते लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है।



स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द सड़क की मरम्मत कर गड्ढे को भरवाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

# मायावती अस्पताल में पहली बार लगेगा विशाल मूत्र एवं किडनी संबंधित निशुल्क यूरोलॉजी शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** पहाड़ के हजारों लोगों के लिए राहत भरी खबर है। यदि आप गुर्दे की पथरी, बार-बार या रुक-रुक कर पेशाब आने, प्रोस्टेट, पेशाब में जलन, पेशाब की थैली की बीमारी, पेशाब का रंग बदलने, पेशाब के साथ खून या वीर्य आने, पेशाब के रास्ते में रुकावट अथवा अन्य किडनी संबंधी गंभीर बीमारियों से परेशान हैं और महंगे इलाज के कारण उपचार नहीं करा पा रहे हैं, तो अब आपके लिए सुनहरा अवसर है। अद्वैत आश्रम मायावती के प्रेसिडेंट स्वामी शिव हृदयानंद महाराज की विशेष पहल पर मायावती अस्पताल में 1 से 3 जून तक तीन दिवसीय विशेष निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में विदेश से प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट एवं किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक दुबे अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ मरीजों का परीक्षण और परामर्श देंगे।

**संबन्ध विच्छेद**

मैने अपने पुत्र समीर को इसके द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर समस्त संबन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेन-देन एवं कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं होगा।

**जरीना पत्नी श्री एहसान**
**निवासी-वार्ड नं.-6 मस्जिद वाली गली, भूतबंगला रुद्रपुर, थाना, रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र पूर्व में नगर पालि. का टनकपुर में पंजीकरण संख्या संख्या- 28 एवं पंजीकरण दिनांक 01/06/2013 के माध्यम से जारी करवाया गया था। जिसमें पुत्र का नाम वंश अंकित करवा दिया था, जबकि अभिलेख अनुसार पुत्र का सही वास्तविक नाम "वंश राठौर" तथा माता का नाम "ज्योति देवी" के स्थान पर सही नाम "ज्योति" है। अत: भविष्य में मेरे पुत्र का सही नाम वंश राठौर एवं माता का सही नाम ज्योति ही जाना पहचाना जाए।

**शपथकर्ता ज्योति पत्नी राजेंद्र सिंह**
**निवासी- वार्ड नं. 07, टनकपुर, जनपद चम्पावत, उत्तराखण्ड।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र पूर्व में नगर पालिका परिषद टनकपुर से पंजीकरण संख्या 438, एवं पंजीकरण दिनांक 18,11,2016 के माध्यम से जारी करवाया गया था। जिसमें पुत्री का नाम "अवनी राठौर", माता का नाम "ज्योति राठौर" व पिता का नाम "राजेंद्र सिंह राठौर" अंकित करवा दिया गया था। परंतु अभिलेखानुसार पुत्री का सही नाम "अवनी", माता का नाम "ज्योति" एवं पिता का नाम "राजेंद्र सिंह" है। भविष्य में इनके सही नाम से जाना व पहचाना जाए।

**ज्योति पत्नी राजेंद्र सिंह**
**निवासी-वार्ड नं. 07, टनकपुर, जनपद चम्पावत, उत्तराखण्ड**

# अलविदा: सादगी, अनुशासन और दृढ़ता लिए याद किए जाएंगे मेजर जनरल खंडूड़ी

## नैनीताल और पाषाण देवी तथा पाचन देवी मंदिर से ताउम्र रहा गहरा नाता

**अफज़ल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** पूर्व मुख्यमंत्री व मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी को उनकी सादगी, अनुशासन और दृढ़ता को लेकर सदा याद किया जाता रहेगा। उनके हमारे बीच से चले जाने का दुख हर किसी को सालता रहेगा। मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य हित में उनके द्वारा लिए दृढ़ और निष्पक्ष फैसलों ने उन्हें प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश अलग पहचान दिलाई थी। उनका नैनीताल से गहरा नाता था उनका विवाह नैनीताल के कोतवाल स्वर्गीय नैलवाल की पुत्री अरुणा से विवाह हुआ था तथा तथा उनका नैनीताल के प्रसिद्ध मंदिर पाषाण देवी से गहरा नाता रहा है। जब भी भुवन चंद खंडूड़ी या उनके परिवार का जब भी नैनीताल द्वारा लगता था वह पहले पाषाण देवी मंदिर जाकर दर्शन करते थे मालूम हो कि भुवन चंद्र खंडूड़ी का जीवन सादा रहा।

वे जनता की सेवा को राष्ट्रसेवा मानते थे। आज के राजनीतिक माहौल में ऐसे नेता दुर्लभ माने जाते हैं। सेना अधिकारी होने के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास के मुद्दों पर उनकी सोच व्यावहारिक और दूरदर्शी रही। खंडूड़ी जी का व्यक्तित्व कर्मयोगी वाला रहा। शब्दों से ज्यादा काम पर



विश्वास करने वाले, सिद्धांतों पर अडिग रहे। उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में जहां विकास, भ्रष्टाचार और स्थिरता की चुनौतियां रही हैं, उन्होंने अपनी सैन्य अनुशासन और ईमानदारी को राजनीति में उतारने की कोशिश की।

आज 91 वर्ष की आयु में भी वे उत्तराखंड की राजनीति में सम्मान के प्रतीक बने हुए हैं। उनकी विरासत ईमानदारी, अनुशासन और जनसेवा की है, जो युवा नेताओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। भुवन चंद्र खंडूड़ी का मंगलवार को देहरादून स्थित मैक्स अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे उत्तराखंड में शोक की लहर दौड़ गई। वह लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे और अपनी साफ़-सुथरी छवि, अनुशासित कार्यशैली तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े रुख के लिए पहच. ाने जाते थे।

सेना से राजनीति में आए मेजर जनरल (रिटायर्ड) खंडूड़ी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के रूप में दो बार प्रदेश की कमान संभाली। उनका पहला कार्यकाल वर्ष 2007 से 2009 तक तथा दूसरा कार्यकाल 2011 से 2012 तक रहा। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रशासनिक पारदर्शिता, सुशासन और अनुशासन को प्राथमिकता दी। भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी सख्त कार्यप्रणाली ने उन्हें एक ईमानदार और कठोर प्रशासक की पहचान दिलाई।

खंडूड़ी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते थे और उत्तराखंड की राजनीति में उनका विशेष योगदान रहा। उनकी पुत्री ऋतु खंडूड़ी भूषण वर्तमान में उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद खंडूड़ी के निधन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट महासचिव तरुण बंसल, उत्तराखंड प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, सतपाल महाराज, मदन कौशिक, गणेश जोशी, रेखा आर्य, सुबोध उनियाल, यशपाल आर्य, करण मेहरा, भुवन चंद्र कापड़ी, नैनीताल सांसद अजय भट्ट, विधायक सरिता आर्या, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, बंशीधर भगत, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, दर्जा मंत्री शांति मेहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा धर्मपाल, नगर पालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, मोहित आर्य, गोपाल रावत, मनोज जोशी नितिन कर की अरविंद पड़ियाल, मां नैना देवी व्यापार मंडल अध्यक्ष पुनीत टंडन, माली लाल व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्ण नेगी तल्लीताल अध्यक्ष मारुति शाह, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह जिला वेद शाह, अंजुमन इस्लामिया के सदर शोएब अहमद, गुरुद्वारा सभा के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, आनंद अमर प्रीत सिंह रामसेवक सभा के अध्यक्ष मनोज शाह जगदीश जगदीश बावड़ी, तल्लीताल अंजुमन इस्लामिया समिति के सदर वास कुरैशी वाल्मीकि सभा के सरपंच गिरीश भैया दिनेश कटिहार समेत कई राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### मां पाषाण देवी ने अपना समर्पित भक्त खो दिया: भट्ट

**नैनीताल।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल (रिटायर्ड) भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन पर नैनीताल में गहरा शोक व्याप्त है, विशेष रूप से नगर के



ठंडी सड़क स्थित प्रसिद्ध श्री मां पाषाण देवी मंदिर के पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट ने उनके निधन को एक व्यक्तिगत क्षति बताया है। पुजारी भट्ट ने खंडूड़ी जी के साथ जुड़ी पुरानी यादों को साझा करते हुए बताया कि जनरल साहब का इस मंदिर और नैनीताल से गहरा और आत्मीय नाता था। पुजारी जगदीश भट्ट के अनुसार खंडूड़ी जी की माता रानी के प्रति अटूट आस्था थी। उनके लिए राजनीति से ऊपर भक्ति और सेवा थी। पुजारी भट्ट ने उस ऐतिहासिक पल को याद करते हुए बताया कि जब 8 मार्च 2007 को उन्होंने पहली बार उत्तराखंड के मुखयमंत्री पद की जिमेदारी संभाली, तो उसके ठीक अगले दिन यानी 9 मार्च को सीधे पाषाण देवी मंदिर पहुँचे थे। उन्होंने प्रोटोकॉल की परवाह किए बिना तल्लीताल गांधी चौक से वाहन से उतरकर एक साधारण भक्त की तरह ठंडी सड़क पर पैदल चलकर माता के दरबार में मत्था टेका था। भट्ट ने बताया कि खंडूड़ी जी जब भी नैनीताल के दौरे पर आते थे मंदिर जरूर आते थे उनकी सादगी का आलम यह था कि वे घंटों मंदिर परिसर में बैठकर आध्यात्मिक शांति महसूस करते थे। उनके कार्यकाल में मंदिर के विकास में भी काफी मदद मिली। पुजारी भट्ट की मानें तो बीते लंबे समय से खंडूड़ी जी का स्वास्थ्य खराब चल रहा था उसके बाद भी जब भी उनकी पुत्री वर्तमान में विधान सभा अध्यक्ष रितु खंडूड़ी जबभी नैनीताल आती थी तो वह मंदिर से ही वीडियोकाल के माध्यम से मां पाषाण देवी के दर्शन करवाती थी। भट्ट ने कहा कि आज उनके जाने से पाषाण देवी मंदिर ने अपना एक सबसे समर्पित भक्त खो दिया है। कहा कि पृथक राज्य गठन से पूर्व से ही वह मां के दर्शन करने मंदिर जरुर आया करते थे।

## एक नजर

### कांग्रेसियों ने बांटे मरीजों को फल

**नैनीताल।** मल्लीताल बीडी पांडे चिकित्सालय में भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के शहादत दिवस के अवसर पर बीरवार को अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल सचिन नेगी के नेतृत्व में मरीजों को फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय कुमार संजू समेत राजेंद्र, त्रिभुवन र्तियाल,पीके शर्मा, नगर पालिका सभासद जितेंद्र पांडे जीनू, नगर पालिका सभासद अंकित चंद्रा, पूर्व युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव संजय कुमार, विधानसभा अध्यक्ष शिवम बजाज, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सिद्धार्थ टंडन, वरिष्ठ कांग्रेसी मुन्नी तिवारी, मंजू बिष्ट, बीटीसी मेंबर शुभम बिष्ट, राजेंद्र व्यास, मनोज ममघाई, रविंद्र राठौर, अमित पांडे, भुवन बिष्ट, मोहित बिष्ट, लता तरुण, गीता मंडल, देवकी, अभिषेक कुमार विधानसभा अध्यक्ष, नमन, चीमा, अमन, विशाल, इमरान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### धरा को हरा भरा रखने के लिए किया पौधरोपण

**नैनीताल।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बीरवार को 675वे दिन भी जारी रहा। उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि शुक्रवार आज डीडीहाट में प्रात: 10 बजे से व्योम रेस्टोरेंट में वचित राज्य आंदोलनकारियों व राज्य आंदोलनकारियों की बैठक होगी। बैठक के बाद उत्तराखंड क्रांति दल के नेतृत्व में आंदोलनकारी जुलूस की शकल में उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचेंगे पौधे के साथ ज्ञापन कार्यक्रम के तहत उपजिलाधिकारी को पौधारोपण से जोड़ते हुए उनके माध्यम से मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि इसकी सूचना उपजिला. धिकारी डीडीहाट को पत्र के माध्यम से दे दी गई है।

### जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

**नैनीताल।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डा. भुवन चंद्र आर्य ने बीरवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नैनीताल विधानसभा के रूसी व ताकुला गांवों में भ्रमण कर लोगों को सरकार की ओर से चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने डबल इंजन सरकार की विभिन्न योजनाओं को बताते हुए उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की गुजारिश की। भ्रमण के दौरान मिशन 2027 के लिए उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से जुटने का आह्वान किया। इस दौरान डा. आर्य के साथ जीवन सिंह चौहान, दीपेश खनी बूथ उपाध्यक्ष, खुशाल बिष्ट मीडिया प्रभारी, नंदन बिष्ट प्रभारी, हरीश गड़िया बूथ अध्यक्ष, सुंदर बिष्ट, विजय बिष्ट, गोविन्द सिंह, विकास, चंदन, अनिल जोशी, कुंदन चौहान, लक्ष्मण मेहरा व नंद लाल आर्या एवं अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### यूकेडी ने खंडूरी के निधन पर की शोक सभा

**नैनीताल।** उत्तराखंड क्रांति दल नैनीताल इकाई द्वारा पार्टी कार्यालय में बीरवार को सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल बीसी खंडूरी के निधन पर शोक सभा आयोजित की व विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक व्यकत करते हुए पूर्व विधायक डा. नारायण सिंह जंतवाल ने कहा खंडूरी जी साफगोई की राजनीति करते थे झूठे आश्वासन नहीं देते थे। सेना में उनका शानदार कैरियर रहा और उन्होंने उत्तराखंड राज्य की सैन्य परम्पराओं को आगे बढ़ाया। शोक सभा में पूर्व पालिकाध्यक्ष श्याम नारायण, एडवोकेट प्रकाश पांडे, अंबा दत्त बवाड़ी, नगर अध्यक्ष मनोज साह, खींमराज सिंह बिष्ट, रमेश कांडपाल, मदन बगड़वाल, संजय गुप्ता, आनंद सिंह तथा प्रताप सिंह बिष्ट थे।

### नरेश पांडे की अग्रिम जमानत पर सुनवाई आज

**नैनीताल।** दुष्कर्म और यौन शोषण के आरोपों में घिरे भवाली व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पाण्डे ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। मामले में शुक्रवार सुबह 10.30 बजे जमानत याचिका की पोषणीयता पर सुनवाई होगी। मल्लीताल थाने में दर्ज मुकदमे में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर करीब चार साल तक उसका शोषण किया और गर्भपात कराने का दबाव बनाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 और 351(2) के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं नरेश पाण्डे ने आरोपों को राजनीतिक साजिश बताते हुए खारिज किया है। याचिका में कहा गया है कि उनकी सामाजिक लोकप्रियता और चुनाव लड़ने की संभावना के चलते विरोधियों ने उन्हें फंसाया है। आरोपी पक्ष ने पुलिस पर अवैध हिरासत में रखने और मोबाइल जब्त करने के भी आरोप लगाए हैं।

### नाबालिगों को किराये पर दी जा रही थीं स्कूटियां

**नैनीताल।** ऑपरेशन लगाम के तहत तल्लीताल पुलिस ने नाबालिग चाल. कों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने तल्लीताल में चेकिंग अभियान के दौरान दो स्कूटियां सीज करते हुए वाहन स्वामियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस एसओ तल्लीताल मनोज सिंह नयाल के नेतृत्व में धर्मशाला मार्ग क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने स्कूटी संख्या यूके 04 टीबी-4175 व स्कूटी संख्या यूके 04 टीबी-4270 को रोका। वाहन चालक ड्राइविंग लाइसेंस और कागजात नहीं दिखा सके। आधार कार्ड जांच में दोनों स्कूटी के चालक नाबालिग पाए गए। एक स्कूटी वाहन मो. समी कुरैशी निवासी हरिनगर वार्ड बूचड़खाना तल्लीताल के नाम पंजीकृत मिला। वहीं दूसरा वाहन महबूब हुसैन सिद्दीकी निवासी हरिनगर वार्ड बूचड़खाना तल्लीताल के नाम पंजीकृत मिला।

## लखनऊ से यूसीसी प्रमाण पत्र बनवाने नैनीताल आया था दंपति

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भवाली में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत के बाद अब मृतकों के परिवार में कोहरा मचा हुआ है। परि. जनों ने बताया भूपेंद्र और सीमा समान



नागरिक संहिता (यूसीसी) का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बीते सोमवार को नैनीताल आए थे और आज परिवार के साथ घूमने के लिए निकले थे मगर उन्हें नहीं पता था कि उनका सफर अंतिम सफर होने वाला है। भूपेंद्र पीयूसिटी डायग्नोस्टिक समूह लखनऊ में ऑपरेशन ऑफिसर के पद पर कार्यरत है जबकि उनकी पत्नी सीमा निजी कॉलेज में प्रोफेसर हैं। यूसीसी प्रमाण पत्र की प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आज अपने बच्चों के साथ घूमने निकले थे। इसी दौरान भवाली के ढेला गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दोनों मासूम बच्चों की भी मौत हो गई। बेटा वासु मुंबई में पढ़ाई कर रहा हैए जबकि बेटी रीवा दिल्ली में अध्ययनरत है।

हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो. रोकर बुरा हाल है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। परिचितों के अनुसार भूपेंद्र और सीमा बेहद मिलनसार स्वभाव के थे और परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे थे। एक पल में हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।

## अब हर शुक्रवार को होगी वर्चुअल सुनवाई

### ईंधन बचाने के लिए उत्तराखंड हाईकोर्ट की अनोखी पहल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देश के मूल्यवान संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और ईंधन की बचत को बढ़ावा देने के लिए एक ऐतिहासिक पहल की है। मुख्य न्यायाधीश के आदेश पर रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी एक आधिकारिक कार्यालय ज्ञाप के अनुसार अब उच्च न्यायालय के सभी कार्य दिवस वाले शुक्रवारों को श्वर्चुअल सुनवाई के रूप में चिह्नित किया गया है।

इस दिन अदालत के मामलों की सुनवाई मुख्य रूप से ऑनलाइन (वीडियो कान्फ्रेंसिंग) माध्यम से की जाएगी ताकि अनावश्यक यात्राओं को कम किया जा सके। केवल उन्हीं मामलों में छूट दी जाएगी जहाँ तकनीकी दिक्कतों के कारण अधिवक्ता वर्चुअल माध्यम से जुड़ने में असमर्थ हों या जो पैदल अदालत आते हों।

उच्च न्यायालय ने नैनीताल से बाहर यानी आउटस्टेशन जैसे हल्द्वानी, भवाली आदि क्षेत्रों में रहने वाले अधिवक्ताओं के लिए विशेष दिशा. निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने इन अधिवक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे केवल शुक्रवार ही नहीं बल्कि सप्ताह के अन्य दिनों में भी नैनीताल की यात्रा करने के बजाय वर्चुअल मोड के माध्यम से ही अदालती कार्यवाही में शामिल हों। इस कदम का मुखय उद्देश्य ईंधन की भारी बचत करना और सड़कों पर वाहनों के दबाव को कम करना है।पर्यावरण और संसाधनों के संरक्षण को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए कोर्ट ने स्थानीय स्तर पर भी कड़े सुझाव दिए हैं। आदेश में नैनीताल शहर में ही निवास करने वाले सभी अधिवक्ताओं व अधिकारियों और न्यायालय के कर्मचारियों से पैदल ही हाईकोर्ट आने का अनुरोध किया गया है। इसके साथ ही बाहर से आने वाले अन्य कर्मियों और वकीलों को अपनी व्यक्तिगत गाड़ियों से आने के बजाय कार पूलिंग (गाड़ी साझा करने) की व्यवस्था अपनाने की सलाह दी गई है ताकि सामूहिक प्रयासों से ईंधन की बचत को और प्रभावी बनाया जा सके।

### बार एसोसिएशन करेगा प्रथम जिला स्तरीय कैरम टूर्नामेंट

**नैनीताल।** जिला बार एसोसिएशन नैनीताल द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय प्रताप सिंह मौनी की स्मृति में प्रथम जिला स्तरीय कैरम टूर्नामेंट-2026 का आयोजन 25 मई से बार सभागार में किया जाएगा। स्पोर्ट्स सेक्रेटरी डीएस दानू (एडवोकेट) ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई थी जिसके सभी स्लॉट भर चुके हैं अब टूर्नामेंट को लेकर मैचों के फिकस्चर तैयार किए जा रहे हैं ताकि सभी मुकाबले समयबद्ध ढंग से संपन्न कराए जा सकें उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता नॉक आउट आधार पर आयोजित होगी जिसमें सिंगल्स एवं डबल्स दो श्रेणियों में मुकाबले खेले जाएंगे सभी मैच प्रतिदिन न्यायिक कार्य समाप्त होने के बाद शाम 4 बजे से शुरू होंगे टूर्नामेंट में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को आकर्षक ट्राफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जाएगा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण बिष्ट ने कहा कि प्रतियोगिता को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं कहा कि खेल का आयोजन अधिवक्ताओं के बीच आपसी समन्वय भाईचारे और तनावमुक्त वातावरण को बढ़ावा देने का एक मजबूत माध्यम बनेगा सचिव संजय सुयाल ने सभी अधिवक्ताओं से प्रतियोगिता में उत्साहपूर्ण सहभागिता निभाने की बात कही।

### हत्या के प्रयास का आरोपी बरी

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हत्या के प्रयास के मामले में दोषी ठहराए गए विनोद को सभी आरोपों से बरी करते हुए देहरादून की निचली अदालत द्वारा सुनाई गई 5 साल की सजा रद्द कर दी है। मामला वर्ष 2002 में देहरादून में हुई सामूहिक मारपीट से जुड़ा है। ट्रायल कोर्ट ने पहले आरोपियों को दोषी मानते हुए प्रथम अपराधी अधिनियम का लाभ दिया था, लेकिन सरकारी अपील के बाद वर्ष 2020 में विनोद को 5 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी। न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। अदालत ने स्वतंत्र गवाहों के अभाव और आरोपी की स्पष्ट भूमिका साबित न होने को फैसले का आधार माना।

## परिचालक पर बस में छेड़छाड़ और बदसलूकी का आरोप

**नैनीताल।** केमू की बस में सफ र के दौरान युवती के साथ कथित अभद्रता और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोतवाली मल्लीताल में लिखित शिकायत देकर बस के परिचालक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में युवती ने बताया है कि 19 मई की सुबह वह अपने घर खुर्पाताल क्षेत्र से रामनगर से आती केमू की बस में कंप्यूटर कोर्स के लिए नैनीताल आ रही थी। आरोप है कि बस से उतरते समय परिचालक ने उसे धक्का दियाए जिससे वह असहज हो गई। युवती का कहना है कि पहले तो उसने इसे भीड़ का असर समझा लेकिन बाद में परिचालक लगातार उसके पास आकर बदसलूकी करता रहा। पीड़िता ने तहरीर में आरोप लगाया कि परिच. ालक उसके पास आकर गंदी हरकतें करता रहा और जानबूझकर उसे परेशान करता रहा। युवती ने यह भी कहा कि घटना के बाद वह मानसिक रूप से परेशान हो गई और उसने अपनी दोस्त को पूरी बात बताई। शिकायत के अनुसार वीरवार को दोबारा बदसलू की जिस पर लोगों ने परिचालक को जमकर पीटा। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग करते हुए सुरक्षा देने की भी अपील की है। मामले में पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। परिचालक को कोतवाली बुलाया गया है।

### मदरसा एजुकेशन एक्ट को चुनौती याचिका पर सुनवाई 10 जून को

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने मदरसा एजुक. ेशन एक्ट को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए अगली सुनवाई के लिए 10 जून की तिथि तय की है। बता दें इस प्रकरण को ऊधम सिंह नगर स्थित केबीएन एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से चुनौती दी गयी है। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में शुक्रवार को इस प्रकरण पर सुनवाई हुई। कहा गया कि वह वर्ष 2006 मदरसा संचालित करता आ रहा है। राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में मदरसा एजुकेशन एक्ट को लागू कर दिया गया है साथ ही आगामी 1 जुलाई 2026 से मदरसा शिक्षा परिषद को समाप्त कर दिया गया है।

## अधिकारियों से राज्यपाल ने विकास पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) से गुरुवार को लोक भवन नैनीताल में कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक विनीत तोमर ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को केएमवीएन की विभिन्न गतिविधियों, पर्यटन परियोजनाओं, अवस्थापना सुविधाओं एवं मानव संसाधन से संबंधित विषयों की जानकारी दी। श्री तोमर ने बताया कि कुमाऊं क्षेत्र में प्रधानमंत्री के भ्रमण के बाद पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है साथ ही क्षेत्र में नए पर्यटन स्थलों के विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने चंपावत और बागेश्वर में साहसिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा पर्यटकों की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाने की जानक. ारी भी दी। बैठक के दौरान राज्यपाल



ने केएमवीएन द्वारा पर्यटन विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ दीर्घकालिक योजनाओं पर विशेष फोकस किया जाना चाहिए ताकि क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों का सतत विकास हो और स्थानीय लोगों को भी इसका अधिक लाभ मिल सके। **वहीं,** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) से गुरुवार को लोक भवन नैनीताल में उत्तराखण्ड न्यायिक एवं विधि अकादमी के निद. ेशक प्रदीप पंत शिष्टाचार भेंट की। श्री पंत ने राज्यपाल से अकादमी की विभिन्न गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं न्यायिक क्षमता संवर्धन से जुड़े प्रयासों की जानकारी साझा की। इस दौरान उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के लिए आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण सत्रों, विधिक जागरूकता एवं न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।

## जिला अस्पताल से भागकर नाले में कूदा मरीज़, रेस्क्यू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के बीडी पांडे जिला अस्पताल में भर्ती एक मरीज अचानक अस्पताल से भागकर मेट्रोपोल स्थित नाले में कूद गया। नाले में कूदने के कारण मरीज गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने



रेस्क्यू कर 108 एम्बुलेंस के माध्यम से दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार धुलई घोड़ाखाल निवासी यशपाल बीडी पांडे अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती था। बीरवार की सुबह जब डा. एमएस दुग्ताल उसे देखने वार्ड में पहुँचे तो उसके कुछ देर बाद ही मरीज चकमा देकर अस्पताल से भाग गया। वह भागते हुए मेट्रोपोल क्षेत्र पहुँचा और वहाँ स्थित नाले में छलांग लगा दी। नाले में गिरने की वजह से यशपाल को काफी चोटें आईं। इस दौरान वहाँ से गुजर रहे राहगीरों ने जब उसे घायल अवस्था में देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे नाले से बाहर निकाला। कोतवाली के एसआई दीपक कार्की ने बताया कि मरीज मानसिक रूप से अस्वस्थ लग रहा है जिसे सुरक्षित रेस्क्यू कर इलाज के लिए दोबारा अस्पताल पहुँचा दिया गया है।

## एएनटीएफ ने 38 लाख की हेरोइन पकड़ी

### बहेड़ी का शातिर क्रिमिनल पुलभट्टा में चढ़ा टीम के हत्थे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**उधमसिंह नगर।** उत्तराखंड एसटीएफ की एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) कुमाऊं यूनिट ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना पुलभट्टा पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में एक आरोपी को 129 ग्राम अवैध हेरो. इन के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 38 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान महेश मौर्य पुत्र रोशन लाल निवासी ग्राम चौनडेरा, थाना बहेड़ी, जनपद बरेली (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। एसटीएफ के अनुसार मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि



अभियान के तहत पुलिस महानिद. ेशक उत्तराखंड दीपम सेठ के निर्देश पर राज्यभर में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसटीएफ की एंटी नार्कोटिक्स टीम ने तकनीकी एवं मैनुअल इनपुट के आधार पर पुलभट्टा क्षेत्र में कार्रवाई की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बरेली के कुछ लोगों के संपर्क में था और वहां से कम कीमत में हेरोइन खरीदकर कुमाऊं के पहाड़ी क्षेत्रों में ऊंचे दामों पर सप्लाई करता था। एसटीएफ अब आरोपी के फारवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश में चोरी, हत्या के प्रयास, पुलिस मुठभेड़, आर्म्स एक्ट, धोखाधड़ी, दहेज उत्पीड़न समेत कई गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। इस कार्रवाई में एसटीएफ एंटी नार्कोटिक्स टीम से निरीक्षक पावन स्वरूप, एसआई विनोद चंद्र जोशी, आरक्षी वीरेंद्र चौहान और आरक्षी इसरार अहमद शामिल रहे। वहीं थाना पुलभट्टा पुलिस टीम में एसओ प्रदीप मिश्रा, एसआई दिनेश चंद्र भट्ट और आरक्षी गजेंद्र सिंह ने सहयोग किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ ने जनता से अपील करते हुए कहा है कि नशे से दूर रहें और किसी भी प्रकार के लालच में आकर नशा तस्करी में शामिल न हों। नशा तस्करों की सूचना निकटतम पुलिस स्टेशन या एसटीएफ/एएनटीएफ उत्तराखंड को दी जा सकती है। सूचनाकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## लोअर माल रोड का कार्य पूरा न होने पर फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** लोअर माल रोड पर चल रहे मरम्मत कार्य के लंबे समय से पूरा न होने पर माँ नयना देवी व्यापार मंडल ने नाराजगी जताई है। बुधवार को व्यापार मंडल के शिष्टमंडल ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना को ज्ञापन सौंपकर 15 जून तक हर हाल में कार्य पूरा करने की मांग की।



व्यापार मंडल ने कहा कि लोअर माल रोड में दरार आने के बाद सितंबर-अक्टूबर 2025 से मरम्मत कार्य चल रहा है, लेकिन नौ माह बीतने के बाद भी सड़क नहीं खुल सकी है। विभाग द्वारा कई बार कार्य पूरा करने की तिथि दी गई, लेकिन हर बार समय बढ़ाया गया। अप्रैल में जिलाधिकारी की बैठक में भी मई अंत तक कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। व्यापारियों का कहना है कि पर्यटन सीजन के पीक समय में सड़क बंद रहने से अपर माल रोड पर यातायात का दबाव बढ़ रहा है और पर्यटकों व स्थानीय लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि तय समय तक काम पूरा नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। शिष्टमंडल में व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष विकास जायसवाल, सचिव शिव शंकर मजूमदार और संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन शामिल रहे।

# दलीप ट्रॉफी से शुरू होगा घरेलू सीजन

■ दो चरणों में खेली जाएगी रणजी ट्रॉफी

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय घरेलू क्रिकेट सीजन 2026-27 की शुरुआत 23 अगस्त से छह जोनल टीमों वाली पुरु दलीप ट्रॉफी से होगी। वहीं अक्टूबर से शुरु होने वाली रणजी ट्रॉफी दो चरणों में खेली जाएगी।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार दलीप ट्रॉफी के बाद ईरानी कप खेला जाएगा, जिसमें मौजूदा रणजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू और कश्मीर का सामना शो भारत टीम से होगा। यह मुकाबला एक अक्तूबर से खेला जाएगा। रणजी ट्रॉफी और अंडर 23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी पिछले सीजन की तरह दो चरणों में आयोजित की जाएंगी। रणजी ट्रॉफी में 32 टीमें एलीट ग्रुप में और छह टीमें प्लेट ग्रुप में खेलेंगी। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण अक्तूबर और नवम्बर 2026 के बीच खेला जाएगा। इसके बाद जनवरी में टूर्नामेंट दोबारा शुरू होगा और फरवरी तक चलेगा। इसी बीच सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी आयोजित होंगी। महिला घरेलू सीजन की शुरुआत सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी से होगी, जो अक्तूबर और नवम्बर में खेली जाएगी। इसके बाद सीनियर विमेंस इंटर जोनल ट्रॉफी और फिर सीनियर विमेंस वनडे ट्रॉफी तथा इंटर जोनल वनडे ट्रॉफी दिसम्बर से फरवरी के बीच आयोजित होंगी। महिला आयु वर्ग के टूर्नामेंट नवम्बर से जनवरी तक चलेंगे। आगामी सीजन में एक नया टूर्नामेंट भी जोड़ा गया है। इसमें सीके नायडू ट्रॉफी विजेता टीम का मुकाबला शो भारत अंडर 23 टीम से होगा। बीसीसीआई के अनुसार इसका उद्देश्य 'उभरते अंडर 23 क्रिकेटरों को ज्यादा प्रतिस्पर्धी मंच देना' है।

# GT ने CSK को 230 रन का टारगेट दिया

## साई सुदर्शन ने खेली एक बार फिर खेली 84 रन की पारी, गिल व बटलर के भी अर्द्धशतक

■ जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई की खराब शुरूआत, 31 रन पर तीन विकेट खोए

**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 का 66वां मुक.ाबला गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जा रहा है। चेन्नई ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया है। गुजरात ने 19 ओवर के बाद एक विकेट के नुकसान पर 216 रन बना लिए हैं।

शुभमन गिल 64 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में कंबोज के ओवर में 15 रन आए, लेकिन चेन्नई ने दो अहम विकेट भी झटके। ओवर की पहली गेंद पर सुदर्शन ने शानदार छक्का जड़ा, लेकिन अगली ही गेंद पर वह बड़ा शाट खेलने के प्रयास में



लॉन्ग-ऑफ पर शार्ट को कैच थमा बैठे। सुदर्शन ने 53 गेंदों में 84 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। इसके बाद तेवतिया बिना खाता खोले रन आउट हो गए। गायकवाड ने मिड-आफ से शानदार डायरेक्ट हिट लगाकर उन्हें पवेलियन भेजा। हालांकि, इसके बाद बटलर ने लगातार दो चौके जड़कर दबाव कम किया और सिर्फ 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। बटलर ने बल्ला उठाकर दर्शकों का अभिवादन किया। ओवर खत्म होने तक गुजरात का स्कोर 19 ओवर में 216/3 पहुंच गया। 14वें ओवर में 22 रन आए। बटलर ने नूर के खिलाफ आते ही आक्रामक अंदाज अपनाया और दो शानदार छक्के जड़े। ओवर की आखिरी गेंद पर बटलर ने फुल लेंथ गेंद को काउ कार्नर के ऊपर स्टैंड में पहुंचा दिया। 12.2 ओवर में ने जानसन ने गिल को आउट कर चेन्नई को बड़ी सफलता दिलाई। गिल ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद हवा में चली गई। शिवम दुबे ने पीछे की ओर दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। इस सीजन कैचिंग में संघर्ष कर रहे दुबे के लिए यह आसान मौका नहीं था। गिल 37 गेंदों में 64 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। 11.1 ओवर में नूर की गेंद पर एक रन लेकर सुदर्शन ने अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनका लगातार पांचवां आईपीएल पचासा है। सुदर्शन ने डगआउट की ओर अंगूठा दिखाकर जश्न मनाया। उन्होंने शुरुआत धीमी की थी, लेकिन बाद में शानदार लय पकड़ते हुए तेजी से रन बनाए। नूर की गुगली गेंद को उन्होंने स्क्वायर लेग के पीछे खेलकर एक रन लिया और अपना अर्धशतक पूरा किया। गिल ने टी-20 क्रिकेट में 6000 रन पूरे कर लिए हैं। वह इस मुकाम तक सबसे कम पारियों में पहुंचने वाले बल्लेबाजों की सूची में सातवें स्थान पर हैं। गिल ने यह उपलब्धि 185 पारियों में हासिल की। इस लिस्ट में टॉप पर क्रिस गेल हैं।

### खेल विशेष

## डेव कजिन्स भारत की कंपाउंड तीरंदाजी टीम के कोच बने

**नई दिल्ली, वार्ता।** लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक्स को ध्यान में रखते हुए, भारतीय तीरंदाजी संघ ने गुरुवार को अमे.रिका के पूर्व विश्व चैंपियन डेव कजिन्स को मुख्य कंपाउंड तीरंदा.जी कोच नियुक्त किया। कंपाउंड तीरंदाजी लॉस एंजेलिस 2028 में अपना डेब्यू करेगी, जहां पहली बार मिश्रित टीम स्पर्धा आयोजित की जाएगी। डेव कजिन्स इतिहास के सबसे सम्मानित कंपाउंड तीरंदाजों में से एक हैं और एकमात्र ऐसे तीरंदाज हैं जिन्होंने हर बड़ी वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप स्पर्धा जीती है, जिसमें आउटडोर, इनडोर, फील्ड, 3डी और वर्ल्ड गेम्स शामिल हैं। कजिन्स अगले महीने तुर्की के अंताल्या में होने वाले वर्ल्ड कप स्टेज 3 से दो हफ्ते पहले भारतीय तीरंदाजी टीम में शामिल होंगे। यह 49 र्वाीय कजिन्स के लिए पहला अंतर्राष्ट्रीय कोचिग असाइनमेंट होगाद्ध उन्होंने एक कंपाउंड तीरंदाज के तौर पर दो दशकों से भी ज्यादा समय तक प्रतिस्पर्धी करियर का आनंद लिया है।

## वर्ल्ड कप से पहले नेमार को फिर चोट लगी

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** फीफा वर्ल्ड कप में ब्राजील के पहले मैच से एक महीने से भी कम समय पहले, नेमार को फिर से चोट लगने का खतरा पैदा हो गया है। 34 साल के सैंटोस के स्टार खिलाड़ी ने बुधवार को सैन लोरेंजो के खिलाफ अपनी टीम का घरेलू कोपा सुदामेरिकाना मैच नहीं खेला, क्योंकि उन्हें पिडली में चोट लगी थी। हालांकि, ब्राजीलियाई क्लब ने यह कहकर चिंताओं को दूर करने की कोशिश की कि चोट गंभीर नहीं है। सैंटोस टीम के डॉक्टर रोड्रिगो जोगैब ने कहा कि यह फॉरवर्ड खिलाड़ी 27 मई को ब्राजील के वर्ल्ड कप से पहले होने वाले पहले ट्रेनिग सेशन के लिए तैयार हो जाएगा।

## श्रीलंका ट्राई-सीरीज के लिए इंडिया ए टीम में अनुकूल रॉय शामिल

**मुंबई, वार्ता।** पुरुष चयन समिति ने श्रीलंका में होने वाली आगामी ट्राई-सीरीज के लिए इंडिया ए टीम में अनुकूल रॉय को शामिल किया है। उन्होंने हर्ा दुबे की जगह ली है, जिन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के लिए भारत की टेस्ट और वनडे टीमों में पहली बार बुलाया गया है। इस ट्राई-सीरीज में श्रीलंका ए, इंडिया ए और अफगानिस्तान ए टीमें हिस्सा लेंगी, और यह 9 जून से 21 जून, 2026 तक दाम्बुला में खेली जाएगी। ट्राई-सीरीज के लिए इंडिया ए की अपडेटेड टीम: तिलक वर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग (उप-कप्तान), आयु बडोनी, निशांत सिधु, सूर्याश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विप्रज निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज, अरशद खान, अनुकूल रॉय।

# सदर्न डर्बी में सभी निगाहें विराट कोहली पर

**हैदराबाद, वार्ता।** विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की विस्फोटक बैटिंग ताकत के बीच एक ब्लॉकबस्टर मुकाबला शुक्रवार को यहां राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में धूम मचाने के लिए तैयार है, क्योंकि आईपीएल 2026 का लीग चरण एक रोमांचक अंत की ओर बढ़ रहा है।

हालांकि दोनों टीमों ने पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है, फिर भी टॉप-टू में जगह बनाने की दौड़ में यह मुकाबला बहुत अहम है, जिससे इस सीजन के सबसे ज्यादा इंतजार वाले मैचों में से एक में और भी ज्यादा रोमांच जुड़ गया है। सभी की नजरें पूरी तरह से कोहली पर टिकी होंगी, जिन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए एक जबरदस्त सीजन खेलकर अपने पुराने रंग में वापसी की है। भारत के पूर्व कप्तान ने 13 पारियों में 54-20 की औसत और 164-74 के स्ट्राइक रेट से 542 रन बनाए हैं, और पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंचने में आरस.ीबी की शानदार बढ़त की अगुवाई की है।



सालों की अनियमितता और करीबी हार के बाद, बेंगलुरु को इस सीजन में आखिरकार सही संतुलन मिल गया लगता है, जिसमें उनकी बैटिंग और बॉलिंग दोनों यूनिट्स से योगदान मिल रहा है। आरसीबी 18 पॉइंट्स और 1-065 के बेहतरीन नेट रन रेट के साथ इस मुकाबले में उतर रही है, जिससे लीग चरण को टॉप पर खत्म करने के लिए वह पसंदीदा टीम बन गई है। पिछले मैच में पंजाब किंग्स पर 23 रनों की शानदार जीत के बाद आरसीबी के आत्मविश्वास को एक और बड़ा बढ़ावा मिला। वेंकटेश अय्यर ने 40 गेंदों में नाबाद 73 रन बनाए, जबकि कोहली ने 58 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी बेहतरीन फॉर्म जारी रखी। देवदत्त पडिक्कल के आक्रामक 45 रनों ने बेंगलुरु की बैटिंग लाइनअप की गहराई को और भी ज्यादा उजागर किया। बॉलिंग डिपार्टमेंट ने भी दबाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसकी अगुवाई अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार कर रहे हैं।

एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि यह अनुभवी तेज गेंदबाज हैदराबाद में घरेलू पसंदीदा खिलाड़ी के तौर पर नहीं, बल्कि आरसीबी के मुख्य गेंदबाज के तौर पर वापसी कर रहा है। भुवनेश्वर इस सीजन में असाधारण रहे हैं, और 13 मैचों में 24 विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। हालांकि, सनराइजर्स हैदराबाद के पास अपने दिन किसी भी विरोधी टीम को चुनौती देने के लिए काफी ताकत है। पैट कमिस की अगुवाई वाली इस टीम ने अपनी रणनीति आक्रामक बैटिंग और निडर इरादों के इर्द-गिर्द बनाई है, खासकर अपने घरेलू मैदान हैदराबाद में, जहां ज्यादा स्कोर वाले मुकाबले अब एक आम बात हो गई है। दक्षिण अफ्रीकी स्टार हेनरिक क्लासेन एसआरएच की बैटिंग की रीढ़ रहे हैं, जिन्होंने 13 मैचों में 50 से ज्यादा की औसत से 555 रन बनाए हैं। अभिोक शर्मा ने 200 से ज्यादा के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 507 रन बनाकर उनका शानदार साथ दिया है, जिससे हैदराबाद इस टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बैटिंग यूनिट में से एक बन गई है। एसआरएच ने अपने पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। ईशान किशन ने 70 रनों की संयमित पारी खेलकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि क्लासेन के 47 रनों की आक्रामक पारी ने यह सुनिश्चित किया कि हैदराबाद आसानी से लक्ष्य का पीछा कर ले। आरसीबी ने इस सीजन की शुरुआत में एसआरएच को छह विकेट से हराया था और अब वे लीग में दूसरी जीत हासिल करना चाहेंगे। हालांकि, हैदराबाद की बैटिंग के लिए अनुकूल पिच और घरेलू दर्शकों का जोरदार समर्थन शुक्रवार के इस मुकाबले को एक और हाई-स्कोरिग रोमांचक मैच बना सकता है।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया

**डर्बी, वार्ता।** एलिस कैप्सी (नाबाद 74) रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 16 गेंदें शो रहते सात विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ इंलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र 10 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गवां दिया। सोफिया डंकले (आठ) रन बनाकर आउट हुए। छठें ओवर में ब्री इलिंग ने मैया बाउचियर (पांच) को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद हीथर नाइट ने एलिस कैप्सी के साथ पारी को संभलाने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट लिए 43 रन जोड़े। 12वें ओवरम में ब्री इलिंग ने हीथर नाइट (19) को आउट किया।

# अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

**भोपाल, वार्ता।** भारतीय अंडर 18 महिला हॉकी टीम ने मध्य प्रदेश के उद्धव दास मेहता (भाई जी) सेंट्रल साई सेंटर में खेली जा रही सीरीज के चौथे और फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया की अंडर18 महिला टीम को 4-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही बढ़त बना ली, जब ऑरोरा कोवासेविच (8) ने गोल करके मेहमान टीम को आगे कर दिया। हालांकि, भारत ने तुरंत पलटवार किया और बुधवार रात पहले क्वार्टर के खत्म होने से ठीक पहले कप्तान स्वीटी कुजूर (13) ने बराबरी का गोल दाग दिया। मेजबान टीम ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी लय बनाए रखी और बढ़त बना ली, जब दिया (25) ने गोल करके हाफटाइम तक भारत



को 2-1 की बढ़त दिला दी। भारत ने दूसरे हाफ में भी अपना दबदबा बनाए रखा और तीसरे क्वार्टर में प्रियंका मिज (44) के गोल से अपनी बढ़त और बढ़ा दी। इसके बाद नौशीन नाज (50) ने फाइनल क्वार्टर में एक और गोल करके मेजबान टीम की शानदार जीत पर मुहर लगा दी। यह जीत भारतीय टीम के लिए एक कड़े मुकाबले वाली सीरीज का शानदार अंत साबित हुई, जिससे टीम को इस महीने के आखिर में जापान में शुरू होने वाले अंडर 18 एशिया कप के लिए अच्छी तैयारी करने का मौका मिला।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम गुरुवार तड़के ऑस्ट्रेलिया के पर्थ दौरे के लिए रवाना हो गई। टीम 26, 27, 29 और 30 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में मेजबान टीम के खिलाफ चार मैच खेलेगी। यह दौरा कई प्रतिस्पर्धी मैचों का अवसर प्रदान करेगा, जिससे भारतीय महिला हॉकी टीम को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ खुद को परखने का मौका मिलेगा।



ऑस्ट्रेलिया दौरे के समापन के बाद, टीम एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 के लिए न्यूजीलैंड के ऑकलैंड जाएगी, जो 15 से 21 जून तक आयोजित होने वाला है। दौरे से पहले बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में कड़े अभ्यास से गुजरने के बाद, कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी मैच एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। टीम के रवाना होने से पहले कप्तान ने कहा, पूरी टीम इस दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रही है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना, खासकर उनके घरेलू मैदान पर, हमेशा एक कठिन चुनौती होती है, और हमारी तैयारियों के इस चरण में हमें ठीक इसी तरह की चुनौती की जरूरत है, क्योंकि इस साल के अंत में महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट आने वाले हैं।

# मेरी प्राथमिकता ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हैः पैट

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैट कमिंस ने स्पट कहा है कि कम से कम अगले कुछ र्वाो तक ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट उनकी पहली प्राथमिकता होगी। यह बयान उस चर्चा के बीच आया है, जिसमें कहा जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के कुछ बड़े खिलाड़ी आईपीएल से आगे बढ़कर अन्य फेंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए राट्रीय टीम से दूरी बना सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान कमिंस पहले ही पाकिस्तान और बांग्लादेश के आगामी दौरों से बाहर रहने वाले हैं, क्योंकि उन्हें आईपीएल प्लेऑफ में हिस्सा लेना है। उन्हें अगस्त 2026 से अगस्त 2027 के बीच होने वाले 20 (संभवत: 21) टेस्ट मैचों से पहले आराम की भी जरूरत है। इसमें भारत में होने वाला बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और इंग्लैंड में होने वाला एशेज भी शामिल है। ऑस्ट्रेलिया के बड़े खिलाड़ियों की अंतर्राट्रीय क्रिकेट और बीबीएल दोनों के प्रति प्रतिबद्धता हाल के दिनों में चर्चा का विाय रही है। पांच वरिठ खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती कॉन्ट्रैक्ट प्रस्तावों से खुश नहीं थे। कमिंस भी मार्च में चर्चा के केंद्र में आ गए थे, जब उन्होंने बिजनेस ऑफ स्पोर्ट्स पॉडकास्ट पर खिलाड़ियों के बीच एक तनाव का बिदु होने की बात कही थी।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं अम्बा दत्त आर्या पुत्र श्री शेरी राम आर्या, निवासी ग्राम ल्वेशाल पो. भवाली, तहसील व जिला नैनीताल निम्नलिखित घोषणा करता है-

1. अपनी प्रॉपर्टी जिसका विवरण नीचे अनुसूची-1 में दिया गया है को लैमिनेटेड ओरिजिनल टाइटल डीड के आधार पर उत्तराखंड ग्रामीण बैंक, शाखा-भवाली, शाखा कोड-405 से ऋण लेने हेतु ऋणी के तौर पर बंधक कर रहा हूँ।
2. यदि कोई भी निम्न प्रोपर्टी पर दावा पेश करना चाहे तो वह 15 दिन के भीतर मुझे एवं उक्त बैंक शाखा में दावा दर्ज कराएँ।
3. अनुसूची 1- खेत नं. 1283 & 1286 min में दर्ज कुल रकवा 3 नाली 2 मुट्ठी भूमि जिस पर एक भवन निर्मित है जोकि ग्राम ल्वेशाल, जिला नैनीताल में स्थित है।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0 विद्युत वितरण खण्ड अल्मोड़ा**

दूरभाष : 05962-230114, फैक्स नं0 05962-233225

पत्रांक: 1535 वि0वि0ख0(अ0)/विज्ञापन प्रकाशन/2026-27 दिनांक : 21/05/2026

**ई-निविदा प्रकाशन सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा विद्युत निरीक्षक उत्तराखण्ड शासन, हल्द्वानी से पंजीकृत एवं विभागीय कार्य का अनुभव रखने वाले प्रतिष्ठित ठेकेदारों से, जो उत्तराखण्ड विद्युत सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत ए श्रेणी में पंजीकृत होने के साथ-साथ जी0एस0टी0, ई0पी0एफ0 विभाग तथा आयकर में पंजीकृत हो, निम्न विवरणानुसार कार्य सम्पादन हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। ई निविदा क्रय/जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 15/06/2026 15:00 बजे तक एवं ई निविदा (भाग-1) खुलने की आनलाईन /आफलाईन तिथि दिनांक 16/06/2026 को 14:00 बजे।

**ई-निविदा संख्या 14/2026-27** विद्युत वितरण खण्ड अल्मोड़ा के अन्तर्गत उपखण्ड द्वितीय के अधीन ओ0एण्डएम0 मद में जैती अनुभाग के अंतर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त लाईनों, पोलो एवं परिवर्तकों की मरम्मत का कार्य विकेन्द्रीकृत सामग्री की आपूर्ति सहित किया जाना। **धरोहर धनराशि 21100.00 निविदा क्रय मूल्य रू0 590.00 मात्र।**

**ई-निविदा संख्या 15/2026-27** विद्युत वितरण खण्ड अल्मोड़ा के अंतर्गत उपखण्ड द्वितीय के अधीन कैपीटल मद में जैती अनुभाग के अंतर्गत कमलेश राना के 200 कि0वा0 सोलर प्लान्ट से उत्पादित विद्युत को निकटतम एच0टी0 लाईन के माध्यम से जोडे जाने हेतु ग्रिड कनैक्टीविटी सुविधा उपलब्ध कराये जाने का कार्य विकेन्द्रीकृत सामग्री की आपूर्ति सहित किया जाना। **धरोहर धनराशि रू0 14900.00। निविदा क्रय मूल्य रू0 295.00 मात्र।**

उक्त निविदाओं की अन्य नियम व शर्ते वैबसाईट www.uktenders.gov.पद पर दिनांक 28.05.2026 से देखी जा सकती हैं। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार/निरस्त/संशोधित करने का अधिकार पूर्णतया सुरक्षित रहेगा।

"विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ"
"उपभोक्ता टौल फ्री नम्बर 18004190405 में अपनी शिकायत दर्ज करायें।'
**"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"**

**अधिशासी अभियन्ता**
**वि0वि0ख0, अल्मोड़ा।**

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0 विद्युत वितरण खण्ड अल्मोड़ा**

दूरभाष : 05962-230114, फैक्स नं0 05962-233225

पत्रांक: 1535 वि0वि0ख0(अ0)/विज्ञापन प्रकाशन/2026-27 दिनांक : 21/05/2026

**निविदा प्रकाशन सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा विद्युत निरीक्षक उत्तराखण्ड शासन, हल्द्वानी से पंजीकृत/अनुभवी/प्रतिष्ठित ठेकेदारों/से, जो उत्तराखण्ड विद्युत सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत ए श्रेणी में पंजीकृत होने के साथ-साथ जी0एस0टी0, ई0पी0एफ0 विभाग तथा आयकर में पंजीकृत हो, निम्न विवरणानुसार कार्य सम्पादन हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रथम भाग में वॉछित प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में निविदा द्वितीय भाग नहीं खोला जायेगा। दरो की वैधता के लिए रू0 10.00 का नान ज्यूडिसिएल स्टाम पेपर में प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा। निविदा दिनांक 16.06.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो सम्बन्धित निविदादाताओं द्वारा निर्धारित समय पर अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में रखे निविदा बॉक्स में डाली जायेंगी तथा उसी कार्य दिवस में 16:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि को यदि सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर नियत समय पर खोली जायेगी।

**निविदा संख्या 17/2026-27** विद्युत वितरण खण्ड अल्मोड़ा के अंतर्गत उपखण्ड द्वितीय के अधीन ओ0एण्डएम0 मद में लमगड़ा अनुभाग के अंतर्गत पौधार फिडर (पार्ट-1) में एबी0 केबल कार्य हेतु विकेन्द्रीकृत सामग्री क्रय किये जाने का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0 6000.00। निविदा कय मूल्य रू0 295.00 मात्र।**

**निविदा संख्या 18/2026-27** विद्युत वितरण खण्ड अल्मोड़ा के अंतर्गत उपखण्ड द्वितीय के अधीन ओ0एण्डएम0 मद में लमगड़ा अनुभाग के अंतर्गत बसन्तपुर फिडर (पार्ट-2) में एबी0 केबल कार्य हेतु विकेन्द्रीकृत सामग्री क्रय किये जाने का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0 6000.00। निविदा क्रय मूल्य रू0 295.00 मात्र।**

**निविदा संख्या 19/2026-27** विद्युत वितरण खण्ड अल्मोड़ा के अंतर्गत उपखण्ड द्वितीय के अधीन ओ0एण्डएम0 मद में लमगड़ा अनुभाग के अंतर्गत सहरफाटक फिडर (पार्ट-3) में एबी0 केबल कार्य हेतु विकेन्दीकृत सामग्री क्रय किये जाने का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0 6000.00। निविदा कय मूल्य रू0 295.00 मात्र।**

"विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ"
"उपभोक्ता टौल फ्री नम्बर 18004190405 में अपनी शिकायत दर्ज करायें।"
**"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"**

**अधिशासी अभियन्ता**
**वि0वि0ख0, अल्मोड़ा**

### रुड़की की नवनियुक्त पुलिस उपाधीक्षक ओशिन जोशी का चार्ज संभालते ही फरमान

# अवाम को तुरंत इंसाफ, अपराधियों पर होगा सख्त वार

**सुरेन्द्र वर्मा**

**रुड़की।** नवनियुक्त पुलिस उपाधीक्षक ओशिन जोशी ने कार्यभार संभालते ही अधीनस्थों को सख्त फरमान जारी कर दिया है कि पीडितों को तुरंत इंसाफ मिले और अपराधियों पर सख्त वार किया जाये। वहीं लंबित विवेचनाओं को भी तुरंत निस्तारण किया जाये तो आने वाले पीडितों के साथ मित्रता का व्यवहार व उन्हें तुरंत इंसाफ दिलाया जाये। वहीं सीओ ने आवाम से भी आहवान किया है कि वह नशा तस्करों पर लगाम लगाने में पुलिस का सहयोग करें तो महिला अपराध को रोकने के लिए भी पुलिस का सहयोग करें।

देहरादून निवासी वर्ष 2019 बैच की पीपीएस अधिकारी ओशिन जोशी ने कार्यभार संभालते के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत रिश्ता बनाते के लिए काम किया जायेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जो भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर कार्यालय पहुंचेगा, उसकी शिकायत का तुरंत हल कराने का ईमानदारी से प्रयास किया जाएगा। विशेष रूप से गरीब और कमजोर वर्ग को प्राथमिकता के आधार पर न्याय दिलाने का कार्य किया जाएगा। नवनियुक्त पुलिस उपाधीक्षक ओशिन जोशी ने साफ कहा कि क्षेत्र में अन्याय, अपराध और गुंडागर्दी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो व्यक्ति कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गली-मोहल्लों में बदमाशी और लोगों में भय का माहौल पैदा करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। ओशिन जोशी ने बताया कि अपराधियों तक तेजी से



पहुंचने और अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाने के लिए एक नया पोर्टल भी तैयार किया गया है। इस तकनीकी व्यवस्था के माध्यम से अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी

> ❖नशे के खिलाफ चलाया जाएगा अभियान, पोर्टल के जरिये अपराध पर किया जाएगा नियंत्रण : सीओ
>
> ❖इन्वेस्टिगेशन की बेहतर क्वालिटी व अपराध नियंत्रण के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को भी किया जाएगा दुरुस्त
>
> ❖पुलिस व आवाम के बीच बेहतर रिश्ता बनाने की कोशिश की जाएगी

जाएगी और पुलिस कार्रवाई को अधिक मजबूत बनाया जाएगा। नशा मुक्ति अभियान को लेकर भी उन्होंने गंभीरता दिखाई। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए अभियान को और तेज किया जाएगा तथा नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने को भी अपनी प्राथमिकताओं में शामिल बताया। उन्होंने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे ताकि आम नागरिकों को जाम और अव्यवस्था से राहत मिल सके। नई उपाधीक्षक के सख्त लेकिन जनहितकारी रुख से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि रुड़की में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा आम जनता को त्वरित राहत मिल सकेगी।

## शांति अवस्था भंग करने पर दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि क्षेत्र में पड़ोसियों के बीच सड़क विवाद और परिवार में बच्चों को डांटने को लेकर हुए झगड़ों के मामलों में माहौल खराब होने की आशंका को देखते हुए दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी गुलशाद उर्फ गुल्लू निवासी मुकर्रबपुर सरफराज अली निवासी कलियर का शांतिभंग में चालान किया है।

## खेत की मेढ़ काटने को लेकर किसान पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली क्षेत्र के मुकरपुर गांव में खेत की मेड़ काटने का विरोध करने पर दबंगों ने एक किसान पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। शोर सुनकर आए ग्रामीणों को देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में मुकरपुर गांव निवासी फारूख पुत्र इरफान ने बताया कि विगत 14 मई की सुबह लगभग 11 बजे वह अपने खेत पर गया था। वहां उसने देखा कि गांव के ही दूसरे पक्ष के कुछ लोग उसके खेत की मेड़ को काटकर अपने खेत मेंमिलारहेथेजब फारूख ने इस अवैध कदम का विरोध किया, तो आरोपी भड़क गए। उन्होंने एक राय होकर पहले से तैयार लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से फारूख पर हमला बोल दिया। हमले में फारूख को गंभीर चोटें आईं और उसके शरीर से तेजी से खून बहने लगा आरोप है कि इस दौरान हमलावर श्इसे जान से मार दोश चिल्लाते हुए लगातार वार करते रहेग्रामीणों को आता देख धमकी देते हुए भागे आरोपी चीख-पुकार सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे अन्य किसान और ग्रामीण तुरंत मौके की तरफ दौड़े। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख हमलावरों के हौसले पस्त हो गए और वे पीड़ित को लहूलुहान हालत में छोड़कर, जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से रफूचक्कर हो गएपुलिस ने दर्ज किया केसमामले की जानकारी देते हुए कोतवाली प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि पीड़ित फारूख की तहरीर के आधार पर मुकरपुर गांव निवासी चार नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है नामजद आरोपियों मेंशामिल हैंमोबिन पुत्र अकबरअकबर पुत्र वली मोहम्मद मुकीम पुत्र मोबिन मुनीर पुत्र मोबिन कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रुड़की के अब्दुल समद ने जामिया मिल्लिया प्रवेश परीक्षा में हासिल की छठी रैंक, परिवार में खुशी का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मंगलौर निवासी होनहार छात्र अब्दुल समद ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय की कक्षा 11 प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए छठी रैंक प्राप्त की है। समद की इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

जानकारी के अनुसार जामिया मिल्लिया इस्लामिया में कक्षा 11 की 40 सीटों के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में देशभर से करीब 23 हजार छात्रों ने भाग लिया था। कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच अब्दुल समद ने छठी रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अब्दुल समद ने कक्षा 10 की पढ़ाई मोंटफोर्ट स्कूल रुड़की से पूरी की, जहां उन्होंने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इससे पहले उन्होंने प्राथमिक शिक्षा सेंट मार्क्स स्कूल से हासिल की, जबकि कक्षा सात से दसवीं तक की पढ़ाई दिल्ली स्थित जीडी गोयनका स्कूल से की। समद ने बताया कि वह अपने दादा-दादी की तरह अधिवक्ता बनना चाहता है और आगे की पढ़ाई जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्व विद्यालय से ही करेगा। उन्होंने



कहा कि यह सफलता परिवार और शिक्षकों के सहयोग का परिणाम है। समद के पिता माजिद अली, जो पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, ने कहा कि बेटे की मेहनत और अनुशासन ने यह मुकाम दिलाया है। उन्होंने कहा कि समद बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रहा है और परिवार को उस पर गर्व है। मां सिदरा ने भी बेटे की उपलब्धि पर खुशी जताई है। वहीं समद के नाना कुंवर जावेद इकबाल ने कहा कि यह पूरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि समद ने कम उम्र में बड़ी उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।नानी अजरा जावेद ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि समद शुरू से ही मेहनती और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहा है। उन्हें विश्वास है कि वह आगे भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेगा।

## नेशनल धावक की जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**लक्सर।** तहसील क्षेत्र के एक राष्ट्रीय स्तर के धावक (एथलीट) ने गांव के ही कुछ दबंगों पर उनकी की भूमि पर अवैध कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित खिलाड़ी का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसके चलते अब उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। लक्सर कोतवाली क्षेत्र के बसेरा गांव का है। यहाँ के निवासी विजयपाल पुत्र स्वर्गीय घसीटा सिंह एक नेशनल धावक हैं और खेल जगत में कई बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करचुकेहैं पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिए पत्र में विजयपाल ने बताया कि गांव में उनकी काफी भूमि खाली पड़ी हुई है। आरोप है कि विगत 11 अप्रैल को गांव के ही कुछ रसूखदार लोगों ने उनकी इस खाली भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। जब उन्होंने इसका विरोध करते हुए स्थानीय पुलिस को तहरीर दी, तो आरोपी पक्ष और ज्यादा उग्र हो गया। घर पर आकर गाली-गलौज, मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी नहीं हुई। लगातार मिल रही धमकियों और पुलिस की निष्क्रियता से परेशान होकर राष्ट्रीय धावक विजयपाल सिंह ने अब पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) को पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और अपनी जमीन वापस दिलाने की मांग की है।

## 30 ग्राम स्मैक सहित तीन नशा तस्कर पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के तहत कोतवाली गंगनहर पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 30.37 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है।सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया पुलिस के अनुसार 20 मई 2026 को उपनिरीक्षक ब्रह्मदत्त बिजलवान, उपनिरीक्षक नवीन कुमार, हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार, कांस्टेबल देवेश और कांस्टेबल प्रीतम क्षेत्र में शांति व्यवस्था ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान पुलिस टीम ने मुर्गा फार्म तिराहे से पाडली गुर्जर की ओर जाने वाले रास्ते पर कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों में तारीक पुत्र स्वर्गीय जहांगीर, सहजान पुत्र शमशाद व बाबर पुत्र शमीम निवासी रसूलपुर थाना गंगनहर शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि तारीक के पास से 11.45 ग्राम, सहजान के पास से 9.80 ग्राम और बाबर के पास से 9.45 ग्राम स्मैक बरामद हुई। तीनों आरोपियों के खिलाफ कोतवाली गंगनहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को



गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि "ऑपरेशन प्रहार" के तहत जिलेभर में नशा तस्करों और अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है तथा ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## दो नाबालिग बहनों को पुलिस ने बरामद कर परिवार को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने घर से लापता हुई दो नाबालिग सगी बहनों को सकुशल बरामद कर लिया। बेटियों के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस लेते हुए पुलिस टीम का आभार जताया।

कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि 17 मई को मुकर्रबपुर निवासी फैजान आलम ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसकी दो नाबालिग बेटियां 16 मई को बिना बताए घर से कहीं चली गई है और वापस नहीं लौटी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने कलियर और रुड़की क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा लगातार तलाश अभियान चलाया। इसके बाद 20 मई को दोनों बहनों को कलियर दरगाह क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया गया। बाद में दोनों को जिला बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया।पूछताछ में दोनों बहनों ने बताया कि परिजनों की डांट से नाराज होकर वे घर से बिना बताए रुड़की चली गई थी और वहां से ट्रेन से मुजफ्फरनगर पहुंच गई थी। टीम में एसआई विनोद कुमार गोला,जयप्रकाश, राजेंद्र सिंह वीरवती शामिल रही।

## पुलिस ने गुम हुआ मोबाइल खोजकर युवती को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक में जायरीन की भारी भीड़ के बीच खोया मोबाइल फोन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बरामद कर युवती को सौंप दिया। मोबाइल मिलने के बाद युवती के चेहरे पर खुशी लौट आई और उसने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए उनकी कार्यशैली की सराहना की। जानकारी के अनुसार आजमगढ़ उत्तर प्रदेश निवासी युवती चांदनी 15 मई को पिरान कलियर दरगाह में जियारत के लिए पहुंची थी। इसी बीच भीड़भाड़ में उसका मोबाइल फोन कहीं गुम हो गया और उसने काफी तलाश किया लेकिन तलाश के बावजूद मोबाइल नहीं मिला। युवती ने कलियर पुलिस को शिकायत दी और अपना मोबाइल फोन तलाश करने की मांग की। पुलिस ने मोबाइल की तलाश शुरू कर दी और तकनीकी संसाधनों और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर उसकी खोजबीन शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम मोबाइल बरामद करने में सफल रही।मोबाइल मिलने की सूचना मिलने पर युवती कोतवाली पहुंची जहां पुलिस ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर मोबाइल फोन उसे सकुशल सौंप दिया। अपना खोया मोबाइल वापस पाकर युवती काफी खुश नजर आई और कलियर पुलिस की तत्परता एवं सहयोगात्मक रवैये की प्रशंसा करते हुए पूरी टीम का आभार जताया।

## लाखों रुपये खर्च के बाद भी लंढौरा में बंद पड़ी कानून की तीसरी आंख

**मांगेराम गौर**

**लंढौरा।** कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर पंचायत द्वारा लाखों रुपए खर्च कर करीब 4 साल पहले चौक चौराहों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे बंदे पड़े धूल फांक रहे हैं। हालत यह है कि कस्बा क्षेत्र में घटित घटनाओं में शिनाख्त के लिए पुलिस को सीसीटीवी फुटेज के लिए कभी दुकानों तो कभी घरों के बाहर लगे कैमरों की फुटेज के लिए भटकना पड़ता हैं।

नगर पंचायत द्वारा कस्बे में निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 5 साल पहले बीस लाख रुपए की लागत से मुख्य मार्गों चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर चालीस सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। जिस समय कैमरे लगाए थे। उस समय लोगों ने नगर पंचायत की इस पहल की सराहना की थी, मगर कैमरे लगने के एक दो माह बाद ही कानून की यह तीसरी आंख बंद हो गई जिनमें अधिकांश कैमरे तो चोरी भी हो गए हैं। आज आलम यह है कि क्षेत्र में घटित घटनाओं में अपराधियो की शिनाख्त के लिए पुलिस को सीसीटीवी फुटेज के लिए कभी दुकानों तो कभी घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के लिए भटकना पड़ता हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार पांडे कांग्रेस नेता मौहम्मद तहसीन दुकानदार हसीन हैदर, फारूक, रविकान्त धीमान, अफजाल मलिक, तौकिर, वरुण अग्रवाल आदि का कहना है कि कैमरे बंद होने के बाद से कस्बा क्षेत्र में कई घटनाएं हो चुकी हैं। कैमरे चालू होते तो घटनाओं का खुलासा हो सकता था। लोगों का कहना है कि कई बार कहने के बाद भी जनप्रतिनिधि व नगर पंचायत अधिकारी बंद पड़े कैमरों को ठीक कराने की दिशा में रुचि नहीं ले रहे हैं।

**नाम परिवर्तन**

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नं0 331994479610 में त्रुटिवश मेरा नाम हुकमा (HUKMA) गलत दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम हुकम सिंह है। जो मेरे स्थायी निवासी प्रमाण पत्र पंजी सं0 (UK26ES0100058989) व परिवार रजिस्टर में भी दर्ज है। भविष्य में मुझे हुकम सिंह पुत्र स्व. निहाला के नाम से ही जाना पहचाना, व पुकारा जाए। निवासी-बेलडी साल्हापुर पोस्ट डन्ढेडी हरिद्वार उत्तराखण्ड।

## सऊदी अरब से लौटे दंपति पर जानलेवा हमले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**लक्सर।** खानपुर पुलिस ने माननीय न्यायालय के आदेश पर सिकंदरपुर गांव में एक महिला और उसके पति के साथ बेरहमी से मारपीट करने के मामले में एक महिला सहित पांच आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार खानपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव का है। ग्राम निवासी नाथीराम पुत्र मेहर चंद ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी नाथीराम के मुताबिक, वह पूर्व में सऊदी अरब में रहकर काम करता थाघर लौटने के बाद उसने अंकिता नाम की महिला से शादी कर ली थी। हालांकि, इस शादी से उसके कुछ रिश्तेदार खुश नहीं थे, जिसके चलते उनके बीच लगातार अनबन चल रही थीआरोप है कि बीते 28 जनवरी 2026 की दोपहर करीब डेढ़ बजे जब नाथीराम अपने घर पर मौजूद था, तभी उसकी पत्नी को जान से मारने की नीयत से उसके कुछ रिश्तेदार घर में घुस आए आरोपियों ने आते ही अंकिता पर हमला बोल दिया। प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने बताया कि जब उसने अपनी पत्नी को बचाने का प्रयास किया, तो हमलावरों ने हाथ में ली हुई धातु की एक भारी छड़ (रॉड) से उस पर जानलेवा वार कर दिया इस हमले में नाथीराम की आंख, नाक, मुंह और सिर पर गंभीर चोटें आईंचीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान कृष्ण पाल और स्थानीय निवासी ललित ने बीच-बचाव किया और बमुश्किल नाथीराम व उसकी पत्नी की जान बचाई। इसके बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के बाद उन्होंने गोवर्धनपुर चौकी, खानपुर थाना और लक्सर पुलिस को मामले की लिखित सूचना दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 25 फरवरी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी पत्र भेजकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। खानपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि कोर्ट से प्राप्त तहरीर और आदेश के आधार पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पहचानदीप सिंह पुत्र जय सिंह अंकुर पुत्र दीप सिंह पंकज उर्फ छोटू पुत्र दीप सिंह कल्लू पुत्र दीप सिंहराकेश पत्नी दीपचंद सभी निवासी: बुक्कनपुर, थाना पथरी के रूप में हुई है।

### भाविप ने चलाया सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान

## छात्राओं को दी बचाव की महत्वपूर्ण जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारत विकास परिषद की ओर से गुरुवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक कर समय रहते बचाव और उपचार के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रीति वर्मा ने की, जबकि मंच संचालन अलका घनशाला ने किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. वंदना ग्रोवर का अंगवस्त्र, माला एवं प्लांटर भेंट कर स्वागत किया गया। शाखा की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में डॉ. वंदना ग्रोवर ने कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव और एचपीवी वैक्सीन के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर जागरूकता और नियमित जांच के माध्यम से इस गंभीर बीमारी से काफी हद तक बचाव संभव है। उन्होंने 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए पैप स्मियर जांच को बेहद जरूरी बताते हुए छात्राओं और अध्यापिकाओं से अपील की कि वे यह महत्वपूर्ण जानकारी अपनी माताओं और परिवार की अन्य महिलाओं तक भी पहुंचाएं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं और अध्यापिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग



लिया तथा अपने सवालों के जवाब भी प्राप्त किए। इस दौरान एडवोकेट प्रीति अग्रवाल ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक नारायण दत्त शर्मा को प्लांटर और स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम महिला संयोजिका नीलम मधोक के अथक प्रयासों से सफलतापूर्वक आयोजित हो सका।कार्यक्रम में नीलम शर्मा, सुगंध जैन, संगीता सिंह सहित विद्यालय की अध्यापिकाएं एवं मूलराज कन्या विद्यालय की छात्राएं भी मौजूद रहीं।

## कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आज जिला कांग्रेस कमेटी कैंप कार्यालय पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि आयोजित की गई तथा पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष डॉ हरविंदर सिंह ने की और संचालन ब्लॉक अध्यक्ष रिजवान अहमद ने किया।

इस अवसर पर शहर जिला अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने कहा कि राजीव गांधी सदैव अपने अच्छे कार्य के लिए याद किए जाएंगे उनके द्वारा अपने प्रधानमंत्री काल में अनेकों शानदार काम किए गए जैसे सूचना प्रौद्योगिकी ,पंचायत राज एक्ट, राम जन्मभूमि अधिग्रहण एवं पूजन ,युवाओं की आयु 18 वर्ष में मताधिकार तथा भारत के चारों तरफ विदेशी ताकतों को ना जमने जैसा कार्य उनके द्वारा किया गया जिसकी कीमत उन्होंने जान देकर गंवाई । उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान देश के लिए किया ऐसे वीर सपूत हमेशा याद रखे जाएंगे। इस अवसर पर संजय गुड्डू जिला महामंत्री वैभव



सैनी, उम्मेद गाजी, मकसूद हसन,सेवा दल अध्यक्ष सुशील कश्यप,डॉ इरशाद मीर, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष ओवेश अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष नीरज सैनी, जिला सचिव विशाल सहगल,राजकुमार,सादिक, बृजेश कुमार, युवा जिला महामंत्री अजय कुमार , प्रधान विक्रांत दहिया नूर आलम मलिक आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## आपसी सहयोग की जरूरत

देश में यह क्या हो रहा है, एक तरफ देश में आर्थिक मंदी की आशंका जताई जा रही है, और लोगों को सतर्क रहने को कहा जा रहा है। वहीं हमारे राजनेता अपनी भाषा को लेकर ही संयमित दिखाई नहीं दे रहे हैं। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तो प्रधानमंत्री मोदी और देश के गृहमंत्री अमित शाह व आरएसएस जैसे संगठन पर न सिर्फ सीधे हमला बोला, बल्कि भाजपा की सारी सीमाएं लांघ गए। बुधवार को रायबरेली में उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सभा में पीएम मोदी व अमित शाह को सीधे गद्दार कह डाला। आरएसएस को भी नहीं बख्शा। राहुल गांधी कह रहे थे कि पीएम मोदी ने हिन्दुस्तान के आर्थिक सिस्टम को बेच दिया, उन्होंने अडानी, अम्बानी को और अमेरिका को हिन्दुस्तान का आर्थिक सिस्टम पकड़ा दिया। पीएम के लिए जिस तरह की भाषा का उन्होंने इस्तेमाल किया, उसे जरा भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। इसमें कोई दोराय नहीं कि पश्चिमी एशिया का संकट विश्व के देशों के साथ-साथ भारत पर भी गंभीर प्रभाव डाल रहा है। विदेशी धरती से पीएम मोदी देशवासियों का इस ओर ध्यान दिला चुके हैं और कह चुके हैं कि आने वाला समय बेहद संकट भरा हो सकता है। यही बात राहुल गांधी भी कह रहे हैं। बल्कि दो कदम आगे जाकर, रायबरेली में उन्होंने कहा कि देश में ऐसा आर्थिक तूफान आने वाला है, जो अब तक देशवासियों ने कभी नहीं देखा होगा और इस तूफान के लिए पश्चिम एशिया संकट से ज्यादा केंद्र में बैठी मोदी सरकार की कार्यशैली को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। एक बात साफ है कि वास्तव में देश में इस समय बड़ा संकट है। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह के संकट से निपटने के लिए देश का एकजुट होना जरूरी है। ऐसे में होना तो यह चाहिए था कि सत्तापक्ष व विपक्ष इस संबंध में विचार-विमर्श कर आगे बढ़ते, लेकिन हो क्या रहा है, सत्ता पक्ष अपनी ही भाषा बोल रहा है, तो विपक्ष उससे बिल्कुल विपरीत दिशा में जाता दिखाई दे रहा है। जाहिर है, किसी बड़े संकट से इस तरह नहीं निपटा जाता और इससे जनता के बीच भ्रम की स्थिति बनती है और एक अंदेखा डर उस पर हावी होने लगता है, जो होता भी दिखाई दे रहा है। हर कोई सोच रहा है कि आखिर आने वाला वक्त कैसा होगा। जोकि स्वाभाविक भी है। इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि इस तरह के वातावरण के लिए मोदी सरकार ही जिम्मेदार है। अबकी ही बात नहीं बल्कि दस-बारह साल में जिस तरह उसका काम करने का तरीका है, उसे लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता। भले ही वह सबको साथ लेकर चलने की बात करती हो, लेकिन उसके क्रियाकलापों से ऐसा नहीं लगा कि वह विपक्ष को साथ लेकर चलना चाहती है। आर्थिक संकट का मामला कोई राजनी. तिक नहीं है और न ही वोटों के ध्रुवीकरण का मामला है। यह सीधे हमारे देश के भविष्य से जुड़ा है और बेहतर तरीका यही है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष टकराने के बजाए एक-दूसरे का सहयोग करें।

## एक जाल जिससे मुक्ति आवश्यक है

### वर्तमान शिक्षा प्रणाली




रजनीश कपूर

सभी जानते हैं कि शिक्षा को ज्ञान का दीपक माना जाता है। लेकिन आज के युग में वास्तविकता यह है कि हमारी मौजूदा शिक्षा व्यवस्था एक ऐसा जाल बन गई है जिसमें लाखों-करोड़ों युवा फंस रहे हैं। यह प्रणाली न तो सच्चे कौशल विकसित करती है और न ही नवाचार को प्रोत्साहित करती है। बल्कि यह छात्रों को एक सांचे में ढालकर औसत जीवन की ओर धकेल रही है। बदलाव की मांग अब न केवल जरूरी बल्कि अनिवार्य बन चुकी है। तो ऐसा क्या किया जाए कि देश की युवा पीढ़ी शिक्षित भी बनें और अपने पसंद के क्षेत्र में निपुण भी बनें।

सफल उद्यमियों की कहानियां गवाह हैं कि बड़ी कंपनियों के संस्थापकों ने अक्सर पारंपरिक शिक्षा के इस जाल से खुद को बचाया। उनकी सफलता का राज रट्टा मारने या परीक्षा में अंक लाने में नहीं, बल्कि व्यावहारिक सोच, जोखिम लेने की क्षमता और निरंतर सीखने में छिपा है। इसके विपरीत, हमारी शिक्षा प्रणाली अमीर और गरीब के बीच खाई को और चौड़ा कर रही है। अमीर बच्चे बेहतर संसाधनों और अतिरिक्त कोचिंग के साथ आगे बढ़ते हैं, जबकि गरीब परिवार के बच्चे सीमित अवसरों में संघर्ष करते रह जाते हैं। शिक्षा की इस व्यवस्था में रचनात्मकता को कुचला जा रहा है। उदाहरण के लिए अधिकतर कक्षाओं में बच्चों को सरल .श्य बनाने या मानकीकृत उत्तर लिखने को कहा जाता है, न कि स्वतंत्र सोच विकसित करने को। परिणामस्वरूप, वे किसी बड़े कारखाने की असेंबली लाइन से निकलने वाले उत्पादों की तरह एक जैसे बन जाते हैं। 'तारे जमीन पर' और 'थ्री इडियट्स' जैसी फिल्में भले ही सफलता से बेहतर उत्कृष्टता का संदेश देती हों, लेकिन समाज और परिवार अभी भी प्रतिशत और रैंकिंग की दौड़ में बच्चों को धकेल रहे हैं। ऐसे में जीवन को 'दौड़' बताकर तनाव बढ़ाया जा रहा है, जबकि वास्तव में हर बच्चे की अपनी गति और प्रतिभा होती है, जिस पर कोई ध्यान ही नहीं देता। तकनीकी प्रगति की तुलना करें तो स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और एआई जैसे क्षेत्रों में दुनिया तेजी से बदल रही है, लेकिन कुछ अपवादों को छोड़ कर कक्षाएं अभी भी सौ साल पुरानी शैली में चल रही हैं। बोर्ड, चॉक और रट्टा-आधारित पढ़ाई छात्रों को भविष्य के लिए तैयार नहीं कर पा रही। अल्बर्ट आइंस्टीन का प्रसिद्ध उदाहरण यहां पूरी तरह लागू होता है, मछली को पेड़ पर चढ़ने की परीक्षा देकर उसकी बुद्धिमत्ता का आकलन करना अन्याय है। हर बच्चे की प्रतिभा अलग-अलग क्षेत्र में होती है, लेकिन एक आकार-एक फिट वाली प्रणाली इसे नजरअंदाज कर देती है। उल्लेखनीय है कि इस व्यवस्था की जड़ें ब्रिटिश काल से जुड़ी हैं, जब 1835 में एक नीति बनाई गई जिसका उद्देश्य सच्चा सशक्तिकरण नहीं बल्कि आज्ञाकारी नागरिक तैयार करना था। आज भी स्कूल और कॉलेज उन पूर्वनिर्धारित भूमिकाओं के लिए ग्रेजुएट तैयार कर रहे हैं, न कि नवप्रवर्तक या नेता। ग्रेडिंग सिस्टम बुद्धिमत्ता को केवल परीक्षा अंकों तक सीमित कर देता है, जबकि संचार, समझौता कौशल और समस्या-समाधान जैसे जीवन-महत्वपूर्ण गुणों की उपेक्षा की जाती है। ऐसे में इन सब के परिणाम भयावह हैं। स्नातकों में से आधे से अधिक नौकरी के योग्य नहीं पाए जाते। कॉर्पोरेट जगत में प्रवेश के बाद संचार की कमी, सकारात्मक दृष्टिकोण की कमी और निरंतर सीखने की इच्छा की कमी उजागर हो जाती है। जर्मनी जैसी देशों में दोहरी शिक्षा प्रणाली है, जहां सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव जुड़ा होता है, लेकिन हमारे यहां छात्र स्नातक होने तक केवल किताबी ज्ञान पर ही निर्भर रहते हैं। नतीजारू अच्छे अंक लाने वाले छात्र भी बेरा. ेजगारी का शिकार हो जाते हैं। आपको याद होगा जब 2025 में राजस्थान के चपरासीध्चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 53,000 पदों की भर्ती के लिए करीब 25 लाख युवाओं ने आवेदन किया था। इनमें से लगभग 85 प्रतिशत से 90 प्रतिशत उम्मीदवार उच्च शिक्षित (ग्रेजुएट, पोस्ट-ग्रेजुएट, बीटेक और पीएचडी) थे। इस जाल का सबसे दर्दनाक पहलू मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाला प्रभाव है। नौकरी न मिलने की निराशा से हर साल हजारों छात्र आत्महत्या कर लेते हैं या गुनाह का रास्ता अपना लेते हैं। आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में दाखिला पाने की होड़ में व्यक्तिगत रुचि और क्षमता को नजरअंदाज किया जाता है, जिससे जलन और हताशा बढ़ती है। ऐसा कहना गलत नहीं होगा कि, शिक्षा डिग्री-केंद्रित हो गई है, कौशल-केंद्रित नहीं। इसलिए समय आ गया है कि हम डिग्री से कौशल की ओर मुड़ें। रट्टा मारने की बजाय अवधारणात्मक समझ, व्यावहारिक उदाहरण और समस्या-समाधान पर जोर दिया जाए। वित्तीय शिक्षा अनिवार्य हो। बच्चों को एसेट-लायबिलिटी का अंतर, मुद्रास्फीति से लड़ना, निवेश बनाम खर्च और जल्दी बचत करने का महत्व सिखाया जाए। स्कूलों में कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल मार्केटिंग और आर्थिक मामलों जैसे भविष्योन्मुखी विषयों को भी शामिल किया जाए। इसके साथ ही बिजनेस सिमुलेशन प्रोजेक्ट्स शुरू किए जाएं ताकि बच्चे नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरियां पैदा करने वाले बनें। जोखिम लेने की क्षमता विकसित करने के लिए गणना-आधारित प्रयोगों को प्रोत्साहन मिले। हमारे शिक्षक इस व्यवस्था की रीढ़ हैं, इसलिए उनका नियमित प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरणों से लैस होना और प्रदर्शन-आधारित मूल्यांकन जरूरी है। प्रेरित शिक्षक सैकड़ों जीवन बदल सकते हैं। आज के भाग-दौड़ भरे युग में मानसिक स्वास्थ्य और जीवन कौशल भी शिक्षा का हिस्सा बनें। बच्चे एक ओर गणित सीखते हैं, लेकिन तनाव प्रबंधन नहीं। समय प्रबंधन, नागरि. कता भावना, संचार कौशल सातवीं कक्षा से अनिवार्य हों। संचार की मजबूती ही समाज में सम्मान या अपमान तय करती है।शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी दिलाना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, रचनात्मकता और स्वतंत्र सोच विक. सित करना होना चाहिए। प्राचीन भारतीय गुरुकुल प्रणाली में हर छात्र की व्यक्तिगत क्षमता के अनुसार शिक्षा दी जाती थी।

## श्रीमुख से...

### घुसपैठियों का समर्थन गद्दारी



एक तरफ पूरी दुनिया भारत और प्रधानमंत्री की ओर बहुत भरोसे के साथ देखती है, वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी अपने शब्दों और भाषणों के जरिये बार-बार अपना असली स्वभाव और चरित्र दिखा रहे हैं, भारत की जनता उन्हें बार-बार नकार रही है और वह एक के बाद एक चुनाव हार रहे हैं, इसकी वजह से जो हताशा और एक तरह की कुंठा उनमें पैदा हुई है, वह उनके व्यवहार में साफ झलकती है, वह जिस तरह से अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं और प्रधानमंत्री के बारे में अपमानजनक बातें करते हैं, वह निंदनीय है, जिस तरह से कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार घुसपैठियों का समर्थन करते हैं, वह गद्दारी है।

-पीयूष गोयल
केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

## इबोला का डर : नजर रखें और सतर्क रहें

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने असाधारण तत्परता दिखाते हुए मध्य अफ्रीका में इबोला के प्रकोप को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की चिंता वाला सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया। यहां तक घ्कि उसने परंपरा के मुताबिक विशेषज्ञ पैनलिस्टों की आपातकालीन समिति की सलाह का इंतजार भी नहीं किया। इसके बावजूद, दुनिया के स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा त्वरित कार्रवाई के लिए डब्ल्यूएचओ को सराहा गया है। इसकी वजह यह है कि इस प्रकोप के लिए जिम्मेदार वर्तमान स्ट्रेन – असामान्य बंडीबुग्यो स्ट्रेन – से पैदा होने वाली कई अनिश्चितताएं हैं। इस स्ट्रेन ने अतीत में कम प्रकोप पैदा किए हैं और टीकों (जो आम जैरे स्ट्रेन के खिलाफ अत्यधिक प्रभावी हैं) तथा अन्य उपचारों जैसे आमतौर पर प्रभावी उपायों की प्रभावकारिता का वर्तमान में बंडीबुग्यो के साथ परीक्षण नहीं किया गया है। पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) और युगांडा में इबोला के नए प्रकोप की सूचना मिली है।

ऐसा कहा जाता है कि यह बीमारी छोटी है और दोनों देशों के बीच एक सीमित सीमावर्ती क्षेत्र तक ही सीमित है, लेकिन अभी भी इस बात को लेकर चिंताएं हैं कि इस क्षेत्र में चल रहे संघर्ष और विस्थापन के चलते मामले अनदेखे रह सकते हैं, जिससे यह फैल सकती है और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बाधित हो सकती है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, 16 मई, 2026 तक,




बहरहाल, डब्ल्यूएचओ ने 50 फीसदी मृत्यु दर वाली स्थिति से निपटने के लिए जोखिम से बचने का सही रास्ता अपनाया है। हालांकि उसका कहना है कि वायरल स्ट्रेन, चिकित्सा देखभाल तक पहुंच और उपचार की रफ्तार के आधार पर मृत्यु दर 25 फीसदी से 50 फीसदी के बीच हो सकती है, लेकिन इस बार बंडीबुग्यो स्ट्रेन के कारण कुछ अनिश्चितताएं सामने आई हैं। इबोला संक्रामक है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में शरीर के तरल पदार्थों और दूषित सतहों के संपर्क में आने से फैल सकता है और घातक हो सकता है। साल 2014-16 में गिनी, लाइबेरिया और सिएरा लियोन में फैले भयावह प्रकोप के परिणामस्वरूप 28,600 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए थे

डीआरसी के इटुरी प्रांत में प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए आठ मामले, 246 संदिग्ध मामले और 80 संदिग्ध मौतें दर्ज की गई हैं। युगांडा के कंपाला में प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए दो मामले (जिनमें एक मौत भी शामिल है) सामने आए हैं, जिनका आपस में कोई स्पष्ट संबंध नहीं है। डब्ल्यूएचओ ने कई कारकों –प्रारंभिक नमूनों की उच्च सकारात्मकता दर 13 नमूनों में से आठ सकारात्मक कंपाला में मामलों की पुष्टि संदिग्ध मामलों की सिंड्रोमिक रिपोर्टिंग में बढ़ते रुझान और इटुरी प्रांत में मौतों के समूह को सूचीबद्ध किया है, जो संभावित रूप से पता लगाए जा रहे प्रकोप से कहीं ज्यादा बड़े प्रकोप की ओर इशारा करते हैं।

बहरहाल, डब्ल्यूएचओ ने 50 फीसदी मृत्यु दर वाली स्थिति से निपटने के लिए जोखिम से बचने का सही रास्ता अपनाया है। हालांकि उसका कहना है कि वायरल स्ट्रेन, चिकित्सा देखभाल तक पहुंच और उपचार की रफ्तार के आधार पर मृत्यु दर 25 फीसदी से 50 फीसदी के बीच हो सकती है, लेकिन इस बार बंडीबुग्यो स्ट्रेन के कारण कुछ अनिश्चितताएं सामने आई हैं। इबोला संक्रामक है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में शरीर के तरल पदार्थों और दूषित सतहों के संपर्क में आने से फैल सकता है और घातक हो सकता है। साल 2014-16 में गिनी, लाइबेरिया और सिएरा लियोन में फैले भयावह प्रकोप के परिणामस्वरूप 28,600 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए थे और 11,325 मौतें हुई थीं। डब्ल्यूएचओ ने शुरू में ही उच्चतम स्तर की वैश्विक चेतावनी जारी करके इस संकट से निपटने में दुनिया से सहयोग का आह्वान किया है। इस चरण में प्रकोप नियंत्रण गतिविधियों में अनिवार्य रूप से रोगी और संपर्क का कारगर तरीके से पता लगाना, प्रत्येक रोगी के लिए गहन सहायता, सुरक्षित एवं सम्मानजनक अंतिम संस्कार, टीकाकरण (अगर वे कारगर हों) और आम जनता के बीच इस बीमारी के बारे में जानकारी फैलाने के लिए सामाजिक लामबंदी शामिल होनी चाहिए।

## जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता का गहराता संकट

### अंतर्राष्ट्रीय जैव विवधता दिवस पर विशेष



योगेश कुमार गोयल

मानवीय गतिविधियों के कारण पृथ्वी पर जैव विविधता पर गंभीर संकट मंडरा रहा है और जीव-जंतुओं, वनस्पतियों इत्यादि की अनेक प्रजातियां तेजी से लुप्त होती जा रही हैं। जीव-जंतु और वनस्पति ही धरती पर बेहतर और जरूरी पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं लेकिन प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। अनेक शोधों से यह चिंताजनक तथ्य सामने आ चुका है कि पृथ्वी का पारिस्थितिकी तंत्र बेहद खराब हो चुका है। मानवीय दखल से दूर रहने के कारण और स्थानीय जनजातीय लोगों की भूमिका के चलते धरती का केवल तीन प्रतिशत हिस्सा ही पारिस्थितिक रूप से सुरक्षित रह गया है। जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने तथा धरती पर मौजूद जंत. ुओं और पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को एक खास थीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का इस वर्ष का विषय है 'वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना', जो इस तथ्य को उजागर करता है कि पृथ्वी को बचाने की शुरुआत छोटे-छोटे स्थानीय प्रयासों से ही होती है। अमे. रिका की यूनिवर्सिटी आफ एरिजोना के शोधकर्ताओं का मानना है कि अगले पांच दशकों में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रत्एक तीन में से एक यानी एक तिहाई प्रजातियां विलुप्त हो जाएंगी। शोधकर्ताओं ने दुनियाभर के छह सौ स्थानों पर पांच सौ से ज्यादा प्रजातियों पर एक दशक तक अध्ययन करने के बाद पाया कि अधिकांश स्थानों पर 44 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं। इस अध्ययन में विभिन्न मौसमी कारकों का अध्ययन करने के बाद शोधकर्ताओं इस नतीजे पर पहुंचे कि यदि गर्मी ऐसे ही बढ़ती रही तो 2070 तक दुनियाभर में कई प्रजातियां खत्म हो जाएंगी। ब्रिटेन स्थित 'स्मिथसोनियन एनवायरनमेंटल रिसर्च सेंटर' के मुता. बिक विश्व के केवल 2.7 प्रतिशत हिस्से में ही अप्रभावित जैव विविधता बची है, जो बिल्कुल वैसी ही है, जैसी पांच सौ वर्ष पूर्व हुआ करती थी। इन क्षेत्रों में सदियों पहले जो पेड़-पौधे और जीव पाए जाते थे, वे प्रजातियां आज भी मौजूद हैं। जो अप्रभावित जैव विविधता वाला क्षेत्र बचा है, वह भी जिन-जिन देशों की सीमाओं के अंतर्गत आता है, उनमें से केवल 11 प्रतिशत क्षेत्र को ही संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। अप्रभावित जैव विविधता वाले क्षेत्रों में से अधिकांश इलाके उत्तरी गोलार्ध में आते हैं, जहां मानव उपस्थिति कम रही है, लेकिन अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ए जैव विविधता से समृद्ध नहीं थे। 'इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर' आइयूसीएन एक रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में वन्यजीवों और वनस्पतियों की हजारों प्रजातियां संकट में हैं और आने वाले समय में इनके विलुप्त होने की संख्या तथा दर में अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। आइयूसीएन ने करीब एक लाख पैंतीस हजार प्रजातियों का आकलन करने के बाद इनमें से सैंतीस हजार चार सौ प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर मानते हुए खतरे की सूची में शामिल किया था।





नई दिल्ली। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) द्वारा वाणिज्यिक वाहनों पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति उपकर बढ़ाने के फैसले के विरोध में बुलाई गई तीन दिवसीय हड़ताल के दौरान कतार में खड़े ऑटो-रिक्शा।

## हिजबुल्ला ने इजरायली सेना पर 24 हमलों का किया दावा

**बेरूत।** हिज्जबुल्ला ने दावा किया है कि उसने दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना के ठिकानों को निशाना बनाकर 24 सैन्य अभियान चलाए हैं। ये हमले रॉकेट, तोपखाने और ड्रोन के जरिए इजरायली सैनिकों के जमावड़े और सैन्य वाहनों को निशाना बनाकर किए गए। समूह ने एक बयान में कहा कि 20 मई, को इस्लामिक रेजिस्टेंस ने दुश्मन इजरायली सेना के खिलाफ 24 लड़ाकू ऑपरेशन किए। हिज्जबुल्ला ने कहा कि उसके लड़ाकों ने अवीविम, रमीम, रामोट नफताली और माले गोलानी जैसे इलाकों में इजरायली सैनिकों के ठिकानों और सैन्य जमावड़े को निशाना बनाया। इसके साथ ही लेबनानी सीमा पर कई बस्तियों को भी निशाना बनाया गया है। समूह ने कहा कि हमलों में ड्रोन, रॉकेट और आर्टिलरी फायर शामिल थे।

# ईरान जंग पर ट्रम्प-नेतन्याहू में मतभेद उजागर

## अमेरिकी प्रशासन डील चाहता है, इजरायल बोलाः हमला नहीं रुकना चाहिए, ऐसा किया, तो गलती होगी





■ कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे खाड़ी देशों की अपील पर यह फैसला लिया गया: ट्रम्प

**तेल अवीव/वाशिंगटन।** ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू चाहते हैं कि ईरान पर हमले जारी रहें, जबकि ट्रम्प फिलहाल बातचीत और डील को मौका देना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक फोन पर बातचीत हुई। अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा कि ईरान पर प्रस्तावित हमले रोकना गलती है और सैन्य कार्रवाई जारी रहनी चाहिए।

ट्रम्प ने नेतन्याहू को बताया था कि अमे. रिका ईरान पर नए टारगेटेड हमले की तैयारी कर रहा है। इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन स्लेजहैमर' नाम दिया जाना था, लेकिन करीब 24 घंटे बाद ट्रम्प ने घोषणा कर दी कि मंगलवार के लिए तय हमलों को फिलहाल रोक दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे खाड़ी देशों की अपील पर यह फैसला लिया गया। ज्ञात रहे कि अमेरिकी सीनेट में ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव 50. 47 से पास हुआ। पार रिपब्लिकन सांसदों ने भी ट्रम्प के खिलाफ वोट दिया, अगर कानून बना तो ईरान के खिलाफ जंग जारी रखने के लिए ट्रम्प को कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। वहीं ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान की नौसेना और वायुसेना लगभग खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अब सवाल सिर्फ यह है कि अमेरिका आगे पूरी कार्रवाई करेगा या ईरान समझौता करेगा। पिछले 24 घंटे में 26 जहाज ईरानी मंजूरी के बाद होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। इनमें तेल टैंकर और कामर्शियल जहाज शामिल थे। बताते चलें कि ईरान में इंटरनेट शटडाउन को आज 83 दिन हो गए हैं। इंटरनेट निगरानी संस्था नेटब्लाक्स के मुता. बिक देश में अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट नेटवर्क करीब 1968 घंटे से ज्यादा समय से बड़े पैमाने पर बंद हैं। रिपोर्ट के अनुसार ईरान सरकार ने 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के कुछ घंटों के भीतर ही देशभर में इंटरनेट पाबंदियां लगा दी थीं। इससे पहले जनवरी में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान भी करीब 20 दिनों तक इंटरनेट सेवाएं बाधित रही थीं। इसी बीच रूस ने कहा है कि ईरान संकट का हल सिर्फ डिप्लोमेसी और बातचीत के जरिए ही संभव है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि ईरान के हितों का सम्मान किया जाना जरूरी है। जखारोवा ने कहा कि रूस, ईरान और अमे. रिका के बीच बातचीत के जरिए जो भी समझौता होगा, उसे लागू कराने में मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी साफ कहा कि ईरान के यूरेनियम भंडार का भविष्य तय करने का अधिकार सिर्फ ईरान के पास है। इस मुद्दे पर कोई बाहरी देश फैसला नहीं कर सकता। ईरान और उसके विरोधियों के बीच जारी सीजफायर बातचीत के दौरान हालात ऐसे बन गए हैं जहां कोई भी पक्ष खुलकर युद्ध नहीं चाहता, लेकिन दोनों यह दिखाना चाहते हैं कि जरूरत पड़ने पर वे लड़ाई फिर शुरू करने के लिए तैयार हैं। किंग्स कॉलेज लंदन के लेक्चरर राब गीस्ट पिनफोल्ड के मुताबिक ईरान को लग रहा है कि लंबी बातचीत से उसकी स्थिति और मजबूत हो रही है।

# पाक के जरिये नया अमेरिकी युद्ध विराम प्रस्ताव

## समीक्षा कर रहा ईरान, अब तक तेहरान ने प्रस्ताव को लेकर कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया



■ ईरान अमेरिका के साथ अच्छी नीयत से बातचीत कर रहा है, लेकिन उसे अमेरिका पर अब भी गहरा शक है: बघाई

**तेहरान।** अमेरिका ने पश्चिम एशिया संघर्ष को स्थाई रूप से खत्म करने के लिए पाकिस्तान के जरिये नया युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। अल अरबिया की रिपोर्ट के मुता. बिक, इस मामले से जुड़े कूटनीतिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। ईरान इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है, लेकिन अब तक उसने कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया है। दोनों पक्षों के बीच मतभेद कम करने के लिए मध्यस्थ लगातार कोशिश कर रहे हैं। इसी बीच, पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ईरान यात्रा का प्लान बनाया है।

इससे पहले ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा था कि ईरान अमेरिका के साथ अच्छी नीयत से बातचीत कर रहा है, लेकिन उसे अमेरिका पर अब भी गहरा शक है। ईरान के सरकारी मीडिया प्रेस टीवी के मुताबिक, बघाई ने कहा कि ईरान को उसके 14 सूत्रीय प्रस्ताव पर अमे. रिका का जवाब मिल गया है और उसकी समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी की तेहरान यात्रा का मकसद दोनों पक्षों के बीच बातचीत को आसान बनाना है। बघाई ने कहा कि इस समय हमारी प्राथमिकता लेबनान समेत सभी मोर्चों पर युद्ध खत्म करना है। ईरान ने अपनी मुख्य मांगों में जमा फंड जारी करने, समुद्री रास्तों में कथित बाधाएं खत्म करने और ईरानी जहाजों को निशाना बनाने वाली कार्रवाइयों को रोकने की बात कही है। उन्होंने दोहराया कि तेहरान पूरी गंभीरता और अच्छी भावना के साथ बातचीत कर रहा है। लेकिन अमेरिका को भी ईमानदारी दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में वाशिंगटन का रिकार्ड बहुत खराब रहा है, इसलिए गहरे अविश्वासश वाला बातचीत का माहौल है। उन्होंने कहा, हमारी नजरें खुली हैं और हमारी सेना पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान किसी भी तरह का भरोसा जताए बिना भी बातचीत जारी रखेगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से मुलाकात की। नकवी इस सप्ताह दूसरी बार तेहरान पहुंचे और उन्होंने ईरान के गृह मंत्री तथा राष्ट्रपति से बातचीत की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने नकवी के साथ बैठक में क्षेत्रीय हालात, ईरान-अमेरिका के अप्रत्यक्ष वार्ता और कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा की। वहीं, इजरायली मीडिया संस्थान सी-14 ने दावा किया कि पाकिस्तान की शांति समझौते में दिलचस्पी उसकी आर्थिक मुश्किलों से जुड़ी है। रिपोर्ट में कहा गया कि ईरान और पाकिस्तान के बीच ऐसी समझ बनी है, जिसके तहत पाकिस्तान ईरान को बेहतर समझौता दिलाने में मदद करेगा। इसके बदले ईरान प्रतिबंधों में राहत और संभावित समझौते के बाद मिलने वाले फंड के जरिये पाकिस्तान को उसके कर्ज संकट से उबरने में मदद करेगा। पश्चिम एशिया में हालात अब भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। हालांकि कई पक्ष समझौते के जरिये तनाव कम करने की कोशिश में जुटे हैं।

## होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने के लिए जहाजों को लेनी होगी अनुमतिः ईरान

**तेहरान।** ईरान ने होर्मुज जलडमरुमध्य में अपने नियंत्रण क्षेत्र को स्पष्ट करते हुए कहा है कि इस समुद्री मार्ग से गुजरने से पहले सभी जहाजों को अनुमति लेनी होगी और समन्वय स्थापित करना होगा। 'फारस की खाड़ी जलडमरूमध्य प्राधिकरण' ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर जलडमरुमध्य में नियंत्रण क्षेत्र को स्पष्ट करते हुए कहा कि निंगरानी क्षेत्र पूर्व की ओर ईरान के कुह-ए उबारक से लेकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह के दक्षिण तक और पश्चिम की ओर ईरान के केश्म द्वीप के छोर से लेकर यूएई के उम अल कुवैन तक फैला हुआ है। प्राधिकरण ने कहा कि निर्दिष्ट क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों को फारस की खाड़ी जलमार्ग प्रबंधन प्राधिकरण के साथ समन्वय करना होगा और जलडमरूमध्य में प्रवेश करने से पहले आवाजाही कि अनुमति प्राप्त करनी होगी।

# युद्ध नहीं, सम्मानजनक कूटनीति ही बेहतर रास्ता

■ ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियन ने फिर दोहराया अपना रुख

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को स्पष्ट संदेश दिया है कि उनका देश युद्ध के बजाय कूटनीति और संवाद को प्राथमिकता देता है। सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में उन्होंने कहा कि ईरान ने हमेशा अपने सभी दायित्वों का सम्मान किया है और युद्ध से बचने के लिए हर संभव रास्ता अपनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कूटनीतिक विकल्प अभी भी खुले हुए हैं।

पेजेशकियन ने अपने संदेश में स्पष्ट किया कि किसी भी देश को बल या दबाव के जरिए झुकाने की कोशिश करना एक भ्रम है। उन्होंने कहा कि इस तरह की नीतियां लंबे समय में स्थाई समाधान नहीं दे सकतीं। उनके अनुसार, आपसी सम्मान के साथ की गई कूटनीति ही अधिक समझदारी भरा, सुरक्षित और स्थाई रास्ता है। रायटर्स ने ट्रम्प के हवाले से कहा, सब कुछ खत्म हो गया है। उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है। लगभग सब कुछ। अब बस एक ही सवाल है, क्या हम जाकर इसे खत्म कर दें? क्या वे किसी दस्तावेज पर दस्तखत करने वाले हैं? चलिए देखते हैं क्या होता है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात. चीत के दौरान ट्रम्प ने कहा कि वह क्षेत्र में बड़े युद्ध की बजाय सीमित स्तर पर तनाव या हिंसा को बेहतर मानते हैं। उन्होंने कहा, आदर्श रूप से मैं यह देखना चाह. ूंगा कि बहुत ज्यादा लोगों की बजाय कम लोगों की जान जाए। हम इसे किसी दूसरे तरीके से भी कर सकते हैं, लेकिन मैं कम नुकसान देखना चाहूंगा। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान में खराब आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों के कारण लोगों के बीच गुस्सा बढ़ रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान के साथ एक सीमित समझौते का मतलब लंबे समय के संघर्षविराम से है, जिसके तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत खोलना होगा। ट्रम्प ने कहा कि हम इसे एक मौका देने जा रहे हैं। मुझे कोई जल्दबाजी नहीं है।

## दक्षिण कोरिया में भारतीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दक्षिण कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री क्वोन ओह-यूल ने गुरुवार को सियोल स्थित इमजिगाक पार्क में भारतीय युद्ध स्मारक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। सिंह दो दिन की दक्षिण कोरिया की यात्रा पर हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मृति कार्यक्रमों के अंतर्गत निर्मित यह स्मारक भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस और कस्टोडियन फोर्स ऑफ इंडिया द्वारा युद्ध के दौरान प्रदर्शित साहस, बलिदान और मानवीय सेवा को समर्पित है। दोनों मंत्रियों ने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया और उन वीर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी, जिनकी सेवा को कोरिया की जनता आज भी बहुत सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद करती है। रक्षा मंत्री ने कोरियाई प्रायद्वीप में शांति और मानवीय सहायता के लिए भारत के योगदान की स्थाई विरासत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का साझा इतिहास और बलिदान भारत-कोरिया गणराज्य विशेष सामरिक साझेदारी की मजबूत नींव बने हुए हैं।

## इबोला संकटः भारत-अफ्रीकी संघ शिखर सम्मेलन टला

■ अफ्रीका के कुछ हिस्सों में बदलती स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए सम्मेलन को फिलहाल टालने का फैसला लिया: सरकार

**नई दिल्ली।** अफ्रीका के कई हिस्सों में इबोला वायरस के मामलों के बीच भारत और अफ्रीकी संघ ने नई दिल्ली में होने वाला इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट स्थगित कर दिया है।

यह सम्मेलन 28 मई से आयोजित होना था। भारत सरकार ने बयान जारी कर कहा कि अफ्रीका के कुछ हिस्सों में बदलती स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए सम्मेलन को फिलहाल टालने का फैसला लिया गया है। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ कांगो के साउथ किवु प्रांत समेत अफ्रीका के कई इलाकों में इबोला वायरस के मामले सामने आए हैं। भारत और अफ्रीकी संघ चौथे इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट की तैयारियों में जुटे थे। हालांकि हालात की समीक्षा के बाद दोनों पक्षों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों और प्रतिक्रिया क्षमता मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया। सरकार ने कहा कि सम्मेलन की नई तारीख आपसी परामर्श के बाद तय की जाएगी। यह फैसला भारत और अफ्रीकी संघ आयोग के चेयरपर्सन के बीच हुई बातचीत के बाद लिया गया। दोनों पक्षों ने सहमति जताई कि मौजूदा परिस्थितियों में सम्मेलन बाद में आयोजित करना उचित रहेगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मध्य अफ्रीका के कुछ हिस्सों में फैले इबोला प्रकोप को अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित किया है।

# ईरान-अमेरिका वार्ता में उभरा नया ताकतवर चेहरा

## ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अहमद वाहिदी समझौते और युद्ध पर रणनीति तय करने वाले अहम नेताओं में शामिल

■ अहमद वहीदी लंबे समय से ईरान की सुरक्षा और सैन्य रणनीति का अहम चेहरा रहे हैं



**तेहरान।** अमेरिका के साथ जारी युद्धविराम और परमाणु वार्ता के बीच ईरान में एक कट्टरपंथी सैन्य चेहरे का प्रभाव तेजी से बढ़ता दिख रहा है। ईरान की रिवोल्यूशन. री गार्ड के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अहमद वाहिदी अब अमेरिका के साथ संभावित समझौते और युद्ध खत्म करने को लेकर रणनीति तय करने वाले सबसे अहम नेताओं में शामिल माने जा रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, वहीदी उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जो ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के सीधे संपर्क में हैं। बताया जा रहा है कि फरवरी में इजरायली हमलों में घायल होने के बाद खामेनेई सार्वजनिक जीवन से दूर हैं। ऐसे में ईरान की सत्ता के भीतर प्रभाव और नियंत्रण को लेकर खींचतान तेज हो गई है। अहमद वहीदी लंबे समय से ईरान की सुरक्षा और सैन्य रणनीति का अहम चेहरा रहे हैं। युद्ध शुरू होने से कुछ हफ्ते पहले तक वह सार्वजनिक तौर पर नजर नहीं आए थे। हालांकि गुरुवार को ईरानी अखबारों में उनकी तस्वीरें सामने आईं, जिनमें वह तेहरान में पाकिस्तान के गृह मंत्री से मुलाकात करते दिखे। बताया गया कि पाकिस्तान की ओर से अमेरिका के साथ वार्ता को लेकर संदेश पहुंचाया गया था। वहीदी पर वर्षों से कई बड़े आतंकी हमलों में शामिल होने के आरोप लगते रहे हैं। उन पर 1994 में अर्जेंटीना के यहूदी सामुदायिक केंद्र पर हुए बम धमाके में भूमिका निभाने का आरोप है, जिसमें 85 लोगों की मौत और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इसके अलावा 1996 में सऊदी अरब के खोबर टावर्स पर हुए हमले में भी उनका नाम जोड़ा गया, जिसमें 19 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। हालांकि ईरान ने इन सभी आरोपों से इनकार किया है। इस साल युद्ध के शुरुआती दौर में अपने पूर्ववर्ती की मौत के बाद वहीदी को रिवोल्यूशन. री गार्ड की कमान सौंपी गई थी। अब वह ईरान की सबसे ताकतवर सैन्य ताकत का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसके पास बैलिस्टिक मिसाइलों का बड़ा जखीरा और फारस की खाड़ी में सक्रिय नौसैनिक क्षमता है। विश्लेषकों का मानना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर दबाव बनाने और वैश्विक तेल आपूर्ति को प्रभावित करने की रणनीति में वहीदी की अहम भूमिका है। वाशिंगटन स्थित इंस्टीटयूट फार द स्टडी आफ वार का कहना है कि वहीदी और उनके करीबी लोगों ने न सिर्फ युद्ध से जुड़ी सैन्य रणनीति बल्कि अमेरिका के साथ वार्ता की नीति पर भी नियंत्रण मजबूत कर लिया है।

## कैरेबियन सागर पहुंचा यूएसएस निमित्ज

■ अमेरिका और क्यूबा के बीच बढ़ते तनाव ने अब सैन्य मोर्चे पर भी हलचल बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका और क्यूबा के बीच बढ़ते तनाव ने अब सैन्य मोर्चे पर भी हलचल बढ़ा दी है। अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस निमित्ज अपने स्ट्राइक ग्रुप के साथ कैरेबियन सागर में पहुंच गया है। यह जानकारी श्द हिलश की एक रिपोर्ट में सामने आई है। यह तैनाती ऐसे समय में हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्यूबा के प्रति अपनी बयानबाजी तेज कर दी है और इस द्वीपीय राष्ट्र के खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस तैनाती का उद्देश्य क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति को मजबूत करना है। अमेरिकी नौसेना के इस शक्तिशाली स्ट्राइक ग्रुप में एफ/ए-18ई सुपर हार्नेट लड़ाकू विमान, ईए-18जी ग्रोवलर इलेक्ट्रानिक युद्धक विमान और सी-2 ग्रेहाउंड सपोर्ट एयरक्राफ्ट शामिल हैं। इसके साथ यूएसएस ग्रिडली विध्वंसक युद्धपोत और पटक्सेंट ईंधन आपूर्ति पोत भी मौजूद हैं। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यूएसएस निमित्ज ने ताइवान जलडमरूमध्य से लेकर अरब की खाड़ी तक, स्थिरता सुनिश्चित करते हुए और लोकतंत्र की रक्षा करते हुए दुनिया भर में अपनी युद्ध क्षमता साबित की है। 1975 में कमीशन किए गए इस एयरक्राफ्ट कैरियर ने हाल ही में रियो डी जनेरियो के तट पर ब्राजील की नौसेना के साथ संयुक्त नौसैनिक अभ्यास में भाग लिया था।

# सिर्फ जन्मजात अमेरिकी नागरिक ही संभालें सत्ता

## रिपब्लिकन सांसद नैन्सी मेस ने संवैधानिक संशोधन प्रस्ताव पेश किया



■ मेस ने अपने पोस्ट में डेमोक्रेटिक सांसदों इल्हान उमर प्रमिला जयपाल और थानेदार की तस्वीरें भी साझा कीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका में प्राकृतिक रूप से नागरिकता हासिल करने वाले लोगों के अधिकारों को लेकर नई बहस छिड़ गई है। रिपब्लिकन सांसद नैन्सी मेस ने एक संवैधानिक संशोधन प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें प्राकृतिक रूप से अमेरिकी नागरिक बने लोगों को कांग्रेस सदस्य, संघीय न्यायाधीश और सीनेट की पुष्टि वाले महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त होने से रोकने की मांग की गई है।

इस प्रस्ताव को लेकर डेमोक्रेटिक नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और इसे नस्लवादी, घृणित और विदेशी मूल के लोगों के खिलाफ बताया है। प्राकृतिक रूप से नागरिकता का मतलब है कि कोई व्यक्ति जन्म से उस देश का नागरिक न हो, लेकिन बाद में कानूनी प्रक्रिया पूरी करके उस देश की नागरिकता हासिल कर ले। साउथ कैरोलिना की सांसद मेस ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि उन्होंने लंबे समय से लंबित संवैधानिक संशोधन पेश किया है। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति बनने के लिए पहले से ही नेचुरल बार्न सिटिजन यानी जन्म से अमेरिकी नागरिक होना जरूरी है, इसलिए यही नियम कांग्रेस, संघीय अदालतों और सीनेट से मंजूर होने वाले पदों पर भी लागू होना चाहिए। मेस ने अपने पोस्ट में डेमोक्रेटिक सांसदों इल्हान उमर, प्रमिला जयपाल और थानेदार की तस्वीरें भी साझा कीं। इनमें उमर सोमा. लियाई मूल की अमेरिकी हैं, जबकि जयपाल और थानेदार भारतीय मूल के नेता हैं। मेस ने अपने बयान में कहा कि अमेरिका के कानून लिखने वाले, न्यायाधीशों की पुष्टि करने वाले और दुनिया के सामने अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों की निष्ठा सिर्फ अमेरिका के प्रति होनी चाहिए, किसी दूसरे देश के प्रति नहीं। उन्होंने खास तौर पर इल्हान उमर का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ नेताओं की वफादारी अमेरिका से बाहर दिखाई देती है। हालांकि, इस प्रस्ताव का असर केवल डेमोक्रेट्स तक सीमित नहीं रहेगा। अमेरिका की कांग्रेस में ऐसे 26 सदस्य हैं जो विदेश में जन्मे हैं, जिनमें कुछ रिपब्लिकन सांसद भी शामिल हैं। डेमोक्रेटिक सांसदों ने इस प्रस्ताव की कड़ी आलोचना की। भारतीय मूल की सांसद प्रमिला जयपाल ने इसे संकीर्ण सोच, विदेशी विरोधी मानसिकता और अमेरिका के इतिहास का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक नस्लवाद से प्रेरित है और कांग्रेस में इसकी कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

# ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ चीन-रूस मुखर

■ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की वर्चस्ववादी नीतियों की कड़ी निंदा की

**बीजिंग।** चीन-रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की वर्चस्ववादी नीतियों की कड़ी निंदा की है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की शिखर वार्ता के बाद जारी साझा बयान में दोनों देशों ने खुद को बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था यानी ऐसी दुनिया के समर्थक के रूप में पेश किया, जहां किसी एक देश का दबदबा न हो।

जिनपिंग ने बिना अमेरिका का नाम लिए कहा कि दुनिया में एकाधिकार और वर्चस्ववादी प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं। दोनों देशों को मिलकर एकतरफा दादागिरी का विरोध करना चाहिए और अधिक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की रक्षा करनी चाहिए। चीनी समकक्ष की इस बात को पुतिन ने रूस-चीन संबंधों के लिए अभूतपूर्व बताया। साथ ही कहा कि एक बहुकेंद्रित दुनिया बनाने की जटिल प्रक्रिया आकार ले रही है और रूस-चीन साझेदारी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में स्थिरता का बड़ा आधार है। पुतिन-जिनपिंग ने बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाने पर एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। बीजिंग में पुतिन के ग्रेट हाल ऑफ द पीपल में औपचारिक स्वागत के बाद उन्होंने कहा कि एकतरफा सैन्य कार्रवाई और लंबे समय तक चलने वाला युद्ध दुनिया को ऐसे दौर में ले जा सकता है, जहां अंतर्राष्ट्रीय नियम कमजोर पड़ जाएं।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108